सुप्रभात
रांची, गुरुवार
25.01.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 193



12 राहुल गांधी के खिलाफ जांच करेगी सीआइडी

न्यूज डायरी

### झारखंड के 55 जवानों को मिलेगा सेवा पदक

**रांची।** गृह मंत्रालय ने झारखंड के 55 पुलिसकर्मियों को गणतंत्र दिवस पर सेवा पदक देने की घोषणा की है। दो पुलिसकर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक, 23 को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक, 23 को वीरता के लिए पुलिस पदक, 5 को असाधारण आसूचना कुशलता पदक, 2 पुलिसकर्मियों को अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक दिया जायेगा।

### ज्ञानवापी : एएसआइ की रिपोर्ट सार्वजनिक होगी

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद की तीन महीने तक चली एएसआइ की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक की जायेगी। वाराणसी जिला जज की अदालत ने बुधवार को इस बारे में आदेश देते हुए कहा कि रिपोर्ट की कापी हिन्दू और मुस्लिम दोनों पक्षों को मिलेगी।

### मंत्री अभी अयोध्या जाने से परहेज करें : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने सभी मंत्रियों को सुझाव दिया कि भारी भीड़ में प्रोटोकॉल वाले वीआइपी की वजह से जनता परेशान होगी। ऐसे में अभी अयोध्या जाने से बचें। मार्च में रामलला के दर्शन की योजना बनायें।

### पलामू में घर में घुसकर युवक को मारी गोली

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद मे एक घर में घुसकर अपराधियों ने युवक को गोली मार दी। हालत गंभीर है। पुलिस ने एक अपराधी को पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार विवेक सिंह एवं दीपक सिंह गौतम सिंह के घर आये थे। इसी क्रम में विवेक ने गौतम सिंह को गोली मार दी।

## कर्पूरी ठाकुर को जन्म-शताब्दी पर राष्ट्र ने दी श्रद्धांजलि
# पीएम ने पुत्र रामनाथ ठाकुर से की बात, सपरिवार दिल्ली बुलाया

**एजेंसी**



नयी दिल्ली, पटना। पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं तथा संगठनों ने सामाजिक न्याय और समता के पुरोधा, बिहार के पूर्व सीएम दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को उनकी जन्म-शताब्दी पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनके योगदान को याद किया है। इस मौके पर पीएम मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, हमारी सरकार को कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कर्पूरी ठाकुर पुत्र एवं जदयू सांसद रामनाथ ठाकुर से फोन पर बात कर उन्हें सपरिवार अपने दिल्ली आवास पर आने का निमंत्रण भी दिया है। इस दौरान परिवार वालों ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने पर बधाई दी। जानकारी के अनुसार रामनाथ ठाकुर से बात करते हुए पीएम ने कपूर्री ठाकुर को याद करते हुए कहा, मैं खुद एक पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति हूं और उनके योगदान को समझ सकता हूं। कपूर्री ठाकुर की सामाजिक न्याय की राजनीति से देश के करोड़ों लोगों के जीवन में सुधार हुआ था। रामनाथ ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पीएम मोदी से हमारी फोन पर बात हुई। मैंने सभी वंचित, पीड़ित और शोषित की ओर से कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने के फैसले पर केन्द्र सरकार को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि पीएम ने ने उन्हें 26 जनवरी के बाद दिल्ली अपने आवास पर उन्हें बुलाया है। भारत रत्न देने के फैसले पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने भी पीएम मोदी को धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने दिवंगत ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्वभारत रत्न से सम्मानित करने की मंगलवार को घोषणा की। पीएम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं जननायक कपूर्री ठाकुर जी को उनकी जन्म-शताब्दी पर नमन करता हूं।

# राज्यकर्मियों को 60 लाख रु. तक मिलेगा होम लोन
## जेपीएससी अभ्यर्थियों को उम्रसीमा में छूट समेत 25 प्रस्ताव मंजूर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक में फैसला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य कर्मियों को 60 लाख तक का होम लोन, जेपीएससी संयुक्त असैनिक परीक्षा-2023 में अभ्यर्थियों को उम्रसीमा में 7 साल का रिलेक्सेशन समेत झारखंड कैबिनेट ने मंगलवार को अपनी बैठक में 25 प्रस्तावों को मंजूरी दी। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक के फैसलों की जानकारीदेते हुए कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि 50 वर्ष से अधिक वालों को पेंशन दिया जायेगा। राज्य के 50 वर्ष और उससे उपर के एसटी-एससी और 50 वर्ष की सभी महिलाओं को वृद्धा पेंशन की स्वीकृति दी गयी। इससे करीब 16 लाख की आबादी लाभान्वित होगी। वहीं समेकित बाल विकास परियोजना अंतर्गत निविदा पर कार्यरत सभी कर्मियों के वेतन भुगतान अब राज्य सरकार खुद करेगी। इसके साथ ही 140 मवि को हाई स्कूल बनाने और योगेंद्र प्रसाद को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाने को भी मंजूरी मिल गयी। कैबिनेट सचिव ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले होम लोन 30 लाख से बढ़ाकर 60 लाख रुपये तक करने की मंजूरी दी गयी। यह लोन 7.5 फीसदी ब्याज दर पर दिया जायेगा। वहीं, लोन के अगेंष्ट संपत्ति बंधक रखने की अनिवार्यता भी समाप्त होगी। जल्द ही इस पर कैबिनेट की मुहर लग जायेगी। उन्होंने बताया कि जेपीएससी संयुक्त असैनिक परीक्षा-2023 में लगभग 7 साल का रिलेक्सेशन दिया जायेगा। बैठक में जेपीएससी की अगामी संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के कट ऑफ डेट को बढ़ाने पर मंजूरी मिल सकती है। कार्मिक विभाग द्वारा कट ऑफ डेट को एक अगस्त 2021 करने क प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन छात्र हित में इसमें बदलाव किया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

# राज्य हर क्षेत्र में मजबूत बने, यही लक्ष्य: सीएम
## अजीम प्रेमजी का प्रोजेक्ट विकास में मील का पत्थर साबित होगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य वासियों को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से मजबूत करना, झारखंड का सर्वांगीण विकास ही उनकी सरकार का लक्ष्य है। सरकार ने राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बदलने का पूरा प्रयास किया है। सीएम बुधवार को इटकी में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और स्कूल के निर्माण कार्य के शुभारंभ समारोह में बोल रहे थे। सीएम ने कहा कि अजीम-प्रेमजी का यह फाउंडेशन झारखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। सीएम ने विश्व स्तरीय अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और स्कूल निर्माण का शुभारंभ किया। सीएम ने कहा फाउंडेशन इटकी में विश्व स्तरीय अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, 500 शैया वाला मेडिकल कॉलेज तथा स्कूल का निर्माण करेगा। इटकी में संस्थान द्वारा 5 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। आने वाले समय में इटकी का देश में अलग पहचान होगा। वर्ष 2026 तक अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय एवं स्कूल में पठन-पाठन का काम शुरू होगा। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की रोशनी दूर तलक पहुंचेगी। (शेष पेज 11 पर)

# मान और ममता ने अकेले लड़ने की घोषणा की
### इंडी गठबंधन को झटका

**एजेंसी**




**कोलकाता, चंडीगढ़।** पंजाव के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि उनकी आम आदमी पार्टी (आप) आगामी लोकसभा चुनाव में पंजाब में कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने दावा किया कि आप सभी 13 सीट पर जीत दर्ज करेगी। वहीं मान से पहले बुधवार को ही पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने भी ऐलान किया कि उनकी पार्टी संसदीय चुनाव में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करेगी। टीएमसी और आप की घोषणा से इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा। एनडीए को मात देने के लिए जितनी तेजी से इंडिया गठबंधन बना था, अब उतनी ही तेजी से उसके घटक दल बिखरते से नजर आ रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि कांग्रेस ने उनकी बात नहीं मानी, इसलिए उनकी पार्टी ने राज्य में अकेले ही चुनाव लड़ने का निर्णय किया है। साथ ही कहा कि उनकी पार्टी अकेले ही भाजपा को हरा सकती है। उन्होंने कहा टीएमसी से कांग्रेस ने कोई चर्चा नहीं की। मैंने हमेशा से कहा है कि बंगाल में हम अकेले चुनाव लड़ेंगे। (शेष पेज 11 पर)






# राज्य के सर्वांगीण विकास को सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत

## 5000 स्कूलों को बनाया जायेगा उत्कृष्ट विद्यालय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री ने कहा कि गठन के बाद से हमारी सरकार ने झारखंड के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। हमारी सरकार ने राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बदलने का पूरा प्रयास किया है। आज हम राज्य में प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में परिवर्तित कर रहे हैं। आने वाले दिनों में राज्य के 5000 स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय बनाया जायेगा। सीएम बुधवार को इटकी के टीबी सेनेटोरियम मैदान पर आयोजित विश्वस्तरीय अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और स्कूल निर्माण के शुभारम्भ कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, अपर मुख्य सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव राहुल पुरवार, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहर सहित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

**बेटियों की पढ़ाई पर पूरा ध्यान :** मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से कहा कि अब आप बेटे और बेटी में कोई फर्क न करें। बेटियों को अधिक से अधिक पढ़ने का मौका दें। बेटियों की पढ़ाई में राज्य सरकार आपकी पूरी मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अब राज्य में सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के रास्ते को ढूंढते हुये कई महत्वपूर्ण और कल्याणकारी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के समय राज्यवासियों एवं प्रवासी मजदूरों को राहत दी गयी। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के दौरान राज्य सरकार एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहर के बीच समन्वय स्थापित हुआ। वर्ष 2021 से अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज एवं स्कूल की स्थापना को लेकर हम लोगों ने एक कार्य योजना तैयार की।


सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोण्डवाना प्लेस, कांके रोड, रांची-834031, झारखण्ड, इंडिया

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।

कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Email-jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

झुमरी तिलैया नगर परिषद् **गणतंत्र दिवस** के अवसर पर सभी नगर वासियों को हार्दिक बधाई देते हुए यह अपील करती है कि भारत के संविधान तथा सरकार के द्वारा लागू किये गये नियमों का अनुपालन करें एवं यह सुनिश्चित करें कि :-

- यदि आपके द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठान का संचालन किया जा रहा है तो क्या आपने झारखंड नगरपालिका व्यापार अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) विनियमावली, 2017 के तहत ट्रेड लाइसेंस लिया है?
- क्या आपने झारखंड नगरपालिका संपत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) (संशोधन) नियमावली, 2022 के तहत घृति कर (होल्डिंग टैक्स) का भुगतान किया है?
- यदि आपके द्वारा धर्मशाला, विवाह भवन/ बैंक्वेट हॉल, लॉज, हॉस्टल का संचालन किया जा रहा है तो क्या आपके झारखंड शहरी क्षेत्र 'धर्मशाला, विवाह भवन/ बैंक्वेट हॉल, लॉज एवं हॉस्टल निर्माण और अनुज्ञप्ति नियमावली, 2013'' के तहत अनुज्ञप्ति (Licence)लिया है?

ह0/- प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्
ज्ञापांक : 123 दिनांक 18.01.24

Form No. 17
[See Regulation 35(1)]

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI
5th Floor, Pragati Sadan, RRDA Building, Kutchery Chowk, Ranchi-834001

RC/142/2022
NOTICE TO SHOW CAUSE WHY WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED
[under Rule 73 Of The Second Schedule To The Income Tax Act, 1961 Read With Section. 29 Of The Recovery Of Debts & Bankruptcy Act. 1993]

BANK OF INDIA
Versus
MANOJ

To,
(**CD1**) MANOJ
BONGA PO BARIATH, PS ICHAK - 825302
Also at :
Village - Hawai Adda, P.O. Nagwan, P.S. - Sadar,
District - Hazaribagh -825402.

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/654/2019** drawn up by the Presiding Officer. DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 2005001.00 (Rupees Twenty Lakhs Five Thousand One Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **08/03/2024** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **05.12.2023.**

Seal of Tribunal
Sd/-
Recovery Officer

BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI
5th Floor, Pragati Sadan (RRDA Building), Kutchery Chowk,Ranchi-834001

O.A. No. 186 of 2022

BETWEEN
BANK OF INDIA, BARKAGAON BR., HAZARIBAGH ........... **APPLICANT BANK**
VS.
INDERANATH MAHTO & OTHERS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR NO | DEFENDANTS | ADDRESS |
|---|---|---|
| 1. | INDRANATH MAHTO S/O LATE BEDI MAHTO | R/O VILLAGE-SHIVADIH, P.O. - SANDH, P.S. -BARKAGAON, DIST- HAZARIBAGH 825311, JHARKHAND |
| 2. | SUKHDEO PRASAD S/O LATE JITAN MAHTO | |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of Rs. 39,19,986.00/- **(Rupees Thirty Nine Lakhs Nineteen Thousand Nine Hundred Eighty Six Only) together with current and future interest, cost for other eliefs.** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar** is on **12th day of March, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the reliefs prayed for should not be granted and to file show - cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **10th day of Jan, 2024.**

Sd/-
D.K. Mahato
Registrar


## स्पेशल ब्रांच आइजी प्रभात कुमार, डीआइजी अनूप बिरथरे समेत 55 पुलिस पदाधिकारी को मिलेगा सम्मान

# शहीद छह जवानों को मिलेगा वीरता पदक

### गृह मंत्रालय ने 55 पुलिसकर्मियों को गणतंत्र दिवस पर सेवा पदक देने की घोषणा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गृह मंत्रालय ने झारखंड के 55 पुलिसकर्मियों को गणतंत्र दिवस पर सेवा पदक देने की घोषणा की है। दो पुलिसकर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक, 23 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक, 23 पुलिसकर्मियों को वीरता के लिए पुलिस पदक, 5 पुलिसकर्मियों को असाधारण आसूचना कुशलता पदक, 2 पुलिसकर्मियों को अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक दिया जायेगा।





आइपीएस अधिकारी पलामू के तत्कालीन एडिशनल एसपी के. विजय शंकर को वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जगुआर के शहीद 6 जवान कुंदन कुमार, परमानंद चौधरी, अजय कुजूर, देव कुमार महतो, अजीत औड़ेया, रमकंडा, और कृष्ण प्रसाद नियोपाने को मरनोपरांत वीरता के लिए पुलिस पदक दिया जाएगा।

**अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक :** रांची जिला बल की एसआइ रूपा बाखला और डीएसपी जय प्रकाश नारायण चौधरी को दिया जायेगा।

**असाधारण आसूचना कुशलता पदक :** आइपीएस प्रभात कुमार, रांची रेंज के डीआइजी अनुप बिरथरे, स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, एसआईबी के इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी और एसआइबी के आरक्षी मुकेश कुमार सिंह को दिया जायेगा।

गौरतलब हो कि जून 2018 में भंडरिया थाना क्षेत्र में बूढ़ापहाड़ से लगे खपरीमहुआ गांव के पास नक्सलियों द्वारा किये गये सीरियल बम ब्लास्ट में जगुआर के छह जवान शहीद हो गये थे।

**सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक :** स्पेशल ब्रांच के डीएसपी अरविंद कुमार, जमशेदपुर सीसीआर के डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता, वायरलेस हेटक्वाटर में टेक्निकल इंस्पेक्टर विमलकांत कुमार, एटीएस में तैनात एसआई साकिर अंसारी, एटीएस में तैनात एएसआई जेम्स टोप्पो, चाईबासा में तैनात एएसआई रजनीश कुमार, एसटीएफ में तैनात हवलदार मुकरू सुंडी, एटीएस में तैनात हवलदार बलराम बहादुर राणा, जैप-7 के हवलदार सुभाष धोबी, एटीएस के सिपाही मंगल गुरुंग, जैप-1 के सिपाही लालू लामा, जगुआर इंस्पेक्टर शंकर कामती, संचार एवं तकनीकी सेवा में तैनात इंस्पेक्टर राजीव कमल, चाईबासा जिला बल एसआई तुफैल खान, जैप-10 एसआई गुरुदेव ढाकुर जगुआर के एसआई सिंहराज तमांग, रांची जिला बल के मो अरशद खां, चाईबासा जिला बल के एएसआई बसंत कुमार पासवान, जगुआर के एसआई रंजीत कुमार, जैप-6 के हवलदार बच्चन कुमार सिंह, जगुआर के हवलदार अमित कुमार, जैप-10 के महिला हवलदार प्रभात केरकेट्टा और जगुआर के हवलदार संजय गोराई है।

**वीरता के लिए पुलिस पदक :** एसटीएफ के शहीद आरक्षी कृष्ण प्रसाद न्यौपाने, परमानंद चौधरी, अजीत औरैया, कुंदन कुमार सिंह, देव कुमार महतो, अजय कुजूर, चतरा जिला बल के एसआई सुशील टुडू, आईपीएस के विजयशंकर, पलामू जिला बल एसआई प्रभात रंजन राय, आरक्षी छोटेलाल कुमार, दुमका जिला बल एसआई फागू होरो रामगढ़ जिला बल के इंस्पेक्टर लिलेश्वर महतो, एसआई रामेश्वर भगत, लातेहार के तत्कालीन एएसपी अभियान विपुल पांडे, रांची में तैनात इंस्पेक्टर बृज कुमार, सिमडेगा जिलाबल के एसआई सत्येंद्र कुमार सिंह, हवलदार अरविंद मिंज, आरक्षी नवनीत नवल, चाईबासा जिला बल के एसआई अर्जुन कुमार सिंह पलामू जिला बल के आरक्षी रंजीत कुमार सीआरपीएफ के तत्कालीन डिप्टी कमांडेंट रविंद्र कुमार और इंस्पेक्टर जॉन मुर्मू को वीरता पदक मिलेगा।

# लोस चुनाव के मद्देनजर पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर होगा तबादला, 31 को निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग की निर्देश पर बड़े पैमाने पर तबादला होनेवाला है। डीआइजी कार्मिक से दो से तीन चरणों में सूची जारी होगी। पुलिस विभाग में 150 डीएसपी सहित पुलिस इंस्पेक्टर और 3000 से अधिक की ट्रांसफर पोस्टिंग करने को लेकर निर्णय लिया गया है।

**31 जनवरी को जारी होगी सूची :** पुलिस विभाग में तीन हजार से अधिक जूनियर पुलिस अफसरों का तबादला 31 जनवरी तक पूरा कर लेना है। पुलिस विभाग में अबतक एक साथ इतने बड़े पैमाने पर कभी तबादले नहीं हुए हैं। एक ही जिले में तीन साल से जमे पुलिस अफसरों का तबादला चुनाव आयोग के आदेश पर किया जाना है। 2018 बैच के दो हजार से अधिक दारोगा के साथ-साथ कुल तीन हजार से अधिक दारोगा व इंस्पेक्टर स्तर के पुलिस पदाधिकारी शामिल हैं। तीन साल से जमे डीएसपी स्तर के अधिकारियों का भी तबादला होगा। वहीं डीएसपी रैंक में 93 नवप्रोन्नत हुए अफसरों की भी पोस्टिंग होनी है। राज्य सरकार द्वारा 150 से अधिक डीएसपी की ट्रांसफर-पोस्टिंग होगी। वहीं, लगभग दो दर्जन जगहों पर डीएसपी स्तर के पदाधिकारियों का भी पद रिक्त है। राज्य के वैसे पदाधिकारियों का तबादला होना है जो एक ही जगहों पर तीन साल या उससे अधिक समय से जमे हैं।

## हाईकोर्ट ने जेपीएससी से पूछा- अब तक असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति प्रक्रिया क्यों नहीं हुई शुरू

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी से पूछा है कि असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति प्रक्रिया में अब तक क्या कार्यवाही हुई। साथ ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं होने के पीछे की वजह पूछी। अदालत ने इन बिंदुओं पर जेपीएससी को 15 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में विवेक भूइयां की ओर से अवमानना याचिका दाखिल की गयी है। दरअसल झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले साल 17 सितंबर को टाउन प्लानर की नियुक्ति मामले में आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने आदेश पारित किया था कि वैसे अभ्यर्थी जिनका सर्टिफिकेट इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर ऑफ इंडिया से 26/8/2020 के बाद जारी हुआ है, उन्हें जेपीएससी नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर करें।

## पलामू में बाबा बागेश्वर धाम कार्यक्रम मामले में अब 29 जनवरी को हाईकोर्ट में सुनवाई

**रांची।** पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम सरकार) के 10 से 15 फरवरी 2024 के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की फ्रेश रिट याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि 29 जनवरी निर्धारित की है। प्रार्थी ने उपयुक्त, पलामू द्वारा कानून व्यवस्था की समस्या बताकर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को पुनः रद्द करने के 10 जनवरी के आदेश को चुनौती दी है। पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि हनुमंत कथा आयोजन समिति ने 3 जनवरी को उपयुक्त को कार्यक्रम का डिटेल एक्शन प्लान दिया था। जिसे उपायुक्त नेरद्द कर दिया है।

# गणतंत्र दिवस : राज्य भर में अलर्ट जारी, सुरक्षा बढ़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर राज्य भर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। पुलिस मुख्यालय ने राजधानी रांची समेत राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र भेजकर सतर्क रहने का निर्देश दिया है। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि पूरे राज्य में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन की तैयारी कर ली गयी है। सभी जिलों के एसपी को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के साथ-



साथ होटलों, लॉज, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर नजर रखने का निर्देश जारी कर दिया गया है।

**जारी रहेगा नक्सलियों के खिलाफ अभियान :** गणतंत्र दिवस को लेकर झारखंड के सभी नक्सल प्रभावित जिलों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। कई मौकों पर गणतंत्र दिवस के दौरान नक्सलियों द्वारा काला झंडा फहराने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, इसलिए इसे लेकर भी सतर्क रहने के निर्देश जारी किया गया है। डीजीपी ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ पहले से ही अभियान चलाया जा रहा है, वह जारी रहेगा।

**रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ी :** रेलवे स्टेशनों और हवाईअड्डों समेत सभी सरकारी संस्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अतिरिक्त बलों की भी तैनाती की जा रही है।

**खामियों को दूर करने के निर्देश** गणतंत्र दिवस के दौरान शांतिपूर्ण झंडोत्तोलन को लेकर सभी जिलों के एसपी ने अपने क्षेत्र के सभी थाने और ओपी को अलर्ट कर दिया है। उन्होंने पुलिस मुख्यालय के निर्देश के आलोक में सभी थाना और ओपी को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने और सक्रिय गश्ती करने का आदेश दिया है। सभी डीएसपी-एसडीपीओ को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस गश्ती और सुरक्षात्मक उपायों की समीक्षा करें और जो भी कमियां दिखे, उन्हें दूर करने का निर्देश दिया गया है।

## सिटी एसपी को ट्रैफिक एसपी का सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** रांची सिटी एसपी राजकुमार मेहता को ट्रैफिक एसपी का अतिरिक्त प्रभार मिला है। अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद सिटी एसपी ने मेन रोड, रातू रोड, कांटाटोली, लालपुर और आसपास के इलाकों में फुटपाथ पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों को पूर्व में फुटपाथ पर दुकान ना लगाने को लेकर सूचित किया गया था। अगर वो फिर भी वहां दुकान लगा रहे हैं तो सावधान हो जायें। कहा कि इन दुकानदारों को चिन्हित कर एफआईआर दर्ज की जायेगी। राजकुमार मेहता ने बिना परमिट ऑटो चलाने वालों को भी ऑटो चलाने से मना किया है। साथ ही इधर-उधर वाहन न लगाने की अपील की है। गौरतलब हो कि ट्रैफिक एसपी का पद रिक्त चल रहा है। इसके पूर्व कुमार गौरव को रांची का ट्रैफिक एसपी बनाया गया था, वर्तमान में वे साहिबगंज एसपी के पद पर कार्यरत हैं।

# देश के उत्कृष्ट थानों में साहिबगंज के मिर्जा चौकी को सातवां स्थान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साहिबगंज के मिर्जा चौकी थाने को देश में बेहतर थानों की सूची में सातवां स्थान और राज्य का पहला स्थान मिला है। गृह मंत्रालय से सर्टिफिकेट मिलने के बाद बुधवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मिर्जा चौकी के थाना प्रभारी प्रकाश रंजन को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर डीआईजी कार्मिक सह तत्कालीन साहिबगंज एसपी नौशाद आलम, तत्कालीन एसपी अनुरंजन किस्पोप्ता थाना प्रभारी मिर्जा चौकी थाना सहित एडीजी ऑपरेशन सुमन गुप्ता, आईपीएस मनोज कौशिक, ऑपरेशन एडीजी संजय आनंद लाटकर, आईपीएस



अन्नेपू विजयाल्क्ष्मी समेत कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। बता दें कि देशभर के 80 से अधिक स्थानों का गृह मंत्रालय की ओर से पिछले दिनों निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान वैसे थाने चिन्हित किये गये जिन्होंने बेहतर कामकाज रख रखाव सहित कई बिंदुओं पर अच्छे अंक प्राप्त किये। इसके बाद मिजा चौकी थाने को देश के टॉप 10 थानों की सूची में शामिल किया गया।

## भाजपा मुख्यालय में हुई गांव चलो अभियान की कार्यशाला

# चुनाव में जीत का बनायेंगे रिकार्ड : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मोदी की केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित को समर्पित रही है। श्री मरांडी बुधवार को गांव चलो अभियान कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई की सरकार से प्रारंभ विकास यात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वट वृक्ष का रूप धारण कर लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में गांव-गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने की कोशिश लगातार की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम गांव चलो अभियान के तहत जनता के बीच जायें।



उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के आशीर्वाद से 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में सीटों में भी रिकॉर्ड बनायेगी।

वहीं दीपक प्रकाश ने कहा कि यह सर्व व्यापी, सर्व समावेशी, सर्व स्पर्शी भाजपा के प्रत्यक्ष दर्शन का अभियान है। गांव चलो अभियान सर्व समाज से जुड़ने और जोड़ने का अभियान है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में स्वतः स्फूर्त वातावरण है। पूरा देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सकारात्मक ऊर्जा से भरा हुआ है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भारत की आत्मा गांव में निवास करती है। ग्रामीण विकास से ही विकसित भारत का सपना पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 4 फरवरी से 11 फरवरी तक भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ता हर गांव में पहुंचेंगे। प्रत्येक प्रवासी की सूची तैयार की जा रही है। बैठक में आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, राकेश भास्कर, नीलकंठ सिंह मुंडा, विकास प्रीतम, जवाहर पासवान, लुइस मरांडी, बड़कुंवर गगराई, अशोक भगत, कालीचरण सिंह, आरती कुजूर, गणेश मिश्र, मुनेश्वर साहू, सरोज सिंह, नंद जी प्रसाद, दुर्गा मरांडी, सुनीता सिंह, मुन्ना मिश्र, दिलीप वर्मा, मनोज बाजपेई, सीमा, दीपक बंका, मनीष जायसवाल शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, राहुल अवस्थी थे।

## खबर एक नजर में

### जमशेदपुर डीसी मंजूनाथ भजंत्री को हाईकोर्ट से राहत बरकरार, 1 फरवरी को अगली सुनवाई

**रांची।** देवघर के तत्कालीन डीसी और वर्तमान में जमशेदपुर डीसी के पद पर तैनात मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने देवघर डीसी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 1 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। बता दें कि वर्ष 2022 में फ्लाईट टेकऑफ करने को लेकर हुए विवाद के बाद सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर डीसी के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज करवाई है। जिसे रद्द करने के लिए आईएएस अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

### छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को किया नोटिस

**रांची/दिल्ली।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब शीर्ष अदालत 23 फरवरी को उनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की कोर्ट में छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुनवाई हुई। छवि रंजन ने जिस केस में डिफॉल्ट बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, वह चेशायर होम रोड स्थित भूखंड की खरीद-बिक्री में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा हुआ है। छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और उन्हें डिफॉल्ट बेल देने से रांची ईडी की स्पेशल कोर्ट और हाईकोर्ट इनकार कर चुका है।

### समाजसेवी शंकर दुबे ने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा

**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस से राज्य की जनता का मोहभंग हो गया है। यही कारण है कि झामुमो और कांग्रेस को छोड़कर लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजसेवी शंकर दुबे के जुड़ने से भाजपा को मिलेगी मजबूती। इस अवसर पर शंकर दुबे के साथ सैकड़ों नौजवानों ने भी पार्टी का दामन थामा। शंकर दुबे ने कहा कि वे पार्टी की मजबूती के लिये कड़ी मेहनत करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के कार्यों से प्रभावित हो कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। भाजपा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से अली उमर, विशाल कुमार राय, सतीश सोनी, संतोष कुमार उपाध्याय, शेखर, आकाश कुमार दुबे, विशाल रजक, निकिता सोनी, सुनील कुमार दुबे समेत सैकड़ों लोग शामिल हुये।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग का किया समर्थन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/बोकारो।** रांची से पाकुड़ जाने के क्रम में बोकारो सर्किट हाउस पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की झामुमो की मांग का समर्थन किया। मीडिया से बात करते हुए राजेश ठाकुर ने कहा कि शिबू सोरेन ने साहूकारों के खिलाफ संघर्ष किया है, लड़ाई लड़ी है, अगर कोई प्रस्ताव आता है तो उस पर विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि झारखंड के साथ कोई भी बेमानी नहीं होनी चाहिए।

कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने पर राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा का काम लोगों के नाम को भुनाना और लोगों के नाम को बेचना रहा है। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न मिला है और हम उसका स्वागत करते हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी झारखंड दौरे पर



रहेंगे। इस दौरान हम झारखंड में 804 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। इसकी तैयारी और रूट पर राहुल गांधी की सभा समेत अन्य कार्यक्रम तय करने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पूरी कांग्रेस प्रदेश टीम के साथ पाकुड़ और दुमका के दौरे पर गए हैं।

**पाकुड़ से शुरू होगी राहुल गांधी की न्याय यात्रा :** राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा पाकुड़ से शुरू होगी। इस सिलसिले में पाकुड़ और दुमका का दौरा किया जा रहा है। इस दौरान राहुल गांधी कहां सभा करेंगे, कहां रुकेंगे और किस तरह की तैयारियां करेंगे, इसकी समीक्षा की जा रही है। इस बीच प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर पाकुड़ आ रहे हैं। जहां वे बैठक कर पूरी तैयारी पर फीडबैक लेंगे।

## खबर एक नजर में

### सावधान! स्कूटी चोर दो महिलाएं गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने स्कूटी चोरी करने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला का नाम पूनम देवी और अपनु कुमारी है। पूनम रातू थाना क्षेत्र के चटकपुर में किराये पर रहती है। पुलिस ने बताया कि दोनों महिलाओं ने खादगढ़ा सब्जी बाजार से सब्जी विक्रेता विकास कुमार साहू की स्कूटी चोरी कर ली थी। सीसीटीवी से पता चला कि दो महिला स्कूटी चोरी कर ले गयी है। पुलिस ने उक्त स्कूटी को हरमू रोड में पाया गया। पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में महिलाओं को दोषी पाया और दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### शूटर चंदन साहू से होगी पूछताछ

**रांची।** कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता को गोली मारने के मामले में अरगोड़ा थाना से जुड़े मामले में शूटर चंदन साहू को रांची जेल से दो दिन की पुलिस रिमांड में लिया है। अमन साहू गिरोह को रंगदारी नही दिए के कारण शूटर चंदन साहू और वारिस अंसारी ने रंजीत गुप्ता को गोली मारी थी। वर्तमान में चंदन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार, रांची में बंद है। इसके अलावे हजारीबाग जिले के बड़कागांव में कोल माइनिंग कंपनी रित्विक के अधिकारी शरद बाबू की हत्या और उनके अंगरक्षक को गोली मारने में चंदन साहू शामिल था।

### नशीली दवा का कारोबार करनेवाला गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने नशीली दवा का कारोबार करने के आरोपी मो नईम और रविश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई बरियातू थाना पुलिस की ओर से की गयी। पुलिस ने इनलोगों के पास से एक मोबाइल, कोरेक्स की छह बोतल, खाली कोरेक्स की 28 बोतल, एक बाइक, नाइट्रोजेपाम का 78 पीस व दस हजार रूपया नकद बरामद किया गया है।

### बैंक अधिकारी बन ₹12.56 लाख ठगी करने वाला साइबर अपराधी भोजपुर से गिरफ्तार

**रांची।** सीआईडी की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने चेक क्लीयरेंस के नाम पर आइसीआइसीआइ बैंक अधिकारी बनकर 12.56 लाख रुपये की ठगी करने वाले साइबर अपराधी बिहार के भोजपुर जिले से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ सन्नी कुमार बिहार के भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र स्थित बड़कागांव का है। आरोपी के पास से दो सिम, एक वोटर कार्ड, एक पासबुक, एक चेकबुक, एक पैनकार्ड, एक ई-श्रम कार्ड, एकगुगल पे स्कैनर पुलिस ने बरामद किया है। आरोपी चेक का फर्जी नम्बर डालकर वादी को बैंक का अधिकारी बनकर स्क्रीन शेयरिंग ऐपलिकेशन को पीड़ित के मोबाईल में डाउनलोड कराकर 12,56,959 रुपए की ठगी की थी।

### सामूहिक दुष्कर्म के दोषियों को 20-20 साल कैद

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को शादी समारोह से दोस्त के साथ घर लौट रही आठवीं की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के दोषी तीन अभियुक्तों प्रदीप उरांव, बुलेट उरांव उर्फ रूपेंद्र उरांव एवं चैने उरांव को 20-20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, तीनों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर तीनों को अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने तीनों को उक्त जुर्म में 17 जनवरी को दोषी ठहराया था। तीनों युवक मांडर के गुड़गुड़िया गांव निवासी है। घटना को लेकर 14 दिसंबर 2021 को मांडर थाना में पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### सीएम को विधानसभा की डायरी-कैलेंडर सौंपा



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उन्होंने विधान सभा की डायरी, दूरभाष निर्देशिका एवं कैलेंडर 2024 सप्रेम भेंट की।

### राज्यपाल से मिले आयुक्त, दिया निमंत्रण



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास मिले। प्रमंडलीय आयुक्त ने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह 2024 में आने का निमंत्रण दिया।

### आजादी के रंगों से सराबोर होगा पहाड़ी मंदिर



रांची। पहाड़ी मंदिर विकास समिति की बैठक बुधवार को राजेश साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के दिन पहाड़ी मंदिर प्रांगण को आजादी के रंगों से सजाया जाएगा और पहाड़ी बाबा का श्रृंगार किया जाएगा। इस बैठक में अरुण वर्मा, मेहुल प्रसाद, बादल सिंह, राम सिंह, दीपक नंदा, सुनील यादव, तड़ित राय (पलटू दा) आदि लोग मौजूद थे।

### बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को मोदी सरकार ने दिया बड़ा सम्मान : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि स्व कर्पूरी ठाकुर को मोदी सरकार ने बड़ा सम्मान दिया है। श्री मरांडी बुधवार को हिनू स्थित कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्पूर ठाकुर को देश रत्न मिलना ईमानदारी और राजनीतिक सामाजिक जीवन की शुचिता को सम्मान है। यह समाज के पिछड़ों, वंचितों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को केंद्र सरकार के द्वारा भारत रत्न दिये जाने का फैसला अत्यंत ही हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज के दलित, शोषित, पिछड़े वर्ग के हक की लड़ाई लड़ने वाले लोकप्रिय जननेता कपूर्री ठाकुर को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार। स्व ठाकुर इसके सच्चे हकदार थे।

## राजभवन में उत्तर प्रदेश, दादर व नगर हवेली तथा दमन-दीव का स्थापना दिवस कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजभवन में बुधवार को संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश, दादर तथा नगर हवेली एवं दमन-दीव के स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश के विभिन्न प्रांतों का अपना गौरवशाली इतिहास एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत रही है। विविधता में एकता ही हमारी शक्ति है। हम एक हैं और एक रहेंगे। उत्तर प्रदेश में राम-कृष्ण जन्मभूमि है। काशी भी है। गंगा, यमुना एवं सरस्वती का संगम भी यहीं प्रयागराज में है। प्रयागराज में ही प्रत्येक 12 वर्षों में कुम्भ मेला का आयोजन होता है। उत्तर प्रदेश तीर्थों की भूमि के साथ ज्ञान की भूमि भी है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने हमारे देश में ज्ञान की क्षितिज पर अहम योगदान दिया है। राज्यपाल ने कहा कि भारत में वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म समभाव की भावना सदियों से रही है, जो खास है। यही भावना हमारे स्थापत्य कला में भी झलकती है। ताजमहल की स्थापत्य कला का स्थान पूरे विश्व में अप्रतिम है। अयोध्या के राम मंदिर की स्थापत्य कला भी अद्वितीय है। उत्तर प्रदेश विलक्षण प्रतिभाओं की भी भूमि है। राज्यपाल ने विकसित भारत के लिए सभी को अपना योगदान देने के लिए आह्वान किया एवं सभी के सुखमय जीवन की कामना की। मौके पर लोक गीत एवं लोक नृत्य की भी प्रस्तुति की गई।



**बंद पड़ी ओल्ड इमरजेंसी को न्यूरो सर्जरी विभाग में किया गया तब्दील**

## रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग को अतिरिक्त 40 बेड मिला, अब फर्श पर नहीं रहेंगे मरीज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में मरीजों को फर्श पर इलाज से अब मुक्ति मिलेगी। रिम्स प्रबंधन ने ओल्ड इमरजेंसी में 40 बेड का एक्सटेंशन वार्ड की शुरू किया है। इस वार्ड का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक समरी लाल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, रिम्स निदेशक डॉ आरके गुप्ता समेत अन्य अधिकारियों ने किया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि रिम्स के सभी डॉक्टर मानवता के साथ चिकित्सा कार्य करते हैं। सभी चिकित्सा कर्मियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत किये गये ऑपरेशन एवं चिकित्सा कार्य में सहयोग करने वालों को 31 जनवरी तक आठ करोड़ रुपये इनटेंसिव का वितरण किया जायेगा।

**न्यूरो विभाग में बेड को बढ़ाने की और ज्यादा जरूरत : बन्ना गुप्ता**

एक्सटेंशन वार्ड में माइनर ओटी, ड्रेसिंग रूम, एचडीयू समेत अन्य उपकरण लगाए गए हैं। यहां चिकित्सक और नर्स की तैनाती रहेगी। न्यूरो से संबंधित गंभीर मरीजों का उपचार जल्दी शुरू किया जाएगा। वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य व राज्य से बाहर न्यूरो से संबंधित मरीजों की संख्या ज्यादा है। हेड इंज्यूरी से लेकर स्पाइनल इंज्यूरी तक के मामले आते हैं। हमारे पास 120 बेड पहले से थे। 40 नए बेड लगाए गए हैं। इसे और बढ़ाने की जरूरत है। रिम्स की व्यवस्था में और सुधार किया जाएगा।

इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के नव नियुक्त प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि रिम्स के हर विभाग के विस्तार की जरुरत है। रिम्स में मरीजों की भीड़ ज्यादा रहती है और सुविधाएं कम पड़ रही है। प्रधान सचिव ने कहा कि रिम्स के डॉक्टरों की समस्याओं पर ध्यान दिया जायेगा। राज्य की सरकारी अस्पतालों को कैसे बेहतर करें इस पर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा। आयुष्मान भारत योजना का पूरा सहयोग मिल रहा है। इसमें डॉक्टरों एवं नर्सो को भी प्रोत्साहन राशि के रुप में वितरित किया जाता है। जल्द ही राज्य में इंसेन्टिव देने का प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

रिम्स के निदेशक डॉ आरके गुप्ता ने कहा कि अस्पताल के निरीक्षण में पाया कि ओल्ड इमरजेंसी बंद पड़ा हुआ है, जिसे न्यूरो सर्जरी विभाग का एक्सटेंशन बनाने का निर्णय लिया गया और इसे पूरा कर दिया गया है। यह मेरे लिए सुखद अनुभूति है। रिम्स निदेशक डॉ राजीव गुप्ता ने अपने कार्यकाल में किये गये उल्लेखनीय कार्यों पर भी प्रकाश डाला।

**मोरहाबादी मैदान में फुल ड्रेस रिहर्सल**

## सेना के बैंड से शुरू होगी गणतंत्र दिवस की परेड



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर बुधवार को फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की देखरेख में समारोह में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को रियल टाइम बेसिस पर दोहराया गया। डीसी और एसएसपी ने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट सलामी ली। एसएसपी ने परेड पार्टियों को आवश्यक सुधार का निर्देश दिया। आला अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया। साथ ही तैयारियों का जायजा भी लिया और बेहतर व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया।

**प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की जॉइंट ब्रीफिंग :** फुल ड्रेस रिहर्सल के बाद प्रतिनियुक्त पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों की ज्वाइंट ब्रीफिंग भी हुई। डीसी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाने और ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कार्य का निर्वहन करने का निर्देश दिया। एसएसपी ने समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस बलों को निदेशित किया। गौरतलब हो कि गणतंत्र दिवस पर फर्स्ट इन कमांड के रूप में सेना के मेजर अंकुश चौधरी को दिया गया है। सेकेंड इन कमांड के रूप में परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन हैं।

मोरहाबादी मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में हिस्सा लेने वाले प्लाटून में सेना, सीआरपीएफ, आइटीबीपी, सीआईएसएफ, एसएसबी, उड़ीसा पुलिस, झारखंड जगुआर, जैप-1, जैप-2, जैप-10, आईआरबी-05, रांची जिला पुलिस (पुरुष), रांची जिला पुलिस (महिला), झारखंड गृहरक्षा वाहिनी, एनसीसी (ब्वॉयज) और एनसीसी (गर्ल्स) शामिल है।

## राहुल गांधी की यात्रा झारखंड से गुजरना गौरव की बात : बलमुचू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर झारखंड आदिवासी कांग्रेस कमिटी का एक दिवसीय सम्मेलन पुराना विधानसभा सभागार, धुर्वा, रांची में बुधवार को हुआ। सम्मेलन में अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी उपस्थित हुए। डॉ प्रदीप बलमुचू ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड से होकर गुजरना गौरव की बात है। यह यात्रा देश की जनता के लिए न्याय और हक पाने की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि झारखंड राज्य अगर बना है ये कांग्रेस की देन है। आदिवासी की रक्षा, संस्कृति और उनकी परंपराओं की रक्षा कांग्रेस पार्टी ने उत्पीड़न कानून बनाया। सीएनटी एक्ट, एसपीटी एक्ट, भूमि अधिग्रहण कानून, वनाधिकार कानून बनाया और केन्द्र में बैठी हुई भाजपा सरकार ये सारे कानून को खत्म करना चाहती है। इसी को लेकर कर राहुल जी भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं।

**गणतंत्र दिवस समारोह में शानदार होगी झारखंड की झांकी**

## झारखंडी सिल्क की चमक से चमक उठेगा कर्तव्य पथ



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गणतंत्र दिवस के मौके पर नई दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह में इस बार झारखंड की झांकी भी दिखेगी। कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी में राज्य में होने वाले तसर उत्पादन को दर्शाया जाएगा। झारखंड देश में सबसे ज्यादा तसर उत्पादन करने वाला राज्य है। इस बार कुल 16 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियां कर्तव्य पथ पर दिखेंगी। इस बार की थीम है 'झारखंड का तसर'। बता दें कि झारखंड की झांकी बेहद ही आकर्षक है। इसे सोहराय और कोहबर पेंटिंग से सजाया गया है। झांकी में झारखंड की जनजातीय शक्ति के बारे में दर्शाया जाएगा। बता दें कि इससे पहले पिछले साल की झांकी में देवघर मंदिर का प्रारूप दर्शाया गया था, जबकि उससे पहले दुमका के मंदिरों के नगर मलूटी को 26 जनवरी की झांकी में शामिल किया गया था। बता दें कि पूरे देश की 62 फीसदी तसर का उत्पादन झारखंड में होता है। यहां का मयूराक्षी ब्रांड पूरे विश्व में विख्यात है। विश्व के कई देशों में यहां का तसर सिल्क निर्यात होता है। राज्य में जनजातीय समुदाय के लगभग एक लाख पचास हजार लोग तसर से अपनी आजीविका चलाते हैं। इस रोजगार में अधिकांश जनजातीय महिलाएं शामिल हैं। हर साल झारखंड से औसतन करीब 20 हजार पांच सौ मीट्रिक टन तसर का उत्पादन होता है। नई दिल्ली में 2024 के गणतंत्र दिवस समारोह में झारखंड की झांकी भी शामिल रहेगी। कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित होने वाली झांकी में झारखंड में तसर उत्पादन का प्रारूप दिखेगा।

PRNO 316546 (Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 23-24



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड हृदय चिकित्सा योजना
अन्तर्गत रिम्स, राँची में शिविर आयोजन संबंधी सूचना

हृदय रोग की
निःशुल्क जाँच
निःशुल्क हार्ट ऑपरेशन

इसमें हृदय (हार्ट) की जन्मजात समस्या ASD, VSD, PDA हृदय में छेद की समस्या एवं बाईपास की समस्या से ग्रसित मरीज इस शिविर (कैम्प) का लाभ ले सकेंगे।

श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल (राजकोट तथा अहमदाबाद) के सहयोग से आयोजित शिविर में 3 माह से 18 वर्ष की आयु के बच्चों तथा 18 वर्ष से 65 वर्ष तक के वयस्कों के लिए निःशुल्क जाँच एवं उपचार की व्यवस्था है।

शिविर का लाभ उठाने के लिए अपने जिले के सिविल सर्जन से संपर्क करें या हेल्थ हेल्पलाईन नंबर- 104 पर कॉल कर सहायता प्राप्त करें।

दिनांक: 27-28 जनवरी 2024
समय: सुबह 10.00 से शाम 5.00 बजे तक
स्थान: राजेन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस, बरियातु, राँची, झारखण्ड

स्वास्थ्य विभाग, झारखण्ड सरकार
एवं
श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल (राजकोट तथा अहमदाबाद) द्वारा आयोजित

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर-14555/10883456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

## मैनेजर से ब्रेकअप करना निशा को पड़ गया महंगा ब्लैकमेल कर ऑफिस में बुलाया और रेत दिया गला

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची/धनबाद।** जिले के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के श्री राम प्लाजा में एक निजी कंपनी के ऑफिस में सोमवार को जिस 27 वर्षीय निशा नामक युवती का शव बरामद हुआ था, उस मामले का धनबाद पुलिस ने खुलासा कर दिया है। डीएसपी लॉ इन ऑर्डर अरविंद बिन्हा ने बताया कि निजी म्युचअल फंड कंपनी के मैनेजर नीरज आनंद और निशा के बीच प्रेम-प्रसंग था, जबकि नीरज आनंद पहले से ही शादीशुदा था जबकि निशा की एक महीने पहले ही रांची में शादी हुई थी। शादी के पूर्व निशा ने कंपनी में नौकरी छोड़ दी थी। वह रांची स्थित ससुराल में रहने लगी। इसी बीच वह सहेली की शादी में शामिल होने धनबाद पहुंची थी और उसके साथ हादसा हो गया।

**युवती ने ऑफिस के मैनेजर से तोड़ दिया था प्रेम संबंध :** डीएसपी ने बताया कि कंपनी में एक साथ काम करने के दौरान दोनों एक-दूसरे के करीब आ गए, इसके सबूत भी पुलिस को हाथ लगे हैं। इसी बीच सात दिसंबर 2023 को निशा का विवाह गया। विवाह के बाद निशा ने नौकरी तो छोड़ दी, लेकिन मैनेजर उसके पीछे पड़ गया। विवाह के बाद नौकरी छोड़ने के साथ ही निशा ने नीरज आनंद के साथ चला आ रहा प्रेम संबध भी तोड़ दिया था।

**ऑफिस बुलाकर चाकू से गोदकर कर दी हत्या:** पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि नीरज ने रविवार को निशा को अपने ऑफिस में ब्लैकमेल कर बुलाया था और उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद सोमवार को निशा का शव ऑफिस से बरामद हुआ था। पुलिस ने आरोपी मैनेजर नीरज आनंद को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त चाकू भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

## आज का राशिफल
### 25 जनवरी 2024

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : शिशिर। **सूर्य** उत्तरायण। **मास** : पौष, **पक्ष** : शुक्ल, **तिथि** : पूर्णिमा 23:24 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : पुनर्वसु 08:17 बजे समाप्त। **योग** : विष्कुंभ 07:32 बजे समाप्त। **करण** : विष्टि 10:34 बजे तक, तदनंतर बव 23:24 बजे समाप्त। **सूर्य** : मकर राशि में। **चंद्रमा** : कर्क राशि में दिन-रात। **दिशाशूल** : दक्षिण।

**मेष** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

**वृष** : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-6-9

**कर्क** : किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव बढ़ेगा। शुभांक-1-6-7

**सिंह** : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शुभांक-2-5-6

**कन्या** : शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। शुभांक-3-8-7

**तुला** : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। काम सीमित तौर पर बनेंगे। शुभांक-2-3-7

**वृश्चिक** : स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8

**धनु** : बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-4-8-9

**मकर** : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9


**मीन** : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

# झारखंड के राजनीतिक इतिहास का जीवंत दस्तावेज है 'झारखंड : एक बेचैन राज्य का सुख'

लेखक श्याम किशोर चौबे की सद्यःप्रकाशित पुस्तक 'झारखंड : एक बेचैन राज्य का सुख' झारखंड के राजनीतिक इतिहास का जीवंत दस्तावेज है। 247 पृष्ठों की इस पुस्तक को प्रभात प्रकाशन, नयी दिल्ली ने प्रकाशित किया है। यह पुस्तक लेखक के संस्मरण पर आधारित दिखती है, जो उन्होंने झारखंड में पत्रकारिता करते हुए देखा और समझा है। इस पुस्तक में उपसंहार और फ्लैशबैक सहित कुल 45 अध्याय हैं। पुस्तक अत्यंत रोचक अंदाज में शुरू हुई है।

लेखक ने संविधान सभा में भारत की आजादी के समय पंडित नेहरू के भाषण नियति से साक्षात्कार के तर्ज पर इसके प्रथम अध्याय मध्य रात्रि की प्रसव पीड़ा का पहला वाक्य प्रस्तुत करते हुए लिखा है कि 14 नवंबर को ठीक आधी रात को घड़ी की तीनों सुइयां मिलीं और कैलेंडर में तारीख बदलकर 15 नवंबर हो गयी। यह तारीख आजादी की लड़ाई के नायक धरती आबा बिरसा मुंडा का जयंती दिवस है। इसी ऐतिहासिक तारीख 14-15 नवंबर 2000 की ठीक आधी रात को राजभवन के वर्तमान गुलाब उद्यान में चैन की उम्मीद से मजमा जुटा है...। और, फिर आगे झारखंड के प्रथम मंत्रिमंडल के गठन का शब्द चित्र। सत्ता के खेल और राज्यपाल की भूमिका का चित्रण। शब्दों के भाव और रेखाचित्र के माध्यम से लेखक ने ऐसा दृश्य उत्पन्न कर दिया है, जैसे पाठक अपनी आंखों से राजभवन में झारखंड स्थापना और प्रथम मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह देख रहे हों। ऐसे दृश्य और शब्दों की बाजीगरी पुस्तक के प्रत्येक अध्याय में आदि से अंत तक दिखती है, जो इसे अत्यंत आकर्षक, रोचक और पठनीय बना देती है। शब्द और दृश्य की रोचकता इस प्रकार से बंधती है कि चाव और भाव के साथ उत्सुकता और नयी जानकारियों के लिए पाठक पुस्तक को खत्म किये बिना नहीं रह सकता।

यह पुस्तक झारखंड के दलों के टकराव, दुराव और गठबंधन की बानगी को प्रस्तुत करते हुए आगे बढ़ती है और प्रत्येक अध्याय




एक संदेश छोड़ जाता है कि जिस बलिदान, आशा, आकांक्षा के साथ झारखंड का स्वतंत्र अस्तित्व सामने आया, वह अब भी अधूरा है और महाभारत के समय चक्र की तरह झारखंड यदि जीवंत शरीर है, तो उसकी आत्मा 23 साल से मुक्ति की आशा में बेचैन है। उसने जिस किसी से अपने उद्धार की आशा की, उसने उसे और भी बेचैनी दी। इस अर्थ में पुस्तक शत-प्रतिशत अपने नामकरण को चरितार्थ करती प्रतीत होती है। श्री चौबे पुस्तक में इसी बेचैनी का हवाला भी देते हैं और अपने अध्यायों में इसका हल ढूंढने की कोशिश करते हुए दिखते हैं।

झारखंड के क्षितिज पर राजनीतिक महत्वाकांक्षा और वंशवादी राजनीति के कारण राज्य की जनता के मूल प्रश्न कैसे विभिन्न सरकारों में तिरोहित होते रहे हैं, इसकी बानगी भी यह पुस्तक प्रस्तुत करती है और इसका कारण ढूंढने की कोशिश करती है, परंतु हर ओर निराशा हाथ लगती है। ऐसा लगता है कि झारखंड राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों का प्रयोगशाला बन गया हो और इस प्रयोगशाला में सत्ता और व्यापार का ऐसा गंठजोड़ दिखता है कि बेचारी जनता के हाथ बेचैनी और पछतावा के सिवा कुछ भी नहीं आया। विकास के नाम पर लूट, राजनीति के नाम पर गठबंधन, संस्कृति के स्याह तत्व, मेरा-तेरा का खेल, जैसे झारखंड का नसीब बन गया हो। बाहरी-भीतरी और आदिवासी-गैर आदिवासी के कंधे पर बंदूक रखकर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को जिस प्रकार से साधने की कोशिश विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा की जाती रही, ऐसे में छली तो यहां की जनता ही जाती रही है। पुस्तक में इस भाव को सहज ही उठा दिया है और प्रत्येक झारखंडवासियों को झकझोर दिया है। झारखंड की बेचैनी का मूल कारण भी यही बंटवारा है, जो सत्ताधीशों एवं राजनीतिक दलों ने अपने लाभ के लिए किया है।

पत्रकार लेखक श्री चौबे ने इस पुस्तक में उद्धृत कर दिया है कि प्रथम ग्रासे मक्षिका पातः और इसका प्रभाव आज 23 वर्ष बीत जाने के बाद भी झारखंड में दिख रहा है।

**- डॉ शत्रुघ्न कुमार पाण्डेय**
**(समीक्षक हजारीबाग के संत कोलंबस कॉलेज में इतिहास विभाग में प्राध्यापक हैं)**

# झारखंड के 500 क्लबफुट रोगियों का उपचार करायेगा सीएमपीडीआइ

## क्योर इंडिया फाउंडेशन के साथ सीएमपीडीआइ ने किया एमओए पर हस्ताक्षर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएमपीडीआइ (मुख्यालय), रांची ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत बढ़ते कदम : झारखंड राज्य के बच्चों में पोंसेटी विधि के माध्यम से क्लबफुट से विकलांगता का उन्मूलन के लिए क्योर इंडिया फाउंडेशन (नई दिल्ली) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया। सीएमपीडीआई इस परियोजना पर वित्त वर्ष 2023-27 तक 93 लाख रुपये की निधि पोषित करेगा।

सीएमपीडीआई द्वारा झारखंड में 500 बच्चों के इलाज और क्लबफुट के उन्मूलन में सहायता के लिए शुरू की गई अपनी तरह की यह पहली परियोजना है। इस समझौता ज्ञापन के तहत सार्वजनिक अस्पतालों में क्लबफुट उपचार की पोंसेटी विधि में स्वास्थ्य देखभाल, पेशेवरों का प्रशिक्षण एवं क्लीनिक स्थान उपलब्ध कराना शामिल है, ताकि वहां बच्चों का वास्तविक उपचार के अलावा कास्टिंग और माता-पिता व अभिभावकों को सलाह दिया जाता है।

झारखंड स्थित राजेन्द्र इंस्टीच्यूट आफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स)-रांची, जिला अस्पताल-रांची, बोकारो जनरल अस्पताल-बोकारो, पाटलीपुत्र मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल-धनबाद, हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल-हजारीबाग, पलामू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल-मेदनीनगर, जिला अस्पताल-चाईबासा एवं एम्स-देवघर जैसे सरकारी अस्पतालों में क्लबफुट रोगियों का उपचार किया जाएगा।

सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा और क्योर इंडिया फाउंडेशन, नई दिल्ली के निदेशक डॉ संतोष जॉर्ज के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इस मौके पर सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची के अधिकारी एवं क्योर इंडिया फाउंडेशन, नई दिल्ली के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नितेश विश्वकर्मा की मौत की हो निष्पक्ष जांच : धर्मेंद्र तिवारी

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने मुख्यमंत्री से बीते 6 जनवरी को उत्पाद विभाग कार्यालय में नितेश लोहारा/ विश्वकर्मा नामक युवक की संदेहात्मक स्थिति में हुई मौत की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। तिवारी ने कहा कि नितेश लोहारा/विश्वकर्मा की मौत प्रारंभ से ही संदेह के घेरे में रही है। मृतक के परिजनों द्वारा पहले ही दिन से बड़ी साजिश की आशंका जताई जाती रही है।घटना के तुरंत बाद पूर्व में भी भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सारी वस्तुस्थिति से अवगत होकर उनकी लड़ाई के साथ खड़े होने की बात कह चुका है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नितेश के शरीर में जहर मिलने की पुष्टि होने से इस मामले में किसी बड़ी साजिश से कतई इंकार नहीं किया जा सकता है। उत्पाद विभाग प्रारंभ से नितेश की मौत को (फांसी) आत्महत्या बता रहा है। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के खुलासे से साफ है कि विभाग द्वारा कहीं न कहीं कुछ सच को छिपाने की साजिश रची जा रही है।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन सेवा सदन में जन्मे छह बच्चे

## शिशुओं के माता-पिता का हुआ विशेष अभिनंदन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन दिवस पर रांची के अपर बाजार स्थित नागरमल मोदी सेवा सदन में 6 बच्चों का जन्म हुआ। सेवा सदन परिवार की ओर से इन शिशुओं के माता, पिता का विशेष अभिनंदन किया गया। उपहार स्वरूप रामचरित मानस, टीका सहित प्रत्येक दंपती को भेंट दी गई। सेवा सदन की उपाध्यक्षा रेखा जैन, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अंजु कुमार एवं चिकित्सक डॉ क्षमा टिबड़ेवाल ने अभिनंदन पत्र व उपहार देते हुए मंगल कामना की। यह शिशु आजीवन इस पुनीत दिवस को स्पंदित करे। परिवार एवं राष्ट्र के लिए गौरव हो। इस शिशु के प्रत्येक जन्म दिवस के उत्सव पर पूरे परिवार को आज के सनातन पुनर्जागरण उत्सव की स्मृति बनी रहे, इसके लिए सेवा सदन द्वारा प्रत्येक को रामचरित मानस, टीका सहित एक प्रतीक प्रदान की गई। सदन के अध्यक्ष अरुण कुमार छावछरिया, मानद सचिव आशीष मोदी ने सभी शिशुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर एक नजर में

### सेल की रांची इकाइयों ने मनाया सेल दिवस

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रांची इकाइयों ने बुधवार को गर्व के साथ सेल दिवस मनाया। इस अवसर पर कर्मचारियों एवं उनके परिजनों तथा पूर्व कर्मचारियों की भागीदारी जबरदस्त रही। मौके पर आशीष चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (एसएसओ) अतिरिक्त प्रभार (एचआरडी); एसके वर्मा, कार्यपालक निदेशक (सीइटी); वेद प्रकाश, कार्यपालक निदेशक (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन) और संदीप कुमार कर, कार्यपालक निदेशक (आरडीसीआइएस) मौजूद थे।

### संप्रेक्षण गृह डुमरदग्गा में एसएसआरडीपी चला रहा सृजन प्रोजेक्ट

**रांची।** संप्रेक्षण गृह मे संप्रेषित बालकों के लिए गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की संस्था श्री श्री रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम ट्रस्ट (एसएसआरडीपी) और एचसीएल फाउंडेशन द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई के सहयोग से मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वेद प्रकाश तिवारी, संरक्षण पदाधिकारी अलकमा सिकंदर, श्री श्री रूरल डेवेलोपमेंट् प्रोग्राम ट्रस्ट एसएसआरडीपी के राज्य प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रूपेश कुमार उपस्थित थे। विगत दो महीनों से संप्रेक्षण गृह डुमरदग्गा में सृजन प्रोजेक्ट चलाया जा रहा हैं।

### झारखंड जन क्रांति मोर्चा ने नेताजी को किया याद

**रांची।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पुराना विधानसभा हॉल में झारखंड जन क्रांति मोर्चा के सदस्यों ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्जित कर पार्टी के एक दिवसीय चिंतन शिविर की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार ने की। उन्होंने कहा कि चिंतन शिविर के अंतर्गत आगामी लोकसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए पार्टी के द्वारा विभिन्न प्रत्यासियों को अलग अलग सीटों पर झारखंड में चुनाव लड़ाने के नीतियों पर विचार विमर्श किया गया। भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी की क्या रणनीति हो, इस पर भी पार्टी के सदस्यों के द्वारा गहन विमर्श किया गया। पार्टी के सदस्यों द्वारा लोगों में जा कर पार्टी के विचारों के प्रति लोगों को जागरूक करना भी पार्टी के चिंतन का एक विषय रहा।

### कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न देना वंचितों का सम्मान : राजेंद्र प्रसाद

**रांची।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और सामाजिक न्याय के पुरोधा कर्पूरी ठाकुर को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने स्वागत किया है। केंद्र सरकार के निर्णय पर राजेंद्र प्रसाद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को बहुत पहले मिल जाना चाहिए था। जननायक को भारत रत्न दिए जाने पर राजेंद्र प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है।

### टेट पास शिक्षकों ने दर्ज कराया विरोध

**रांची।** राज्य भर के टेट से नियुक्त शिक्षकों ने प्रोन्नति नियमावली 2024 के प्रारूप को नकारते हुए सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से विरोध दर्ज किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हैशटेग लगाकर अपनी बात रखी। विदित है कि स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग ने शिक्षकों की प्रोन्नति नियमावली में वर्ष 2014 के पूर्व एवम बाद के बहाली के लिए अलग अलग मानदंड तय किया है। लगभग 17000 से अधिक टेट से सीधी नियुक्त हुए शिक्षकों के अधिकार का हनन हो रहा है। इस बाबत झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू एवं महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दोहराया कि यदि सरकार प्रोन्नति नियमावली 2024 के प्रारूप में बदलाव नहीं करती है तो 28 जनवरी को पूरे राज्य में प्रोन्नति नियमावली 2024 के ड्राफ्ट को चौक चौराहे पर जलाने का कार्य किया जायेगा।

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने मनायी कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यालय आशीर्वाद भवन में बुधवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मनाई गई। कर्पूरी ठाकुर की तस्वीर पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर का आचरण निजी और सार्वजनिक जीवन में ऊंचे मानदंड स्थापित किए थे।इसलिए उन्हें जननायक का उपाधि प्राप्त हुआ। प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने ओबीसी के लिए देश में पहली बार ओबीसी का आरक्षण बिहार प्रदेश में उनके द्वारा किए गए पहल और संघर्ष को याद करते हुए उन्हें भारत रत्न दिए जाने की अपनी मांग को पूरा होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

### सीसीएल में मनायी गयी जननायक की जयंती

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रों में जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती बुधवार को मनाई गई। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (यो/परि.) बी साईराम, सीवीओ पंकज कुमार, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं कर्मियों ने जननायक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। निदेशकों ने स्वतंत्रता सेनानी कपूर्री ठाकुर योगदान को याद किया।

### रांची विवि के परीक्षा नियंत्रक से मिला आजसू का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के छात्र यूनियन अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंप कर छात्र-छात्राओं को हो रही समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पीजी हिंदी विभाग में 31 छात्र छात्राओं को 0,1,2 नंबर देकर पेपर नंबर 203 फेल कर दिया गया है। उनके कॉपी का पुनः मूल्यांकन करवा कर परीक्षाफल में सुधार कर उसे पुनः प्रकाशित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा परीक्षा विभाग में सुधार करने के लिए लाया गया था। परंतु यह कंपनी ने जब से कार्य संभाला है, तब से परीक्षा विभाग की स्थिति और दयनीय हो गई है। अगर सभी समस्याओं का निदान सात दिनों के भीतर नहीं किया गया तो छात्र आजसू के सदस्य विश्वविद्यालय में तालाबंदी करेंगे।

# वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच की गोष्ठी में बही राम नाम की रसधारा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच झारखंड इकाई की जनवरी माह की गोष्ठी बुधवार को किया गया। गूगल मीट के द्वारा आयोजित इस गोष्ठी की अध्यक्षता अर्पणा सिंह ने किया। कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष राम स्वरुप कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में मौजदू थे। गीता सहाय ने मुख्य अतिथि एवं सभी प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। गोष्ठी की शुरुआत निर्मला कर्ण ने मंत्रोच्चार के साथ किया। इस मौके पर संगीता सहाय ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया, फिर सभी ने काव्य पाठ किया। गोष्ठी में उमा सिन्हा, निर्मला सिंह, पुष्पा पांडे, निर्मला कर्ण, अर्पणा सिंह, रंजना वर्मा उन्मुक्त, रूना रश्मि दीप्त, रश्मि सिन्हा, अर्चना श्रीवास्तव, शमा सिन्हा, उर्मिला सिन्हा, पुष्पा पांडे, मधुमिता साहा, बिंदु प्रसाद रिद्धिमा एवं संगीता सहाय ने काव्य पाठ किया। संचालन उमा सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन निर्मला कर्ण ने किया।

# जानलेवा हमले का आरोपी दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने बुधवार को जानलेवा हमले के अभियुक्त अंकुश कुमार साहू (27) को दोषी करार दिया है। साथ ही, दोषी की सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 27 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के पिठिया टोली अपर हटिया मोहल्ला निवासी है। उस पर अपने मोहल्ले के धर्मनाथ शाहदेव पर जान मारने की नियत से हमला करने का आरोप है। घटना को लेकर धुर्वा थाने में 20 अगस्त 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

# 25 फरवरी को होगी वैश्य महासम्मेलन की रैली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में 25 फरवरी को महारैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी के निमित्त बुधवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा से मुलाकात कर आयोजित रैली के संबंध में विस्तार से बातचीत की गई। वहीं, डॉ प्रदीप वर्मा को वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश के संरक्षक मंडली में रखा गया है। झारखंड में वैश्य समाज की स्थिति पर चर्चा की गई। वैश्य को 27 परसेंट आरक्षण की मांग दोहरायी गयी। वैश्य समाज के हक और अधिकार के लिए समाज को संगठित करने पर सहमति बनी। रैली में वैश्य समाज के सभी सांसद, विधायक और राष्ट्रीय नेतृत्व को आमंत्रित किया गया है। डॉ वर्मा से भेंट करने वालों में संजय चौधरी, संजय पोद्दार, मनोज प्रसाद, श्याम सुंदर, राम लखन, चंदन गुप्ता, दिलीप गुप्ता, विजय कुमार, संतोष सेठ शामिल थे।

# जिला बार एसोसिएशन की मतगणना पूरी

**निर्वाचित सदस्यों में से छह पुरानी कमेटी में भी थे**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिला बार एसोसिएशन के द्विवार्षिकी की कार्यकारिणी समिति के लिए हुए चुनाव का नतीजा आ गया है। कार्यकारिणी समिति के 9 सदस्यों को निर्वाचित कर दिया गया है। मैदान में 41 उम्मीदवार खड़े थे। 20 जनवरी को हुये चुनाव में कुल 1863 वोट पड़े थे। निर्वाचित सदस्यों में से छह पुरानी कमेटी से ही चुन कर आये हैं। इसमें बबलू कुमार सिंह, बीरेंद्र प्रताप, शंकर कुमार शर्मा, राम कृष्ण भगत, असीम कच्छप व सोसन नाग पिछली कमेटी में थे। तीन नया चेहरा है। कार्यकारिणी के मतों की गिनती मंगलवार को दिन के 11 बजे शुरू हुई थी। जो देर रात पूरी हुई। मतगणना में चुनाव समिति के सदस्य अजय कुमार तिवारी, योगेंद्र नारायण सिंह एवं अमरेंद्र कुमार झा समेत अन्य सदस्यों ने भूमिका निभाई। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी अग्रवाल एवं महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने नवनिर्वाचित सभी कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी।

# कांग्रेस भवन में मनी पूर्व मंत्री अब्दुल रज्जाक अंसारी की जयंती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बुधवार को कांग्रेस भवन में पूर्व मंत्री अब्दुल रज्जाक अंसारी की जयंती समारोह मनायी गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर उपस्थित नेताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. अब्दुल रज्जाक अंसारी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सरल एवं सादगी का प्रतीक बताया तथा कहा कि स्व. अंसारी का जन्म गरीब परिवार में हुआ था, उन्होंने कड़ी मेहनत तथा लगन से शिक्षा ग्रहण की। स्व. अंसारी बुनकरों की समस्या के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहें, उनके अथक प्रयास से छोटानागपुर में रिजनल हैंडलूम विवर्स लिमिटेड की स्थापना की गयी। वक्ताओं ने कहा कि उनके सपनों को पूरा करने के लिए कैथ लेब सुपर स्पेशलाइज्ड हृदय चिकित्सा केन्द्र की स्थापना हुई। आज यह चिकित्सा केन्द्र स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व चिकित्सा प्रदान कर रही है। इस मौके पर रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान के द्वारा प्रदेश कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को शॉल ओढ़ाकर स्वागत करते हुए उत्सावर्द्धन किया गया। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से रोशन लाल भाटिया, मंजूर अहमद अंसारी, अनवर अहमद अंसारी, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, जगदीश साहु, प्रभात कुमार, मो सफर, मुमताज खान, मो शहीद अंसारी, मो नईम अंसारी, तहमीद अंसारी, अख्तर अली, राजू राम, प्रवेज आलम, अशोक प्रसाद, इश्तियाक अहमद, रामानंद केशरी, वसीम अंसारी, रमेश, राजीव प्रकाश चौधरी, अजय सिंह, राजीव नारायण प्रसाद, नेसार, मो इस्लाम, मो जमील अख्तर सहित अन्य कांग्रेस जन शामिल थे।

# मस्जिद जफरिया में जश्न ए मौलूद ए काबा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** 12 रजब के अवसर पर मस्जिद जफरिया में जश्न ए मौलूद ए काबा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता हाजी मौलाना सैयद तहजीब बुल हसन रिजवी इमाम मस्जिद जफरिया ने की। मुख्य अतिथि सय्यद जावेद हैदर कार्यकारी सेक्रेटरी झारखंड विधानसभा थे। मौलाना तहजीब उल हसन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस जश्न को जश्न ए मौलूद ए काबा इसलिए कहते हैं कि दामाद ए रसूल जा नशीने मुस्तफा हजरत अली का जन्म 13 रजब को मक्के की पवित्र धरती खाने काबा में हुआ था। आपने अपनी मां के साथ तीन दिन काबे में गुजारा और 15 रजब को रसूल इस्लाम की गोद में आंखें खोली और आपने रसूल इस्लाम के चेहरे की जियारत की आपकी पैदाइश काबे में और आपकी शहादत मस्जिद में हजरत अली का दुनिया में कोई सानी नहीं है। इस कार्यक्रम का संचालन निहाल सरइयावी ने किया। इस मौके पर कासिम अली अमूद ,अब्बास कमर अहमद, अता इमाम ,यूनुस रजा, हैदर चंद मोहम्मद, इमाम बाकर राजा ने कलाम पेश किया। धन्यवाद ज्ञापन अंजुमन के सचिव सैयद अशरफ हुसैन रिजवी ने किया।

स्पीड न्यूज

## मारुति वैन और टाटा मैजिक वाहन में भिड़ंत एक चालक की मौत

**इटकी।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर इटकी थाना क्षेत्र के कुर्गी बस्ती के समीप मारुती वैन और मालवाहक टाटा मैजिक की भिड़ंत में वैन चालक की मौत हो गई। घटना बुधवार दिन के करीब 11.30 बजे की है। सूचना पर घटना स्थल पहुंची इटकी पुलिस ने वैन चालक को गंभीर अवस्था में देवकमल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान प्रभुनाथ प्रसाद के रूप में की गई है। वह रांची एदलहातु निवासी और हाई कोर्ट के वकील थे। घटना के संबंध में बताया गया है कि प्रभुनाथ अपने मारुती वैन में रांची से बेड़ो की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में विपरित दिशा से आ रही तेज रफ्तार एक मालवाहक टाटा मैजिक से आमने सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी के मारुती वैन का अगला भाग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें वैन चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। अस्पताल ले जाने के क्रम में ही उसकी मौत हो गई। इधर पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

## कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गयी

**नामकुम।** बुधवार को सदाबहार चैक के रेवल पैलेस में नामकुम नाई विकास समिति के तत्वावधान में कपूर्री ठाकुर की सौ वीं जयंती धुमधाम से मनायी गयी। बैठक के दौरान भारत सरकार द्वारा जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने के फैसले का स्वगत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया गया। कार्यक्रम का षुभारंभ षिक्षक नेता यषवंत विजय ने स्व ठाकुर की तस्वीर पर माल्यापर्ण एंव दीप प्रज्जवलित कर किया। श्री विजय ने कपूर्री जी के साथ बिताए अपने बीस वर्सो के दौरान उनके प्रेरक विचारों तथा महान कार्यो के साथ साथ उनकी गरीबी, संर्घस, उनके तथा उनके पिता के साथ हुए भेदभाव को लोगों के बीच साझा किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने केन्द्र और बिहार सरकार से कपूर्री जी के विचारों और समाजिक न्याय के सिद्वान्तो को पाठयक्रमों में स्थान देने और 24 जनवरी को अवकाश की घोषणा करने की मांग की।

## विधायक ने किया फ्लैट निर्माण का शिलान्यास

**बुंडू।** बुंडू नगर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा।उक्त बातें विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहीं।वह बुधवार को नगर पंचायत स्थित 40 परिवार आवासीय फ्लैट का उद्घाटन और नगर के विकास के लिए दो करोड़ 80 लख रुपए के लागत से 48 विकास योजनाओं की शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि मेरे कार्यकाल में नगर के सभी वार्ड के टोला मोहल्ले पर पक्की सड़क नाली बनाकर सुंदर ढंग से सजाने का कार्य तेजी से हुआ है। विकास और स्वच्छता के मामले में बुंडू नगर को प्रथम स्थान मिला है। विधायक ने फ्लैट के आवासीय लाभुकों को आवासीय भवन प्रवेश के लिए चाबी दी। मौके पर बुंडू नप अध्यक्ष राजेश उरांवए नगर प्रशासक शुभम पोद्दार सिटी मैनेजर महफूज रहमान अभियंता मुकेश कुमार सिंह विनीता कुमारी संदीप शर्मा अरविंद कुमार मौजूद थे।

# इटकी में पांच हजार करोड़ में बनेगा स्कूल, विश्वविद्यालय और हॉस्पिटल

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** इटकी के मिशन मैदान में मुख्यमंत्री ने कहा कि इटकी में पांच हजार करोड़ की लागत से बन रहे विश्वविद्यालय, स्कूल व पांच सौ बेड का हॉस्पिटल से स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक सरोकार से विकास के द्वार खुलेगा। लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इटकी में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा कराए जा रहे निर्माण से रांची के इटकी ही नही लोहरदगा सांसदीय क्षेत्र के लोग भी लाभान्वित होंगे। पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधू तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री के पहल पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा स्थापित की जा रही शैक्षणिक संस्थान एम्स के जख्म को भरने का काम करेगा। यह प्रोजेक्ट इटकी क्षेत्र ही नही प्रदेश में शैक्षणिक सामाजिक, आर्थिक और रोजगार का साधन बनेगा। फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहार ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की स्थापना काल से लेकर अबतक किये गए कार्यों की जानकारी देते झारखंड के मुख्यमंत्री के नेतृत्व की तारीफ की और उद्देश्य की चर्चा करते हुए कहा कि दो विचार धाराओं का एक समावेश है, जिसमें समानता, मानवता, संवैधानिक मूल्यों का समावेश हो और उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल कुमार पुरवार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्क्रीन टच कर अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी और स्कूल प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक मित्रा व धन्यवाद ज्ञापन कैलाश चंद्र कांडपाल ने किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फाउंडेशन के चेयरमैन अजीम प्रेमजी से बात की। उन्होंने प्रोजेक्ट के लिए जमीन उपलब्ध कराने पर राज्य सरकार की सराहना की और शीघ्र झारखंड आने की बात कही। मुख्यमंत्री का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ महिलाओं द्वारा नृत्य गान कर पारंपरिक तरीके से किया गया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ विजय कुमार, अधीक्षक डॉ पीके भगत, इंस्पेक्टर अरुण कुमार, थाना प्रभारी अमित प्रशांत, झामुमो केंद्रीय सदस्य समनुर मंसूरी, झामुमो जिला अध्यक्ष मुश्ताक अंसारी, जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, मुन्ना बड़ाइक सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# सुभाष मुंडा के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर दलादिली चौक पर प्रदर्शन, आक्रोश सभा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** कॉमरेड सुभाष मुंडा की पिछले 26 जुलाई को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। गठित एसआईटी ने कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की है। षड्यंत्र से हत्या तक में शामिल कई अपराधकर्मी खुलेआम घुम रहे हैं। जमीन पर अवैध कब्जे बदस्तूर जारी है। पुलिस की नाकामी के कारण क्षेत्र माफिया और अपराधियों का अड्डा बन गया है। उन पर प्रशासन का कोई अंकुश नहीं है। इससे आम आदमी भयभीत और असुरक्षित हैं। ऐसे अनगिनत सवाल पार्टी नेता सुखनाथ लोहरा, सुरेश मुंडा, प्रकाश टोप्पो, बुधराम उरांव, कपिल महतो व कीर्ति सिंह मुंडा आदि ने उठाया। वक्ताओं ने बाकी गुनाहगारों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुये आंदोलन की चेतावनी दी है। वह बुधवार को नगड़ी लोकल कमेटी की ओर से आयोजित आक्रोश सभा में बोल रहे थे। इससे पूर्व प्रमुख मधुआ कच्छप की अगुआई में भीठाटोली से हजारों कार्यकर्ताओं ने दलादिली स्थित शहीद मुंडा चौक तक विरोध मार्च निकाला।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

ललित मुंडा, छोटन देवी, भीखन देवी, अमित मुंडा, महेश मुंडा, समीउल्लाह मंसुरी, सूरजदेव महली, अजय मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, बुधराम उरांव, बिरसा मुंडा, सत्यजीत, घासीराम मुंडा, प्रदीप महतो, दया उरांव, प्रदीप उरांव, लक्ष्मण उरांव, रामधन, मधुआ, दिवाकर सिंह व शहीद मुंडा परिवार आदि।

# सामाजिक न्याय के मंत्र को स्थापित करना लक्ष्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**सोनाहातू।** सामाजिक न्याय के मंत्र को स्थापित करना है मेरी चिंता राज्य के हित में बड़ी है। राजनीतिक और सामाजिक चेतना समय और स्थान के अनुसार बदलते रहते हैं। उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने सोनाहातू प्रखंड के स्वर्णरेखा नदी के तट पर सतीघाट में आयोजित सिल्ली विधानसभा स्तरीय अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच की सम्मेलन के दौरान कही। इन्होंने कहा कि गांव में कोई भी जमीन परती ना रहे, इसका संकल्प लेना होगा। अभिमान का परित्याग करना होगा। चिंता यह होना चाहिए किए आप क्या देके जा रहे हैं जिससे लोग आपको याद रखेंगे। हमसबों को राम.राज की परिकल्पना को मिलकर चरितार्थ करना होगा। सम्मेलन में पूरे विधानसभा क्षेत्र के बुद्धिजीवी मंच के सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान बुद्धिजीवी मंच के दिवंगत सदस्यों के परिवारजनों को सम्मानित किया गया। उनके परिजनों को सुदेश महतो द्वारा प्रस्सति पत्र और शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया। मौके पर बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ डोमन सिंह मुंडा पूर्व कूलपति डॉ यूसी मेहता महासचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव पुशुपतिनाथ महतो जलेश्वर महतो योगेंद्र नाथ महतो वृंदावन महतो सुसांत सिंह गंगाधर महतो मुख्य आदि मौजूद थे।

## फुटबॉलर छात्रा को किया गया सम्मानित

**ओरमांझी।** एसपीवीएच स्कूल दड़दाग में बुधवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर फुबाल खिलाड़ी व छात्रा आरती कुमारी को सम्मानित किया गया। बताया गया कि एसजीएफआई द्वारा आयोजित 67जी स्कूली बालिका टीम के नेशनल गेम झारखंड में टीम के जीत में आरती कुमारी ने शानदार खेल प्रदर्शन किया है। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी व समाजसेवी रणधीर चौधरी ने छात्रा को पांच हजार रुपया पुरस्कार व सम्मान देते हुए छात्रा की खेल प्रतिभा की सरहाना की। रामटहल चौधरी ने कहा कि बेटियों में प्रतिभा की कमी नही उन्हे अवसर देने की जरूरत है।

## मृतक के परिजनों को दिया आश्वासन

**सोनाहातू।** हारिन गांव के 32 वर्षीय मनोरंजन महतो को हाथी ने कुचल कर मार डाला था। घटना पर दुख व्यक्त करने नरेन्द्र मोदी विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष धनपति महतो गांव पहुंच कर मृतक के परिजनों से मुलाकात किये।

# चोरी का चेक भंजाने बैंक पहुंचा चोर बैंक मैनेजर की सूझबूझ से धराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल कर्मी के घर से बीते जुलाई महीने के समय अज्ञात चोरों के द्वारा जेवरात, कागजात, पैसा एवं साइन किया हुआ चेक चोरी कर लिया गया था। जानकरी के अनुसार केडीएच परियोजना में कार्यरत मेहजाद अंसारी के बंद घर से चोरी कर लिया गया था। चोरों ने सीसीएओ कर्मी के घर मे रखे जेवरातएपैसेए कागजातए और केनरा बैंक का साइन किया हुआ चेक बुक को भी चोरी कर ले गए थे। सीसीएल कर्मी के घर में चोरी की घटना को स्थानीय पुलिस को सूचना दिया गया था। चोरी के कुछ महीनों के बाद चोरों के द्वारा साइन किया हुआ चेक से बुढ़मू केनरा बैंक 10 हजार व ब्राहम्बे केनरा बैंक से 10 हजार रुपये का निकासी कर लिया गया। चेक के द्वारा पैसे निकालने की सूचना जब पीड़ित ने केनरा बैंक चुरी शाखा प्रबंधन को दिया गया। तब जाकर चुरी केनरा बैंक मैनेजर सुनील कुमार ने चेक को लॉक कर दिया। उसके बाद चोरों ने कई केनरा बैंक में चोरी का चेक उपयोग किया तो उक्त चेक से कोई भी पैसा नही निकला। तब जाकर चोरों ने पुलिस लिखा हुआ एक मोटरसाइकिल जेएच 01 ए ए 3085 से चुरी केनरा बैंक पहुँचे। बैंक मैनेजर के सूझ बूझ से चोरों को अपने जाल में फसा कर रखा उसके बाद खलारी थाना को सूचित कर दिया गया। बैंक की सूचना पर पुलिस चुरी केनरा बैंक शाखा पहुंची। और चेक से पैसा निकालने आये दो चोरों को पकड़ लिया।

# खलारी पंचायत प्रतिनिधियों संग सीएसआर की वार्षिक बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** उत्तरीकर्णपुरा के भीआईपी गेस्ट हाउस डकरा सभागर में 2024-25 की सीसीएल सीएसआर कार्य योजना के चयन सूची बनाने हेतु खलारी प्रखंड प्रतिनिधियों का एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार व संचालन सीएसआर अधिकारी निखिल अखौरी ने किया। बैठक सीएससर के वार्षिक बैठक में खलारी प्रखंड के 14 पंचायतों के मुखिया व पंसस एनके सलाहकार समिति सदस्य सहित अन्य गणमान्य मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस बैठक में एनके क्षेत्र के द्वारा बीते वर्ष में सीएससर के तहत हुए कार्यों के समीक्षा किया गया। साथ ही 2024.25 के लिए संभावित प्रमुख सीएसआर कार्यों की सूची पर सहमति बनाई गई। बैठक में सीसीएल प्रबंधन की तरफ से जनप्रतिनिधियों को बताया कि सीएसआर फंड को मुख्यतः पेयजल शिक्षा स्वास्थ्य इत्यादि में उपयोग करना है। बैठक में जन प्रतिनिधियों के द्वारा दूर दराज के जरूरतमंद गांव में सीएसआर कार्यों को करने के लिए जोर दिया गया। बैठक में सीएसआर के तहत ग्रामीणों को वैकल्पिक रोजगार को बढ़ावा देने पर सहमति बनी। इस दौरान सीएसआर अधिकारी महिलाओं को कौशल विकास से जोड़ कर अंतनिर्भर करने के लिय मशरूम उत्पादन सैनिटरी पैड बनानाए झाडू-पोछा बनाना इत्यादि का प्रशिक्षण दिए जाने की सहमति बनी।

# कांके : टुसू मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**कांके।** मकर संक्रांति अवसर पर सुकुरहुटू पिपर टंगरा में ऐतिहासिक टुसू मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से टुसू व पीठा आकर्षक का केंद्र रहा। मेला को संबोधित करते मुख्य अतिथि सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने कहा कि मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर और पहचान है। इस सांस्कृतिक विरासत को संजो कर रखने की आवश्यकता है।

इन्होंने सभी को मेला की बधाई दी और लोगों को नशा पान से दूर रहने और शिक्षा को बढ़ावा देने को कहा। टुसू प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार सुकुरहुटू गांव को दूसरा गारू गांव व तीसरा सुकुरहुटू सरना टोली ने प्राप्त किया। पीठा प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार कल्पना कुमारी, दुसरा संगीता देवी व तीसरा स्थान कोमल कुमारी को प्राप्त हुआ। टुसू के अवसर भाषण प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार रानी कुमारी, दूसरा कोमल कुमारी को मिला। टुसू पर्व के अवसर पर लगे मेला में युवतियों और महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के झारखंडी चित्रकला, पकवान बनाकर लाया गया।

### मेला में हुए शामिल

ऐतिहासिक टुसू मेला के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अमित महतो, उदघाटनकर्ता राजाराम महतो, विशिष्ट अतिथि राकेश किरण महतो, कमीशनर मुंडा, अनिल महतो टाईगर, निलेश मिश्रा, लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहु राजकुमार महतो दिलेश्वर महतो रामकुमार दीपक कमलेश महतो चंदन बैठा गोरी शंकर महतो आयोजन कर्ता दिलेश्वर महतो सलखू महतो रामशरण महतो संजीव कुमार महतो ललित महतो राजेन्द्र महतो राजेश महतो राहुल महतो अजय महतो विपिन महतो रोहित महतो आदि मौजूद थे।

# जननायक थे कर्पूरी ठाकुर, भारत रत्न मिलने पर हर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



निदेशक के साथ उपस्थित प्रशिक्षु छात्र।

**ओरमांझी।** जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी पर 24 जनवरी को उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज केदल में एक कार्यक्रम आयोजित कर भारत सरकार द्वार भारत रत्न देने के लिए हर्ष जताया गया। कालेज के निदेशक राजेश कुमार कंडरवार ने कहा राजनीति में ईमानदारी सज्जनता व लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक की उपाधी मिली। कर्पूरी ठाकुर बिहार राज्य में दो बार मुख्यमंत्री रहने के बावजूद उनकी सामान्य जीवन शैली से जनता काफी प्रभावित थें। आज भारत रत्न सम्मान मिलने के बाद युवा उनके जीवनी से प्रेरणा लेंगे। वहीं सचिव संतोष महतो ने कर्पूरी ठाकुर की संघर्षपूर्ण जीवन व उपलब्धियों की जानकारी प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को दी और कहा जनता के लिए प्रेरक व देश में उल्लेखनीय कार्य करने वाले को मरणोपरान्त भी भारत रत्न सम्मान मिलता है। कर्पूरी ठाकुर पिछड़ों-गरीबों के मसीहा थे। साथ ही उनकी सादगी भरा जीवन, सामाजिक समरसता एवं गरीब कल्याण वाले राजनेता के रूप में जाना जाता है। यह सम्मान उनके सामाजिक जीवन में दिए योगदान का सम्मान है। इससे पूर्व निदेशक और सचिव के साथ प्राचार्य डॉ चंदन कुमार पंकज व उपप्राचार्या दयामनी कुमारी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर डीएलएडी विभागाध्यक्ष स्वाती अंजना टोप्पो, डॉ कुमारी कुसूम लता, इन्दू कुमारी झा, राखी कुमारी, सुनिता किस्पोट्टा, नित्यानन्द कोईरी ब्रिजिता कुमारी, अलका कुमारी, निर्मला कुमारी, जन्मजय महतो, संदीप महतो, रेहान फजल, संचाली नाग, प्रमिला कुमारी, सलमा टुडू, अरूण कुमार पाहन, रंजू कुमारी, शालिनी कुमारी, मेघा महली व व्याख्यातागण के साथ गैर-शैक्षणिक कर्मी व प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

पुनः अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 44/2023–24

दिनांक 22/01/2024

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बरही | पंचायत केदारूत के ग्राम खैरोन से ग्राम कटियौन तक पथ निर्माण। | 19443310.00 | 10000.00 | 389000.00 | एक वर्ष | द्वितीय |
| 2 | चलकुशा | +2 उच्च विद्यालय, चौबे का चाहरदिवारी निर्माण। | 6214400.00 | 10000.00 | 125000.00 | नौ माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 27.01.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 27.01.24 से 05.02.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.02.2024 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261408 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 316803 Building(23-24)D

## कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री तिथि – दिनांक 02.02.24 एवं 03.02.24 को 11:00 बजे पूर्वाहन से 02:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.02.24 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 05.02.24 को 04:00 बजे अपराह्न तक।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट।

1. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | क्र0सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गोरहर में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2445100.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 2 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बेलकपी में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2445100.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 3 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, झुरझुरी में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2445100.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 4 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गयपहाडी में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2445100.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 5 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, शिलाडीह में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2445100.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 6 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बारवा में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2445100.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 7 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चांदगढ़ में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2445100.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 8 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बंडासिंघा में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2445100.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 9 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मेरमगढ़ा में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2445100.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 10 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चेचकपी में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2445100.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 11 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, खैरियो में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2445100.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 12 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जतघघरा में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2445100.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 13 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सकरेज में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2498000.00 | 2500.00 | 50000.00 | छः माह |
| 14 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बुधियाडीह में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2445100.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 15 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मधुबन में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 2448300.00 | 2500.00 | 49000.00 | छः माह |
| 16 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, तरबेचवा में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 1671100.00 | 2500.00 | 34000.00 | छः माह |
| 17 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिझुआ में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 1671100.00 | 2500.00 | 34000.00 | छः माह |
| 18 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, परबता में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 1671100.00 | 2500.00 | 34000.00 | छः माह |
| 19 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, भैयाडीह में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 1671100.00 | 2500.00 | 34000.00 | छः माह |
| 20 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, नायकटोला, गंगपाचों में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 1671100.00 | 2500.00 | 34000.00 | छः माह |
| 21 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, भुईयांटोली, हेलना कपका में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 1671100.00 | 2500.00 | 34000.00 | छः माह |
| 22 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, गंगटियाही में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 1671100.00 | 2500.00 | 34000.00 | छः माह |
| 23 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, नयाखाप बारवां में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 1671100.00 | 2500.00 | 34000.00 | छः माह |
| 24 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, सोंडाखाप में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 1671100.00 | 2500.00 | 34000.00 | छः माह |
| 25 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, किमनिया में किचेन सह स्टोर का निर्माण। | 1671100.00 | 2500.00 | 34000.00 | छः माह |

नोट :–
1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्त्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

PR 316880 Rural Development(23-24)#D

# राम राज्य-गणराज

हमारे संविधान निमार्ताओं ने रामराज्य को एक समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में देखा। इसकी वजह है कि भारत एक बहुसांस्कृतिक व बहुधर्मी देश है। जिसके चलते भारतीय गणराज्य की कल्पना एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में की गई। आज के केवट व सबरी के घर भी आर्थिक विकास की रोशनी पहुंचे। राम-रहीम की गंगा जमुनी संस्कृति को संवारा जाए। अमृतकाल का अमृत समाज के अंतिम व्यक्ति तक भी पहुंचे। ऐसा रामराज्य जिसमें पारदर्शिता के साथ वास्तविक सुशासन हो। एक आदर्श सुशासन की व्यवस्था ही उनके लिये सच्चा लोकतंत्र था। जिसमें राजा और रंक के समान अधिकार हों। उनकी दृष्टि में रामराज्य ममता समता का शासन था। सत्य और धर्म उसका आधार था। यद्यपि उनकी दृष्टि में राम-रहीम में कोई भेद नहीं था। बहरहाल, अब जब सदियों के विवाद का पटाक्षेप करके अयोध्या में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य विधिवत संपन्न हो गया है तो देश का ध्यान हमारे सामने मौजूद अन्य विकट चुनौतियों पर हो। यह खुशी की बात है कि देश दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। लेकिन हमें अब देश में व्याप्त बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता को दूर करने को अपनी प्राथमिकता बनाना होगा। वहीं अयोध्या में राममंदिर का बनना इस मायने में महत्वपूर्ण है कि धार्मिक पर्यटन से पूर्वी उत्तर प्रदेश में रोजगार के तमाम नये अवसर मिलेंगे। सही मायनों में रामराज्य की वास्तविक अवधारणा साकार रूप ले। सत्ताधीश राजनीतिक और सामाजिक जीवन में मयार्दा की भी प्रतिष्ठा करें। उसमें श्रीराम के समावेशी दृष्टिकोण की आभा नजर आए। जिसमें केवट, शबरी, निषादराज, जटायु, सुग्रीव आदि को भी न्याय मिले। राम राज्य गणराज में तब्दील हो सके।

# नव सूर्योदय

नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार दिसंबर, 2023 तक भारत में रूफटॉप सोलर क्षमता लगभग 11.08 गीगावॉट है। विश्व ऊर्जा की जरूरतों की निगरानी करने वाली संस्थाएं बता रही हैं कि आने वाले तीन दशक में दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत में ऊर्जा की मांग में सबसे ज्यादा वृद्धि होने वाली है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि हम इस चुनौती के मुकाबले के लिये ऊर्जा के नये स्रोतों को तलाशें। निस्संदेह, नवीकरणीय ऊर्जा इसका बेहतर विकल्प हो सकता है। देश में थर्मल और जल विद्युत परियोजनाएं के नफे-नुकसान को देखते हुए स्वच्छ ऊर्जा ही कारगर विकल्प बचता है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह से लौटने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना की शुरूआत करने की घोषणा की। जिसका मकसद समाज के कमजोर वर्गों को बिजली के बिल से राहत दिलाने के साथ ही स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना भी है। इस योजना का उद्देश्य देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना है। इस योजना के तहत गरीबों व निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों का बिजली का खर्च घटाने के मकसद से देश के एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाने का फैसला किया है। यूं भी देश में मुफ्त बिजली देना बड़ा राजनीतिक मुद्दा रहा है, जिसका नकारात्मक प्रभाव बिजली विभाग की सेहत पर भी पड़ता है। इस बाबत जरूरी ब्योरा देने के लिये वेबसाइट शीघ्र जारी होगी। जिसके जरिये इच्छुक भारतीय नागरिक आवेदन कर सकेंगे। इस अभियान के तहत अधिकारियों से राष्ट्रीय स्तर पर मुहिम चलाने को कहा गया है। देश की भौगौलिक स्थिति ऐसी है कि सूर्य का प्रकाश 320-340 दिनों तक उपलब्ध रहता है।

# गणतंत्र के उद्देश्य स्तरीय शिक्षा से ही पूरे होंगे



**यह** हमारे देश की संप्रभुता का पर्व है, यह देश के आत्मसम्मान के साथ-साथ देश के नागरिकों की गरिमा को बनाए रखने के संकल्प का त्यौहार है, जिसके बिना अन्य सभी दिवसों, उत्सवों, त्योहारों और पर्वों का उल्लास और उत्साह बेमानी है। यदि स्वाधीनता हर मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है, तो एक संप्रभु एवं स्वाधीन राष्ट्र के बिना स्वाधीनता की अक्षुण्णता को बनाए रखना असंभव है। तुलसीदास ने पराधीनता की पीड़ा की पहचान करते हुए इसे प्राणी मात्र के लिए अभिशाप माना है- पराधीन सपनेहु सुख नाही।

कोरोना के तीसरे लहर के बीच देश के सबसे बड़ें राज्य के चुनाव में जिस प्रकार का दोस्ताना हंगामा नेताओं के बीच दिख रहा है वहां सिर्फ भ्रम में नेता ही है कि जनता को बरगलाया जा सकता है। नीति और नियत को लेकर अस्पष्ट स्थितियों से हमारे देश की स्थिति विश्व में लगातार अस्पष्ट होती जा रही है लेकिन अब कुछ नियंत्रण दिखता है। देश का गणतंत्र सामरिक ताकत की ओर देखता है और फिर सकून पाता है। ऐसा नहीं है कि हम शीर्ष को कोसकर बच सकते हैं लेकिन शीर्ष गणतंत्र के साथ बेईमानी न करें तो स्थितियां सुधर ही जाती है। आज देश के विकास और प्रगति को नकारा नहीं जा सकता है।

हमारे नेताओं द्वारा एहसास कराया जाता है कि जनता को अधिकतम भागीदारी व उसके हितों की सुरक्षा, न्याय एवं कल्याण के लिए अपनायी गई लोकतांत्रिक व्यवस्था विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था है, जो उतरोत्तर जनपक्षधरता के नये-नये आयाम स्थापित कर रही है। सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तनकारी कारकों में पिछड़ी जाति, दलित शक्ति का उभार, महिला शक्ति का जागरण आदि को स्वस्थ सामाजिक परिवर्तन के रूप में देखा जाता रहा है। देश की उपलब्धियों और विकास के विभिन्न क्षेत्रों-उद्योग, कला, साहित्य, सिनेमा, विज्ञान, संचार, सुरक्षा, स्वास्थ्य आदि-के उल्लेखनीय आंकड़े गिनाये जाते हैं। खुली अर्थनीति, निजीकरण के साथ तेजी से बढ़ते मध्यवर्ग के आधार पर आर्थिक मजबूती की चाल को अहम उपलब्धि गिनाया जाता है। व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर बढ़ता हुआ आंतरिक खोखलापन और पतन के नए-नए प्रतिमान स्वाधीनता की अवधारणा और यथार्थता पर प्रश्नचिह्न है।नैतिक और आदर्श जीवन मूल्यों के प्रति घोर उपेक्षा का भाव पनपा है। उदारीकरण के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आगमन एवं बढ़ते पाश्चात्य प्रभाव ने पतनशीलता, कर्तव्यहीनता और मानसिक दिवालियापन के शिकंजे को और कस दिया है। भारतीय संस्कृति को लेकर उपेक्षा, नियमों और कानूनों के प्रति अनुशासनहीनता, व्यक्ति, परिवार, समाज और सरकार के प्रत्येक स्तर पर भ्रष्ट और अनैतिक आचरण, स्वतंत्रता को निरंकुशता या मनमर्जी समझने की बढती प्रवृति देश के भौतिक या आर्थिक विकास की कथित उच्चता के समक्ष एक सवाल की तरह है। बच्चों की तस्करी से लेकर उनके साथ बढ़ते यौन अपराध एवं महिलाओं के साथ अनवरत शोषण और वीभत्स क्रूरता हमारे तथा कथित आर्थिक विकास का अवमूल्यन करते है सदियों से नारियों की पूजा और सम्मान की संस्कृति वाले देश में वास्तव में नारी जाति का सम्मान करना भूल गए है। ऐसा लगता है कि महिलाओं और लड़कियों पर फब्तियां कसना, घूरना और पीछा करना मानों नैसर्गिक अधिकार है और आज़ादी इसी के लिए मिली हुई है। क्या हमारे देश में एक महिला को आजाद और समान नागरिक की तरह जीने की अनुमति नहीं है? अगर नहीं तो हम एक स्वाधीन चेतना वाले समाज में नहीं बल्कि एक असभ्य और बर्बर समाज में रह रहे हैं। आज भी महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठाने पड़ते है। कभी रोमियो स्क्वाड के रूप में तो कभी मेट्रो ट्रेन में महिलाओं के लिए अलग कोच सुरक्षित करके देश की सरकारों को सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाने पड़ते हैं, फिर भी लोग सड़क हादसों से सबक नहीं लेते, लोग लाल बत्ती पर रुकना पसंद नहीं करते है, लाल बत्ती पार करना शान समझते है। यह कैसी स्वाधीनता है कि सफाई के लिए भी सरकार को अभियान चलाना पड़ रहा है, विज्ञापन निकलने पड़ रहे है फिर भी लोगों की मानसिकता बनी हुई है कि सफाई करना उनका काम नहीं बल्कि अन्य लोगो या सरकारी मशीनरी का है।



\- डॉ मेरी ग्रेस

> ऐसा लगता है कि महिलाओं और लड़कियों पर फब्तियां कसना, घूरना और पीछा करना मानों नैसर्गिक अधिकार है और संवैधानिक अधिकार में बराबरी व्यर्थ है। क्या हमारे देश में एक महिला को आजाद और समान नागरिक की तरह जीने की अनुमति नहीं है? अगर नहीं तो हम एक स्वाधीन चेतना वाले समाज में नहीं बल्कि एक असभ्य और बर्बर समाज में रह रहे हैं। आज भी महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठाने पड़ते है।

आज हमारे हाथों में उच्च गुणवता के स्मार्टफोन है लेकिन हमारे पास स्वातंर्त्य-चेतना नहीं है, विवेक नहीं है कि हमें स्मार्टफोन का इस्तेमाल किन उदेश्यों के लिए करना हैअर्थात स्वतंत्रता के साथ कर्तव्य और अनुशासन का जो विवेक विकसित होना चाहिए वह यदि नहीं होता है तो निः संदेह हम सही अर्थों में स्वतंत्र नहीं है। विवेक रहित स्वतंत्रता पशुता की निशानी है। यह सच है कि स्वाधीनता व्यक्ति, समाज और देश के सर्वांगीण विकास के लिए अतिआवश्यक है लेकिन ऐसी स्वाधीनता की क्या सार्थकता है जिसमें मनुष्य के बहुआयामी विकास की संभावनाएं न हो ? ऐसी स्वाधीनता, जो उपभोक्तावादी और खुले बाजार पर गढ़ी अपसंस्कृति को बढ़ावा दे रही हो, जिसके कारण हम आत्म संशय से ग्रस्त, मनुष्य की गरिमा से अनजान, प्रकृति और अन्य प्राणियों के साथ सार्थक संबंधों से रहित होते जा रहे है, से हम किस तरह की मानवीय संस्कृति का निर्माण कर रहे है ?

गणतंत्र होने का अर्थ मानवीय अधिकारों के उच्चतम स्थिति को पाना है। हम डेढ़ सौ करोड़ भारतीय आज भी स्तरीय शिक्षा के लिये तरस रहें हैं, स्वास्थ्य की सुविधा को लेकर लाचार है, पीने के पानी जैसी सुविधा मुहाल है, आवास और न्यूनतम साधन को पाना हमारे जीवन का अर्थ बना है। शत प्रतिशत स्तरीय शिक्षा हमारा पहला नारा हो जिससे देश की 80 प्रतिशत समस्या समाप्त होती है। दुर्भाग्य है कि अमेरिका के एक यूनिवर्सिटी के बजट के बराबर हमारे देश का शिक्षा बजट है फिर हम गणतंत्र दिवस पर अपनी पीठ कुछ तस्वीरों के साथ नहीं थपथपा सकते हैं।

(लेखिका राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षाविद, उर्सूलाइन इंटर कॉलेज रांची की प्राचार्या हैं।)

## खास बात

### गणतंत्र की नींव

**मनोज कुमार सिन्हा**

26 जनवरी 1950 को भारतीय इतिहास में एक सुनहरा अध्याय लिखा गया। इसी दिन भारतीय संविधान को लागू किया गया और भारत औपचारिक रूप से एक लोकतांत्रिक गणतंत्र बन गया। हम राष्ट्रपति के अधीन आत्मनिर्भर हो गए, जहां संविधान ही हमारा सर्वोच्च कानून बन गया। इस दिन ने न सिर्फ एक स्वतंत्र राष्ट्र बल्कि एक समानता, न्याय, स्वतंत्रता वाला गणतंत्र दिया।

**राष्ट्रध्वज फहराता है, राष्ट्रगान गूंजता है**

हर साल 26 जनवरी को राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर यह महान पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है. सुबह के पहले किरणों के साथ तिरंगा फहराते हैं, पूरा वातावरण तिरंगे के रंगों से सराबोर हो जाता है. फिर राष्ट्रगान 'जन गण मन' की गूंज हर दिल में देशभक्ति का ज्वार जगा देती है. ये स्वर हमारी एकता, हमारे गौरव का प्रतीक बन जाते हैं।

**परेड का शौर्य, संस्कृति का रंगारंग**

राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान के बाद परेड का शानदार आयोजन होता है। सेना के वीर जवान, नौसेना के जांबाज सिपाही, वायुसेना के निडर योद्धा अपनी शक्ति, अनुशासन का प्रदर्शन करते हैं. युद्धक टैंक, मिसाइल, हेलीकॉप्टर इत्यादि आधुनिक हथियारों का प्रदर्शन देश की रक्षा क्षमता का परिचय देता है. वहीं विभिन्न राज्यों की रंगारंग झांकियां देश की सांस्कृतिक विविधता को जीवंत करती हैं. हर झांकी अपने इतिहास, परंपरा, कला को एक मंच पर खींच लाती है. ये झांकियां भारत की आत्मा, उसकी विरासत की झलक दिखाती हैं।

**गणतंत्र दिवसः सिर्फ उत्सव नहीं, जिम्मेदारी का बोध**

26 जनवरी सिर्फ एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि हमारे लिए एक संकल्प लेने का भी दिन है. हमें संविधान की मूल्यों - समानता, न्याय, स्वतंत्रता - को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए. हमें अपने गणतंत्र की रक्षा का वचन लेना चाहिए. हमें गरीबी, भ्रष्टाचार, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ने का संकल्प लेना चाहिए।

# सेना का लंका में प्रवेश

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**जब** तक यह परा शक्ति से इस जीव की भेंट नहीं होती है, राम और सीता का मिलन नहीं होता है। इसी मिलन को परमात्म दर्शन कहते हैं। यही परमात्म साक्षात्कार है। युद्ध विरुद्ध क्रुद्ध दौ बंदर। राम प्रताप सुमिरि उर अंतर।। लंका नगर चारो आरे से चहारदिवारी से सुरक्षित थी। बहुत मजबूत पत्थल से बनी हुई और काफी मोटी एवं ऊंची चहारदिवारी थी। इसके भीतर लंका नगरी थी। चार फाटक बने हुए थे। ये सभी लौह के विशाल फाटक बहुत मजबूत बने थे। राम की सेना चारदीवारी के पास थी। इनलोगों ने विचार करना प्रारंभ करना शुरु किया कि आक्रमण का कौन सा ढंग अपनाया जाए। जामवंतजी मंत्री थे। उन्हीं से राय सलाह ली जाती थी। उन्होंने यह सोचा कि दिवारों को तोड़ने की अपेक्षा गेट को भी तोड़ा जाए। युद्ध का ऐसा नियम था कि सूर्योदय होते ही युद्ध आंरभ हो जाता था और सूर्यास्त होते ही युद्ध बंद हो जाता था। लंकानगर की चार दिवारी के चारों फाटक पर सुग्रीव की सेना जम चुकी थी और हनुमानजी जिस फाटक पर आगे-आगे चले थे तो हुनमानजी के पीछे अनेक सैनिक थे।हनुमान जी ने जंगल से ही बहुत मोटा और लंबा सखुआ का सिल्ली इनलोगों के साथ उठा लिया था। उसी सिल्ली के द्धारा अनेक लोग फाटक पर प्रहार कर रहे थे। एक साथ सभी मिलकर लकड़ी के उस सिल्ली से जब मारते थे तब धीरे-धीरे वहफाटक गिर गया। जब फाटक टूट गया तो श्रीराम का जयकारा लगाते हुए सेना लंका में प्रवेश कर गयी। उधर रावण की सेना भी तैयार थी। दोनों ओर से गुत्थम- गुत्था और युद्ध आंरभ हो गया। इधर से राम का जयकारा लगा रहे थे।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

दादा साहब फाल्के आइकॉन अवार्ड के तहत मुझे वेस्ट ऑइकोन एमपी से सम्मानित करने के लिए चुना गया है। यह सम्मान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा जी के कुशल मार्गदर्शन और क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद व विश्वास का परिणाम है।

**– संजय सेठ सांसद रांची**

## आपके X ट्वीट

झारखण्ड को हमेशा से खनिज संपदा और खनन के लिए जाना जाता है। वर्षों से उसी को लेकर नीति निर्धारण होता रहा है। मगर हमने राज्य को आगे ले जाने के लिए यहां की सामाजिक, स्वास्थ्य और शैक्षणिक क्षेत्रों पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।**– हेमंत सोरेन, सीएम**





देशभर के मेरे परिवारजनों की ओर से जननायक कपूर्री ठाकुर जी को उनकी जन्म-शताब्दी पर मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। इस विशेष अवसर पर हमारी सरकार को उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। **– नरेन्द्र मोदी**


# सामरिक सुरक्षा और सम्मान से ही हमारा गणतंत्र सुरक्षित

**अवधेश कुमार**

## गणतंत्र विशेष

**अपने** गौरव प्रतीक विकसित हों अंग्रेजों ने 1931 में इंडिया गेट का निर्माण प्रथम विश्वयुद्ध और उससे पहले के युद्धों में मारे गए 84 हजार जवानों की स्मृति में किया था। वह सब भारतीय जवान थे जो ब्रिटिश सेना में शामिल होकर युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए। इस तरह यह अंग्रेजों द्वारा निर्मित युद्ध स्मारक है। ऐसा नहीं है कि अंग्रेजों ने जो भी भवन या स्मारक बनाए उन सबको नष्ट कर दिया जाए या उनकी स्मृतियों को खत्म कर दिया जाए। उन सबको खत्म कर उनकी जगह नए सिरे से सारे निर्माण संभव नहीं और न यह व्यावहारिक और उपयुक्त ही है। इस कारण इंडिया गेट है और रहेगा, किंतु उपनिवेश काल के गौरव प्रतीकों की जगह अपने गौरव प्रतीक विकसित होने ही चाहिए। अमर जवान ज्योति को इंडिया गेट से राष्ट्रीय युद्ध स्मारक स्थानांतरित करने का दृश्य पूरे देश ने देखा। सैन्य परेड, गार्ड ऑफ ऑनर से सुसज्जित भव्य समारोह में इंडिया गेट की अमर ज्योति को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की अमर ज्योति के साथ मिला दिया गया। अनजाने में यह बोला और लिखा कि अमर जवान ज्योति बुझा दी जाएगी। यह बात समझ से परे है कि आखिर इस तरह की अफवाह कैसे फैलाई जा सकती है? एक ज्योति से दूसरी ज्योति को जलाना और अमर जवान की सामूहिक ज्योति के साथ उसको समाहित करना बुझाना नहीं होता। वास्तव में अगर राजनीति न हो तो यह कदम किसी दृष्टि से विरोध और विवाद का नहीं है। कोई भी सरकार हमारे देश की रक्षा या सम्मान की खातिर अपनी जान गंवाने वाले वीर बलिदानियों के सम्मान को कम नहीं कर सकती है। जैसा हम जानते हैं अमर जवान ज्योति 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में बलिदान देने वालों वाले 3843 वीर सैनिकों की स्मृति को जीवित रखने के लिए जलाई गई थी। स्वातंत्र्योत्तर भारत के सैन्य इतिहास में वह ऐसा स्वर्णिम अध्याय है जिसे भारत कभी भी भुला नहीं सकता। लेकिन क्या इंडिया गेट ही अमर जवान ज्योति के लिए उपयुक्त जगह था? अंग्रेजों ने 1931 में इंडिया गेट का निर्माण प्रथम विश्वयुद्ध और उससे पहले के युद्धों में मारे गए 84 हजार जवानों की स्मृति में किया था। वह सब भारतीय जवान थे जो ब्रिटिश सेना में शामिल होकर युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए। इस तरह यह अंग्रेजों द्वारा निर्मित युद्ध स्मारक है। ऐसा नहीं है कि अंग्रेजों ने जो भी भवन या स्मारक बनाए उन सबको नष्ट कर दिया जाए या उनकी स्मृतियों को खत्म कर दिया जाए। उन सबको खत्म कर उनकी जगह नए सिरे से सारे निर्माण संभव नहीं और न यह व्यावहारिक और उपयुक्त ही है। विश्व के सारे प्रमुख देशों ने ऐसा किया है। वैसे भी वहां अमर जवान ज्योति 1971 के वीर शहीदों की याद में तब लगाया गया जब हमारे पास युद्ध स्मारक नहीं था। जब युद्ध स्मारक बन गया तो अमर जवान ज्योति के अलग से अन्यत्र होने का कोई कारण नहीं। यह उचित भी नहीं। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में 26,642 नाम अंकित हैं। 1947 से लेकर भारत की रक्षा में जितने जवान वीरगति को प्राप्त हुए सभी के नाम इसमें अंकित हैं। वहां 1947-48 का युद्ध, गोवा ऑपरेशन, 1962 ऑपरेशन, 1965 वॉर, 1971 वॉर, कारगिल वॉर से लेकर हाल ही में गलवान में जान गंवाने वाले जवानों, आतंकवाद से संघर्ष करते हुए शहीद हुए जवानों के नाम खुदे हैं। इसमें ऐसी व्यवस्था है कि आगे भी ऐसे शहीदों के नाम अंकित किए जाएंगे। सच यह है कि इंडिया गेट पर 1971 में वीरगति को प्राप्त हुए जवानों के नाम अंकित नहीं है। इसके विपरीत राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में उन सारे जवानों के नाम लिखे हुए हैं तो जहां जवानों के नाम लिखे हुए हैं वहां उस ज्योति का होना जरूरी है या जहां नहीं लिखे हैं वहां?

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### साइकिल की जरूरत

**आज** बदलती जीवनशैली के चलते कोई भी साइकिल को यातायात के लिए इस्तेमाल नहीं करना चाहता। जबकि पर्यावरण स्वच्छता में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। अपने शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। कई शहरों में तो साइकिल चलाने वालों के लिए अलग से ट्रैक बने हैं। जरूरत है कि सरकार साइकिल चलाने वालों को प्रोत्साहन दे। **– रवि, कोडरमा**

### देर से सही निर्णय

**भारत**-म्यांमार सीमा के बीच बाड़बंदी करने का सरकार का विचार वहां गृह युद्ध को देखते हुए शरणार्थियों को रोकने के लिए अत्यावश्यक था। इसे शीघ्रता से पूर्ण किया जाना चाहिए। अभी तक म्यांमार से मिजोरम और आसपास के प्रदेशों में तीस हजार से अधिक शरणार्थी आ चुके हैं। जो आने वाले समय में देश के लिए भी एक चुनौती हो सकती है।

**– रविन्द्र सिंह, रांची**

# संविधान सभा ने देश को दिया विश्व का श्रेष्ठतम संविधान

**विजय केसरी**

## विमर्श

**भारत** का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है, जो संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ था। यह विधान 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ था । 26 नवम्बर,भारतीय संविधान सभा के लिए जुलाई 1946 में तिथि तय हुई थी। संविधान सभा की पहली बैठक दिसंबर 1946 को हुई थी। इसके तत्काल बाद देश आंतरिक तौर पर दो भागों , भारत और पाकिस्तान में बंट गया था। संविधान सभा भी दो हिस्सो में बंट गई थी। एक भारत की संविधान सभा और दूसरी पाकिस्तान की संविधान सभा। भारतीय संविधान लिखने वाली सभा में 299 सदस्य थे, जिसके अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे। संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 में अपना काम पूरा कर लिया था। 26 जनवरी 1950 को यह संविधान लागू हुआ। इसी दिन की याद में हम हर वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं।

भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से तैयार करने में 2 वर्ष, 11 माह, 18 दिन का समय लगा था। के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है जबकि 26 जनवरी का दिन भारत में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के संविधान का मूल आधार भारत सरकार अधिनियम 1935 को माना जाता है। भारत का संविधान विश्व के किसी भी गणतान्त्रिक देश का सबसे लम्बा लिखित संविधान है।

भारतीय संविधान में वर्तमान समय में भी केवल 395 अनुच्छेद, तथा 12 अनुसूचियाँ हैं । ये 25 भागों में विभाजित है। परन्तु इसके निर्माण के समय मूल संविधान में 395 अनुच्छेद जो 22 भागों में विभाजित थे । इसमें केवल 8 अनुसूचियाँ थीं। संविधान में सरकार के संसदीय स्वरूप की व्यवस्था की गई है जिसकी संरचना कुछ अपवादों के अतिरिक्त संघीय है। केन्द्रीय कार्यपालिका का सांविधानिक प्रमुख राष्ट्रपति है। भारत के संविधान की धारा 79 के अनुसार, केन्द्रीय संसद की परिषद् में राष्ट्रपति तथा दो सदन है, जिन्हें राज्यों की परिषद राज्यसभा तथा लोगों का सदन लोकसभा के नाम से जाना जाता है। संविधान की धारा 74 (1) में यह व्यवस्था की गई है। राष्ट्रपति की सहायता करने तथा उसे परामर्श देने के लिए एक रूप होगा, जिसका प्रमुख प्रधानमन्त्री होगा, राष्ट्रपति इस मन्त्रिपरिषद की सलाह के अनुसार अपने कार्यों का निष्पादन करेगा। इस प्रकार वास्तविक कार्यकारी शक्ति मन्त्रिपरिषद में निहित है । जिसका प्रमुख प्रधानमन्त्री है ,राज्यपाल राज्य का प्रमुख है। प्रत्येक राज्य का एक राज्यपाल होगा तथा राज्य की कार्यकारी शक्ति उसमें निहित होगी। मन्त्रिपरिषद, जिसका प्रमुख मुख्यमन्त्री है, राज्यपाल को उसके कार्यकारी कार्यों के निष्पादन में सलाह देती है। राज?य की मन्त्रिपरिषद से राज्य की विधान सभा के प्रति उत्तरदायी है। संविधान की सातवीं अनुसूची में संसद तथा राज्य विधायिकाओं के बीच विधायी शक्तियों का वितरण किया गया है। अवशिष्ट शक्तियाँ संसद में विहित हैं। केन्द्रीय प्रशासित भू-भागों को संघराज्य क्षेत्र कहा जाता है। द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद जुलाई 1945 में ब्रिटेन ने भारत संबन्धी अपनी नई नीति की घोषणा की तथा भारत की संविधान सभा के निर्माण के लिए एक कैबिनेट मिशन भारत भेजा, जिसमें तीन मंत्री थे। 15 अगस्त 1947 को भारत के आजाद हो जाने के बाद संविधान सभा की घोषणा हुई थी। इसने अपना कार्य 9 दिसम्बर 1947 से आरम्भ कर दिया। सदस्य भारत के राज्यों की सभाओं के निर्वाचित सदस्यों के द्वारा चुने गए थे।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


स्पीड न्यूज

## रामगढ़ के चट्टी बाजार में श्रीलेदर्स के शोरूम का उद्घाटन आज




**रामगढ़।** चट्टी बाजार में बुधवार को श्रीलेदर्स के शोरूम का उदघाटन 25 जनवरी को होगा। उद्घाटन को लेकर शोरूम में प्रेस वार्ता में सौरव विश्वास ने कहा कि श्रीलेदर्स के शोरूम का गुरुवार को होगा उद्घाटन होगा। उन्होंने कहा कि प्रथम शोरूम का उद्घाटन 1952 ई में जमशेदपुर में हुआ था। विश्वास ने कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य गुणवत्ता वाले उत्पाद और ग्राहकों को संतुष्टि देना है। कहा की ग्राहकों की पसंद के अनुसार हम उन्हें अपना प्रोडक्ट देते हैं और कंपनी के विस्तार में इससे मदद मिली है। कहा की हम ग्राहकों के पसंद के अनुरूप ही आगे भी उन्हें गुणवत्ता पूर्ण सामान देते रहेंगे। प्रेस वार्ता में रविंद्र सिंह,निर्मालया रॉय और सुशांतो डे मौजूद थे।

## डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, बिजली, सड़क, मानदेय भुगतान, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**रामगढ़।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बुधवार को सदर अस्पताल सहित विभिन्न प्रखंडों में कार्यक्रम हुआ। सदर अस्पताल रामगढ़ में नवजात बच्चियों की माताओं के बीच बेबी किट आदि का वितरण जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति भाग्य सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा किया गया मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों की जानकारी दी गई वहीं उन्होंने बच्चियों के पोषण को लेकर भी कई आवश्यक जानकारियां सभी को दी। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा शपथ ग्रहण सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

## सड़क दुर्घटना में झामुमो महिला मोर्चा की सचिव के बेटे की मौत



**कुजू।** सड़क दुर्घटना में झामुमो महिला मोर्चा की जिला सचिव गीता देवी के पुत्र विशाल कुमार के मौत होने पर पूरे मुरपा सहित राजनीतिक दलों के नेताओ ने शोक की लहर है। दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा आवास पहुंचकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया। बाद में युवक को शव का अंतिम संस्कार किया गया। मुरपा निवासी गीता देवी के पुत्र विशाल कुमार सोमवार रात मांडू से अपना घर लौट रहा था। इस दौरान रिलायंस पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गये। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। बाद में उसे इलाज के लिए हॉप ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। 22 जनवरी को छुट्टी के कारण अपने घर पर ही था। युवक का शव देखते ही माता-पिता एवं भाई व परिजन दहाड़ मारकर ,फफक कर रो पड़े। शोक व्यक्त करने वालों में दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, झामुमो रामगढ़ जिला अध्यक्ष विनोद किस्कु, झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, तिवारी महतो, राजद जिलाध्यक्ष गुलजार अंसारी, नरेश महतो, तेजनाथ महतो, कुलेश्वर महतो, उमेश चंद्र पटेल, मुखिया ललिता देवी, अशोक महतो, राकेश मेहता, बादल महतो वकील महतो, नरेश पटेल, तुलसीदास महतो, हीरालाल महतो, शैलेन्द्र महतों, शम्भू ठाकुर, परमेश्वर महतो, राजदेव महतो, महेश ठाकुर, नेतलाल ठाकुर, प्रेम पटेल, मनोज महतो, सुंदरलाल महतो, मनोज यादव, अमनदीप चौधरी, प्रदीप महतो, कालेश्वर महतो, विकास महतो, सुदामा महतो, मिनेश्वर महतो आदि शामिल थे।

सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, कहा

# जरूरतमंदों के असली ठाकुर थे

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के नूरा में कर्पूरी चौक पर बुधवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के 100 वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भारतीय नाई समाज द्वारा आयोजित जयंती समारोह को संबोधित करते हुए जायसवाल ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों के लोगों के लिए असली ठाकुर थे। उनका संपूर्ण जीवन समाज के लिए समर्पित रहा। ऐसे महान विभूति को किसी जाति धर्म के बंधेज में बांधना कतई उचित नहीं है, ऐसे महापुरुषों जाति- धर्म से उपर पूरे राष्ट्र के लिए आदर्श हैं और इन्हें उसी भाव से हम सभी को सम्मान देने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने का जो निर्णय लिया है वह स्वागत योग्य पहल है। नूरा स्थित कर्पूरी ठाकुर प्रतिमा स्थल के विकास और यहां सामूदायिक भवन निर्माण को लेकर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हम सभी प्रयास करें तो संभवतः प्रशासनिक अनुमिति मिल जाय। अगर यहां भवन निर्माण की अनुमति मिलती है तो हम अपने विधायक निधि की राशि से भव्य सामुदायिक भवन का निर्माण कराएंगे ताकि समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए यह भवन कारगर हो सके।



# बरकट्ठा में जल्द लगेगी कर्पूरी ठाकुर की मूर्ति : समन ठाकुर

## राष्ट्रीय नाई महासभा ने मनायी बिहार के पूर्व सीएम की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्रीय नाई महासभा के तत्वाधान में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गयी।अध्यक्षता मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासभा के प्रखंड सयोंजक समन ठाकुर व संचालन भगीरथ ठाकुर ने की।समारोह की शुरूवात मुख्य अतिथि समन ठाकुर,प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर,ऊषा ठाकुर,बीरेंद्र शर्मा,सोनू ठाकुर,नागेश्वर ठाकुर,युगल ठाकुर,रौशनी ठाकुर,उपेंद्र शर्मा आदि ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समन ठाकुर ने नाई समाज का सुदृढ़ीकरण और बालिका शिक्षा पर बल देने की बात कही। उन्होंने प्रतिभावान छात्राओं को हरसंभव मदद की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जल्द ही बरकट्ठा में जननायक कपूरी ठाकुर की मूर्ति व नाई समाज के भवन का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए



अपना निजी जमीन समाज के लिए समर्पित करने की घोषणा की।साथ देश के प्रधानमंत्री के कार्यो की प्रशंसा की। कपूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित कर नाई समाज को गौरान्वित किया।वहीं बालेश्वर ठाकुर ने लोगो से समाज के साथ जुड़े रहने की बात कही। बालिकाओं की शिक्षा के बढ़ावा को लेकर नाई समाज ने बच्चियों के मूल्यांकन करवाया गया।जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्राओं में सलोनी शर्मा,प्रियांशु कुमारी,रिया कुमारी को नाई समाज की। मौके पर मुखिया मुन्नी देवी, बिरेन्द्र कुमार शर्मा, बहादुर ठाकुर, राजेश ठाकुर, संतोष शर्मा, उषा देवी, कांति देवी पंचायत समिति सदस्य रेशमी देवी, संजय ठाकुर, दीपक ठाकुर, सुकर ठाकुर, मनोज ठाकुर, बासुदेव ठाकुर, नागेश्वर ठाकुर, उपेन्द्र शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर मैदान का निरीक्षण

**रामगढ़।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में रामगढ़ से गुजरेगी। जिसकी तैयारी को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, गौ रक्षा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता किशोर नाथ शाहदेव, विनय सिंह दीपू, प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता शांतनु मिश्रा, रियाज अहमद, जवाहर बल मंच के प्रदेश संयोजक तारीख अनवर, राजकुमार यादव, रामगढ़ शहर के फुटबॉल मैदान, जिला मैदान और मां छिन्नमस्तिका मंदिर का दौरा किया। बताया गया कि राहुल गांधी रामगढ़ पहुंचने में इन दोनों मैदानों में से एक मैदान में सभा करेंगे और आम जनता को संबोधित करेंगे।

# विष्णुगढ़ के सिरय में दो समुदायों के बीच झड़प, एक दर्जन घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के सिरय में दो समुदायों के बीच विद्यालय में अलग से गेट निर्माण को लेकर दो समुदायों में कहासुनी होते झड़प हो गई।झड़प दंगा का रूप धारण करता इन वक्त पर विष्णुगढ़ थाना पुलिस पहुंच गई।पुलिस के प्रभाव से रोक लगी। झड़प के दौरान दोनों और से रोड़ेबाजी में दर्जन भर से ज्यादा ग्रामीण घायल हो गये। यमुना महतो खेदादिह के नाक एवं माथा में गम्भीर चोट लगी,उसका नाक टूट भी गया ,उसे प्रार्थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। घायलों का इलाज किया जा रहा है।बहरहाल दण्डाधिकारी के साथ पुलिस बल सिरय गाव में कैम्प कर रही है।घटना बुधवार की है। जानकारी के मुताबिक डीएमएफटी मद से सिरय उत्क्रमित मध्य विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कार्य कराया जा रहा है।चाहरदीवारी के भीतर खेदादिह के एक समुदाय के ग्रामीणों ने तजिया रखने की जगह के अलावा आने जाने के लिए अलग से रास्ता की मांग कर रहे थे।

दूसरे समुदाय के ग्रामीणों का कहना था कि तजिया दूसरे गाव खेदाडीह से आता है ,लिहाजा गाव में तजिया रखने से परहेज करना चाहिए।जिस पर खेदादिह के खास समुदाय के ग्रामीणों ने स्कुल कैम्पस में तजिया रखने की जगह के अलावा अलग से गेट निर्माण की मांग पर अड़े रहे।चाहरदीवारी निर्माण को भी छति पहुंचाया गया।जिसका विरोध करने पर खेदादिह के ग्रामीणों रोड़ेबाजी करने लगे। प्रतिवाद में निर्माण कार्य को छति एवं बाधा पहुंचाने में शामिल खेदादिह के ग्रामीणों पर भी रोड़ेबाजी की गयी।जिससे दोनों समुदाय के एक दर्जन से अधिक ग्रामीण घायल हो गए।जानकारी पाकर एसडीपीओ अनुज उरांव,बीडीओ अखिलेश कुमार,सीओ रामबालक कुमार ,थाना प्रभारी रामनारायण सिंह सदल बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। मौके पर पुलिस एव प्रशासनिक अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर दोनों समुदायों के बीच हो रही रोड़ेबाजी से झड़प दंगा फसाद में तब्दील हो जाती।

एसडीपीओ अनुज उरांव ने बताया कि दोनों तरफ से 15 लोग नामजद किये गए है ,150 - 200 अज्ञात आरोपी बनाए गये हैं।

## रामगढ़ में वैश्य मोर्चा की भूख हड़ताल का पोस्टर जारी

**रामगढ़।** झंडा चौक स्थित होटल मनोहर रेसीडेंसी के सभागार में बुधवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के 30 जनवरी से रामगढ़ में प्रस्तावित 72 घंटे का भूख हड़ताल की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। भूख हड़ताल कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर, बैनर और पर्चा जारी किया गया। तय किया गया कि 27 जनवरी से पूरे क्षेत्र में प्रचार वाहन घुमाया जायेगा। जबकि, सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में बैठक करके समाज के बीच भूख हड़ताल का संदेश पहुंचाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि वैश्यों के हक अधिकार के लिए वे अपनी जान भी देने को तैयार हैं। श्री साहु ने कहा कि ओबीसी का 27% आरक्षण संवैधानिक अधिकार है। फिर भी सरकार वादा करके चुप्पी साधे हुए है। अब वैश्य एवं पिछड़ों को एक हो कर अपने अधिकार के लिए लड़ना होगा। बिना संघर्ष के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। इस लिए मुझे खुद भूख हड़ताल में बैठना पड़ रहा है। बैठक में ही केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने मांडू प्रखंड के ओरला ग्राम निवासी बसंत प्रसाद साहु को रामगढ़ जिला का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया है। जिसे सर्वसम्मति से स्वागत किया गया।

# सयाल उतरी पंचायत में 160 जरूरतमंदों को मिला कंबल

## हर हाल में गरीबों को ठंड से राहत पहुंचायी जायेगी : आशा देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल उत्तरी पंचायत में बढ़ती ठंड एवं सर्द हवाओं को देखते हुए बुधवार को जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत की मुखिया आशा देवी एवं पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येन्द्र यादव द्वारा करीब 160 वृद्ध, विधवा, दिव्यांग, असहाय और गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

मुखिया आशा देवी ने कहा कि गरीबों को हर हाल में सरकारी योजनाओं का लाभ उनके घर तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही ठंड से बचाने के लिए सबों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। जरूरत पड़ी तो आगे भी कंबल का वितरण किया जायेगा। पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येन्द्र यादव ने कहा कि किसी भी हाल में गरीबों को ठंड से ठिठुरते नहीं दिया जाएगा। हर हाल में पंचायत का



चौमुखी विकास और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारकर पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप मुखिया विमलेश कुमार, वार्ड सदस्य सीता देवी, संगीता देवी, कांति कुमारी, मंजूलता कुमारी, अंशी देवी, गीता कुमारी, विशाल कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

एक नजर में

## बाबूलाल मरांडी से मिले मनीष जायसवाल



**हजारीबाग।** भाजपा प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष का जिम्मेदारी मिलने के बाद बुधवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से उनके रांची आवास पर मुलाकात कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। जायसवाल ने हर साल की भांति वर्तमान साल भी अपने दूसरे कार्यकाल के चौथे वर्ष के कार्यों की विवरण पुस्तिका ₹सेवा वर्ष 2023 भी उन्हें भेंट की। बाबूलाल मरांडी ने विधायक मनीष जायसवाल के इस बेहतरीन कार्यकाल के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी सिद्दत के साथ जनसेवा में तल्लीन रहने की राय दी । जायसवाल ने बाबूलाल मरांडी से कहा की हमारा हरसंभव प्रयास रहेगा की संगठन के नेतृत्व की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरा उतरूं।

## दारू : बिरहोर टोला में लगा जनमन शिविर



**दारू।** इरगा पंचायत के बड़वार गांव के बिरहोर टोला वार्ड नंबर 14 में बुधवार को प्रधानमंत्री जनमन योजना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अलग-अलग योजना का स्टॉल लगाया गया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार के आदेशानुसार दारू प्रखंड के अंतर्गत सभी विभाग से कर्मी वंहा पर पहुंचे हुए थे। इस शिविर में इरगा पंचायत के मुखिया अनिता देवी, इरगा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि महावीर कुमार यादव, इरगा पंचायत के पंचायत सचिव राजकुमार उपस्थित रहे। इरगा पंचायत मुखिया अनिता देवी ने कहा की इस शिविर में वैसे योग्य लाभुक जिसका आवास, पेंशन, राशन कार्ड, मेडिकल, आंगनवाड़ी, पशुधन सेड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, खाता खुलवाना इत्यादि में नाम छूटा है वैसे लाभुकों का नाम जोड़ा जा रहा है। साथ ही साथ शिविर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जिसका आवास छूट गया है उनका भी आवेदन लिया जा रहा है। इस शिविर में कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे पसुधन सेड योजना में 11 आवेदन, राशनकार्ड ऑनलाइन में 8 आवेदन, नया आधार कार्ड 13 आवेदन, खाता खोलने से समधित 6 आवेदन प्राप्त हुए। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जांच जैसे बीपी, मलेरिया, बुखार इत्यादि से संबंधित 25 लोगों को जांच करके दवा दिया गया।

## टाटीझरिया में मनी कपूर्री ठाकुर की जयंती



**टाटीझरिया ।** प्रखंड के डहरभंगा पंचायत के सिंदरबांध तालाब में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जन नायक कपूर्री जयंती समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया । कार्यक्रम के अध्यक्षता सुखदेव ठाकुर और मंच संचालन किशोरी ठाकुर ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ने कहा की कपूर्री ठाकुर बिहार के मुख्य मंत्री थे जो जन जन के लोक प्रिय थे । उन्हे वर्तमान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओर से उनके परिजनों को 100 वी जयंती के अवसर पर मरानो उपरांत सर्वोच्च नागरिक भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मौके पर जीप सदस्य रामप्रसाद , डहरभंगा मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र यादव,पूर्व मुखिया मथुरा साव, मिथलेश पाठक,डूमर मुखिया प्रतिनिधि सुजीत रजक,राजू यादव,प्रेमचंद गुप्ता ,सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, जीवलाल प्रजापति,प्रखंड सचिव रामबिलास शर्मा ,नागेश्वर ठाकुर,रोहित ठाकुर,जितेंद्र शर्मा,राजेश ठाकुर,जीतन ठाकुर,चंदन ठाकुर ,समेत अन्य आठों पंचायत के कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## आरटी एजुकेशन में हो रहा फ्री एडमिशन



**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत एनएच बैंक ऑफ इंडिया के समीप आर टी एजुकेशन के संस्थापक रंजन कुमार मेहता ने बताया कि अभी एडमिशन लेने वाले छात्र-छात्राओं को निशुल्क होगा एवं फरवरी माह तक निशुल्क पढ़ाया जाएगा। साथ ही साथ बताया की स्कूल में अनुभवी शिक्षक है बैठने की उत्तम व्यवस्था है आने जाने की वाहन की सुविधा उपलब्ध है और दिव्यांग बच्चों की फीस में 15 परसेंट की छूट है। जिन बच्चों के माता पिता में से कोई एक नहीं है उन बच्चों के लिए पढ़ाई फ्री है।

## राजा मोहम्मद ने 60 जरूरतमंदों को दिया कंबल



**कटकमसांडी।** बुधवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह जिला श्रमिक अध्यक्ष राजा मोहम्मद की ओर से रोमी पंचायत में 60 गरीब, वृद्ध व असहाय जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर झामुमो के सलमान खान मौजूद थे। राजा मोहम्मद ने कहा कि ठंड से बचने के लिए कंबल ओढ़ें और वैसे जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर जानकारी दें। मैं उनलोगों के लिए और कंबल की व्यवस्था करेंगे। कंबल वितरण प्रखंड के हर एक पंचायत में होगी। लाभार्थियों ने खुशी का इजहार करते हुए राजा के प्रति आभार प्रकट किया और दुआएं दी।

# कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों को अपनाने की जरूरत : डॉ मेहता

## पांकी कर्पूरी चौक के पास जयंती समारोह का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी मुख्यालय स्थित कर्पूरी चौक पर बुधवार को कर्पूरी जयंती मनाई गई। मौके पर मुख्य अतिथि पांकी विधायक डा० शशिभूषण मेहता मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डा मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के 100 वीं जयंती पर भारत रत्न सम्मान देकर समाज के शोषित पीड़ित व पिछड़े वर्गों को सम्मानित किया है। अंग्रेजी की अनिवार्यता को समाप्त कर बिहार में लोगों को मैट्रिक शिक्षा की साक्षरता दर को बढ़ाया। कर्पूरी ठाकुर ने समाज को आगे बढ़ाने के कई कार्य किया है। हमें कर्पूरी ठाकुर के जीवन के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि भाजपा पूर्व प्रत्याशी लालसूरज ने कहा भारत सरकार ने 100 वीं जयंती पर एकीकृत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान मिला है। देश में जब सामंती व्यवस्था थी। तब उन्होंने इसके विरुद्ध संघर्ष शुरू किया। हमें कर्पूरी ठाकुर के आदर्श को अपनाने की जरूरत है। राष्ट्रीय नाई महासभा जिलाध्यक्ष सह पांकी विधायक के निजी सचिव प्रो० बच्चन ठाकुर ने कहा कि जननायक के शताब्दी जन्मजयंती के अवसर पर कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न की उपाधि मिली। यह समाज के लिए हर्ष की बात है। झारखंड में नाई जाति को सीएनटी एक्ट के अधीन किया गया है। हमें सीएनटी के तहत मिलने वाली सुविधाएं भी मिलना चाहिए। अमित तिवारी ने कहा भगवान को भी हम ठाकुर जी से संबोधित करते हैं। प्राचीन काल में ये ही ठाकुर समाज के पूर्वज शल्य चिकित्सक रहे थे। आज जननायक कर्पूरी ठाकुर को प्रधानमंत्री ने भारत रत्न सम्मान से सुशोभित किया है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, भाजपा के अमित तिवारी, मंडल अध्यक्ष शत्रुघन सिंह, श्यामनंदन ओझा, जिला उपाध्यक्ष अमलेश ठाकुर, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता,भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, मंजूलता दूबे, रीमा शर्मा, विजय ठाकुर,रंजय ठाकुर, मनोज सिन्हा, यशवंत मेहता, दिलीप ठाकुर, सुनील प्रसाद गुप्ता, विनोद ठाकुर, विरेन्द्र कुमार वर्मा, संजय ठाकुर, पंकज ठाकुर, जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, लवकुश ठाकुर, ज्ञानी सिंह मौजूद थे।

**गुमला में भी याद किये गये कर्पूरी ठाकुर** : कर्पूरी ठाकुर की जयंती पूरे उत्साह से नाई समाज भवन बस स्टैंड गुमला में बुधवार को मनाया गया। अध्यक्षता श्री दीपू ठाकुर अध्यक्ष नाई समाज ने की। संगठन के प्रदेश सचिव कर्पूरी ठाकुर ने खुशी व्यक्ति जाहिर करते हुए कहा कि आज नाई समाज कर्पूरी ठाकुर के शतक जयंती पर उन्हें भारत सरकार द्वारा भारत रत्न प्रदान करने से देश के सभी वंचित समाज का सम्मान बढ़ गया है। इस कार्य के लिए माननीय प्रधानमंत्री का समाज अभिनंदन करता है। समाज के अध्यक्ष श्री दीपू ठाकुर ने कहा कि संगठन में अभूतपूर्व शक्ति होती है।

## स्पीड न्यूज

### दिव्यांग शिविर का आयोजन कर किया गया पंजीकरण



शिविर में मौजूद लोग।

**कैरो।** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दिव्यांगों के लिए शिविर का आयोजन कर पंजीकरण किया गया। जिसके तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा वैसे सभी तरह के दिव्यांग जिनमे किन्ही का हाथ, पैर अथवा ऐसे जरूरत जो कृत्रिम रूप से लगाकर सहयोग किया जा सके उसका पंजीकरण किया गया। शिविर में कैरो, उतका, सढ़ाबे, टाटी, खरता, हनहट, नरौली, विराजपुर सहित सभी गांव से सैकड़ो की संख्या में दिव्यांग पहुंचकर निबंधित करवाया।

### शिक्षकों के नहीं आने से बच्चे घूमते हैं स्कूल परिसर में

**जारी।** जारी प्रखंड के पंचायत गोबिंदपुर के आदिम जनजाति क्षेत्र स्थित राजकीयकृत प्रथमिक विधालय धोबारी में शिक्षक समय से स्कूल नहीं पहुँचते हैं। कभी कभी तो स्कूल भी नहीं आते हैं और अगर आ जाते हैं तो कुर्सी लगाकर बाहर बैठे रहते हैं। जिसके कारण बच्च स्कूल में घूमते रहते हैं और क्लास में भी नहीं करते हैं। जिसे बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। विद्यालय में लगभाग 18 से 20 छात्र हैं और ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक के रवैये से आदिम जनजाति क्षेत्र के बच्चे गुणात्मक शिक्षा से पीछे रह जाएंगे।

### बजरंग दल गुमला के नगर संयोजक ने रक्तदान कर मरीज की बचायी जान



रक्तदान करते बजरंग दल नगर संयोजक।

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर के ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के नगर संयोजक विनोद साहू ने आपातकालीन स्थिति में ब्लड डोनेशन करके सदर अस्पताल में इलाजरत मरीज की सहायता की। विनोद साहू ने बताया कि वह हर 3 महीने में रक्तदान करते हैं और इस बार उन्होंने अपना 24 वां बार रक्तदान किया। मौके पर उपस्थित विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष अजय सिंह राणा ने बताया कि आगामी 26 जनवरी को सिसई प्रखंड के साहू टाटा मोटर्स भवन में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल साहू टाटा मोटर्स के द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का शुभ अवसर भी है और उन्होंने अपील की की इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले और ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें। मौके पर मुकेश सिंह,यशराज सिंह लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस परेड पूर्वाभ्यास का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण



परेड का निरीक्षण करते डीसी व एसपी ।

**गुमला।** गणतंत्र दिवस परेडाभ्यास का बुधवार को उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक गुमला श्री हरविंदर सिंह के निरीक्षण किया गया। परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह को लेकर परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास फुल ड्रेस में पुलिस जवानों, एनसीसी कैडेट, स्काउट एंड गाईड, बुलबुल आदि के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने परेड की सलामी ली। वहीं जवानों व कैडेटों ने पूरी तन्मयता के साथ परेड में भाग लेते हुए परेड की हर बारीकी में ध्यान देते हुए पूर्वाभ्यास किया। डीसी व एसपी ने परेड को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। स्टेडियम परिसर में बुधवार को सुबह व शाम दोनों समय अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया।

### मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस पर किया गया गौ सेवा

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा गुमला द्वारा मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को पांचवे डीएसपी रोड स्थित अशोक शर्मा के खटाल में गौ सेवा की गई। जिसमें चना, गुड़ और चारा दिया गया। इसके अलावा गरीबों के बीच सोन पापड़ी का डब्बा वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सचिव कांता साबू, शकुंतला मंत्री, रचना अग्रवाल, बीना अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, एवं अलका मंत्री उपस्थित थी ।

### सभी कार्यपालक अभियंता व इंजीनियर निर्माण कार्य को पोर्टल पर करें अपलोडः डीसी

**गुमला।** जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं अथवा निर्माण कार्यों की पारदर्शिता को बनाए रखने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से ग्राम संपत्ति नामक ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत की गई है। जिसमें विभिन्न विभागों अंतर्गत जिले में किए जाने वाले निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति, पूर्व में हुए निर्माण कार्यों की जानकारी सहित एजेंसी एवं किस वर्ष में कौनसे निर्माण कार्यों को पूर्ण किया गया है से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होगी। जिसे आम नागरिक भी देख सकते हैं एवं अपना फीडबैक भी दे सकेंगे। इसके अलावा विभागों द्वारा अपडेटेड डाटा अनुसार किसी भी निर्माण कार्य में डुप्लीकेसी की संभावना भी खतम हो सकेगी। साथ ही पोर्टल में अपडेटेड डाटा के अनुसार निमाणार्धीन कार्यों की स्थिति को भी मॉनिटर किया जा सकेगा। जिले में संचालित ग्राम संपत्ति योजना के तहत जिले के सभी सरकारी भवनों अथवा किसी भी योजना अंतर्गत हुए किसी भी प्रकार के निर्माण कार्यों के समीप एक क्यूआर भी लगाएं जा रहें हैं एवं उक्त क्यूआर कोर्ड को स्कैन करके कोई भी व्यक्ति उक्त भावन व निर्माण कार्यों से जुड़े सम्पूर्ण जानकारी को प्राप्त कर सकेंगे।

## प्रिया कुमारी ने पेंटिंग प्रतियोगिता में लाया जिला में सर्वश्रेष्ठ स्थान



विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि।

**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे परीक्षा पर चर्चा विषय पर आधारित जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के नवम कक्षा की बहन प्रिया कुमारी ने सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता केंद्रीय विद्यालय बरही में आयोजित हुई थी। जिले के सभी विद्यालयों से चयनित भैया बहनों ने इसमें भाग लिया था। विद्यालय की आचार्या प्रोन्नति यादव के नेतृत्व में 20 बहनें प्रतियोगिता में भाग लेने गई थीं। सभी का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय की बहन प्रिया कुमारी की उपलब्धि पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद सहित सभी पदाधिकारी गण एवं विद्यालय के सभी आचार्य आचार्य ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## खेल से शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है : शिव कुमार भगत

- अंतर विद्यालय स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि।

खबर मंत्र संवाददाता

**घाघरा।** जट्या स्कूल घाघरा जटया में आयोजित अंतर विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन बुधवार को खेल मैदान प्रांगण में हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव शिवकुमार भगत शामिल हुए । प्रतियोगिता में विभिन्न स्पर्द्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें सौ मीटर दौड़, दो सौ मीटर दौड़ ,चार सौ मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो ,जैवलिन थ्रो ,लॉन्ग जंप ,हाई जंप सहित अन्य कई खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव शिवकुमार भगत ने कहा कि खेल से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। बच्चे खेल के क्षेत्र में भी बेहतर करके अपना भविष्य बना सकते हैं। कई खिलाड़ियों ने खेल के माध्यम से आईपीएस आईएएस तक का सपना को साकार किया है। आप सभी बच्चे बेहतर कर अपने समाज विद्यालय राज्य व देश का नाम रोशन करें। आप लोगों को किसी भी क्षेत्र में सहयोग की जरूरत पड़े तो मैं हमेशा खड़ा हूं तैयार हूं। इस मौके पर उपस्थित लोगों में मोतीलाल साहू,अजय कुमार,मुकेश मनी पाठक, जुगल किशोर पांडे, अजय मिश्रा, रूपेश साहू, करमचंद साहू, प्रदीप महतो, रोहित गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### मॉडल प्रश्नों का अभ्यास, कोर्स रिविजन, पिछले कुछ वर्षों की परीक्षा के प्रश्नों को हल करें छात्र : डीसी

**गुमला।** वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में भाग लेने वाले सभी छात्र–छात्रा एवं संबंधित अभिभावकों से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपील की है कि वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 के लिए अब एक पक्ष से भी कम समय बचा है तथा छात्र–छात्राओं की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में भाग लेने वाले सभी छात्र–छात्रा एवं संबंधित अभिभावकों से अपील है कि अच्छे परीक्षा परिणाम की प्राप्ति हेतु मॉडल प्रश्नों के अङ्ग्यास एवं कोर्स रिविजन सहित पिछले कुछ वर्षों के बोर्ड परीक्षा के प्रश्नों को नियमित रूप से हल करने के साथ–साथ सभी विषय के सिलेबस के अनुरूप स्मार्ट प्लानिंग तथा टाइम मेनेजमेंट पर विषेश फोकस किया जाए। बोर्ड परीक्षा हेतु अंतिम समय की तैयारी बहुत ही महत्वपूर्ण होती है तथा अंतिम समय में एक बेहतर रणनीति के साथ कार्य करते हुए परीक्षा तैयारियों को फाइनल टच देने के साथ–साथ यह ध्यान देना आवश्यक है कि बोर्ड परीक्षा के प्रति किसी प्रकार का तनाव नहीं लिया जाना चाहिए। साथ ही साथ सभी बच्चों को नियमित पढ़ाई के साथ व्यायाम, ऑनलाईन सोषल मीडिया से दूरी, अपने खान–पान एवं स्वास्थ्य की उचित देखभाल भी अत्यंत आवश्यक है। आशा है कि सभी अभिभावक इन विषयों पर विषेश रूप से ध्यान देते हुए अपने बच्चों की परीक्षा तैयारियों में मदद करेंगे ताकि वे अच्छा परीक्षाफल प्राप्त कर सके। मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रथ को उपायुक्त ने किया रवाना

खबर मंत्र संवाददाता



युवती को तोहफा प्रदान करते उपायुक्त व अन्य।

**गुमला।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण विभाग के सौजन्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सदर अस्पताल गुमला परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। मौके पर सिविल सर्जन, सदर अस्पताल प्रबंधक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल लिंगानुपात में सुधार तथा बालिकाओं के प्रति लोगों की मानसिकता परिवर्तन करने हेतु यह जागरूकता रथ को रवाना किया गया। भारतीय समुदायों में पुत्र के प्रति वरियता और बेटियों के प्रति भेदभाव की समस्या पर अंकुश लगाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। दहेज के सामाजिक मानक, पितृसत्तामक आदि नकारात्मक सोच को बदलने के लिए भारत सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना का जागरूकता रथ जिले के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्रों में बेटियों के प्रति नकारात्मक सोच को बदलने एवं बेटियों को बचाने, बेटियों को पढ़ाने एवं आगे बढ़ाने में सेतु का कार्य करेगा। साथ ही इस अभियान के माध्यम से बालिकाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए इनके प्रावधानों की जानकारी भी ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाई जाएगी। रथ रवाना करने के पश्चात उपायुक्त ने सदर अस्पताल के महिला वार्ड में नए जन्में/नवजात बालिकाओं के लिए उनके माताओं के बीच तोहफे का वितरण कर बच्चियों एवं माताओं के हाल चाल के बारे में पूछा। जिसे देख कर माताएं बेहद प्रसन्न हुई।

## एमबी डीएवी विद्यालय में आगामी गणतंत्र दिवस पर आधारित विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन कुमार पात्रों द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। मौके पर जीपी झा ने कहा की गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 1950 को भारत के संविधान का निर्माण किया गया था।संविधान ने हमें मौलिक अधिकार, आस्था, स्वतंत्रता, शांति और गौरव दिया। यह दिन हर साल पूरे देश में बहुत खुशी और गर्व के साथ मनाया जाता है। छात्रों में देशभक्ति की भावना जगाने तथा अपने गौरवान्वित इतिहास से परिचित करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्तां हमारा विषय पर विविध प्रतियोगिताओं जैसे कागज के तिरंगे गुब्बारे, गुलदस्ता, शिल्प निर्माण, ऐतिहासिक स्मारक तथा गणतंत्र दिवस शुभकामना कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों के मध्य किया गया। जिसमें कक्षा एलकेजी में सूर्यांश कुमार साहू, अंश रंजन, अमर उराँव, प्रशांत उराँव, आद्या उराँव, कन्यका गुप्ता, दिव्यांश उराँव व वेदिका मेहता कक्षा यूकेजी में एस.के.सुहान, अमीरा फलक, आराध्या शर्मा, दर्शील भगत, अपूर्व राज, मनीष उराँव, अथर्व कृति, सूर्यराज यादव, प्रोतिष्ठा गोराईं, अन्वी रानी, अलीका अम्बर,हर्षित राज, अर्पण उरांव, आयुष शर्मा, मान्य राज ,प्रिंस कुमार, अखलाद, हेमांगी नाग, अनन्या कुमारी, अनम अक्सा, नव्या तरुषी, नफीस,अभिराज स्पर्श व रीत कुमार ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इन प्रतियोगिताओं में अश्विन पात्रों, देवकी कुमारी, संगीता मित्तल, सोमिता दास, रजनी प्रसाद, व श्वेता कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



पुरस्कृत करते अतिथि।

**लोहरदगा।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग लोहरदगा के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में किया गया इस अवसर पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा की हिंदी साहित्य एवं अंग्रेजी साहित्य के पुस्तको में नारी पर लिखित है उन्हे पढ़ने पर नारी स्थिति की जानकारी मिलती है। समाज मे शिक्षित होने के बजाय काबिल होना चाहिए। उपायुक्त ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले के बारे में बताया कि सावित्री बाई फुले को उनके पिता ने शिक्षा नही दी, बल्कि उनके पति ज्योतिबा फूले ने दी। भीलेबाड़ा गांव में शिक्षा प्राप्त कर पहली महिला विद्यालय की स्थापना कर बालिका शिक्षा को बढ़ाने का कार्य करती थी। वह विभिन्न यातनाओ को सहकर भी बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाई। उपायुक्त ने बताया की जिले में आइआइटी की तैयारी कराई जा रही है। जिन बालिकाओं की इच्छा हो वे कोचिंग में भाग लेकर आगे बढ़ सकती हैं। यहां की छात्राएं भी परीक्षाओ में सफल हो रही हैं। आपलोग में कोई भी इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण होकर देश के अच्छे शिक्षण संस्थाओं में नामांकन पाकर जिले का नाम रौशन करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि शोक्षा पाकरआर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना सबसे बड़ी आजादी है। आप बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के संदेश को घर घर पहुंचाएं। पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने कहा कि हम एक ऐसे देश से आते हैं जहां भारत माता की जयकारा होती है। नारी शक्ति को मातृ शक्ति कहा जाता है। फिर इस देश में महिलाओं के साथ भेदभाव होती आई है। पुरुष एवं महिला में समानता का दृष्टिकोण होना चाहिए भारत के संविधान में बराबरी का अधिकार है। यह बातें व सोच सिर्फ गोष्टी तक ना रहे यह संदेश घर तक जाए।

## टाना भगत इंटर महाविद्यालय में सीएससी सेंटर का हुआ शुभारंभ



उदघाटन करते पूर्व एमएलसी, प्रमुख व उप प्रमुख।

**घाघरा।** घाघरा ताना भगत इंटर महाविद्यालय में सीएससी सेंटर का शुभारंभ बुधवार को दिन के 12:30 किया गया जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सविता देवी ,उप प्रमुख शिव देवी, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि सीएससी सेंटर खुलने से कॉलेज के बच्चों को काफी लाभ मिलेगा कई तरह के फॉर्म एग्जाम से संबंधित फार्म वह अन्य चीजों के लिए सीएससी सेंटर का समुचित उपयोग बच्चे उठा पाएंगे। पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने कहा कि कॉलेज में सीएससी सेंटर खुलने से बच्चों में को कई तरह के लाभ प्राप्त होंगे। वही सीएससी सेटर के संचालक निर्मल भगत ने कहा कि निश्चित तौर पर यहां के बच्चों को लाभ मिलेगा न्यूनतम दर में सभी कार्य किए जाएंगे ताकि लोग इसका फायदा उठा सकेंगे। मौके पर उपस्थित लोगों में टाना भगत इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य अरशद मोमिन, विपिन बिहारी सिंह, पप्पू गुप्ता, आशीष सोनी, श्याम किशोर पाठक, कृष्ण कुमार लोहरा,वार्ड सदस्य प्रीति कुमारी,आकाश जायसवाल सहित कई लोग उपस्थित थे। मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा, गुमला द्वारा मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस के अवसर में आज पांचवे दिन 24.01.24 दिन बुधवार को डीएसपी रोड स्थित शर्मा जी के खटाल में गौ सेवा की गई, जिसमें चना, गुड़ और चारा दिया गया। इसके अलावा गरीबों के बीच सोन पापड़ी का डब्बा वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सचिव कांता साबू, शकुंतला मंत्री, रचना अग्रवाल, बीना अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, एवं अलका मंत्री उपस्थित थी ।

## उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया फुलड्रेस परेड रिहर्सल का निरीक्षण

खबर मंत्र संवाददाता



सलामी लेते डीसी,एसपी।



परेड का निरीक्षण करते डीसी, एसपी।

**लोहरदगा।** गणतंत्र दिवस 2024 के दिन होने वाले परेड का फाइनल रिहर्सल बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम के मैदान में किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां द्वारा संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में जिला आरक्षी बल की दो (पुरुष-01, महिला-01), गृह रक्षा वाहिनी का 01 (पुरुष), सहायक पुलिस बल की 02 (पुरुष-01, महिला-01), जवाहर नवोदय विद्यालय लोहरदगा से एनसीसी की 02 (बालक व बालिका), नदिया हिन्दू स्कूल ऑफ एक्सलेंस विद्यालय लोहरदगा से एनसीसी की 02 (बालक 01 एवं बालिका 01), उर्सलाइन बालिका उच्च विद्यालय से गाईड की 01 टुकड़ी और कस्तूरबा बालिका एक्सलेंस उच्च विद्यालय लोहरदगा से 01, संत स्तनालिस उच्च विद्यालय की स्काउट 01 टुकड़ी शामिल हुईं।

इस वर्ष गणतंत्र दिवस को बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में होनेवाले मुख्य कार्यक्रम में राज्य के योजना-सह-वित्त विभाग, वाणिज्यकर विभाग, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम स्थल पर झंडोत्तोलन किया जायेगा।

**26 जनवरी 2024 को होने वाले कार्यक्रम**

प्रातः 7.30 बजे उपायुक्त आवास परिसर में उपायुक्त द्वारा झंडोत्तोलन किया जायेगा। इसके बाद जिले के पदाधिकारियों द्वारा प्रातः 8 बजे से 8.45 बजे तक जिले में स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण किया जायेगा। बीएस कॉलेज स्टेडियम में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा 9 बजकर 15 मिनट पर बी एस कॉलेज स्टेडियम में झंडोत्तोलन किया जाएगा। मुख्य अतिथि का आगमन स्टेडियम में सुबह 9 बजे होगा। इसके बाद वे परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद झंडोत्तोलन, राष्ट्रगान, मंत्री का अभिभाषण होगा। माननीय मंत्री के अभिभाषण के पूर्व विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रस्तुत की जाएगी जिसमें स्वास्थ्य, जिला समाज कल्याण, जिला कृषि कार्यालय, जिला परिवहन कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय, शिक्षा विभाग कार्यालय समेतअन्य विभाग की भी झांकियां शामिल है।

### महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण

उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा उपायुक्त कार्यालय के समीप बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा, समाहरणालय परिसर एवं शंख नदी के पास भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा, गुदरी बाजार में महात्मा गांधी की प्रतिमा, अजय उद्यान स्थित अजय कुमार सिंह की प्रतिमा, पावरगंज चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा, सोमवार बाजार स्थित डॉ राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा और मैना बगीचा स्थित वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। उपरोक्त सभी माल्यार्पण कार्यक्रम 8 बजे पूर्वाह्न से 8.45 बजे पूर्वाह्न के बीच सम्पन्न किये जायेंगे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम 25 जनवरी को

25 जनवरी के संध्या 6.00 बजे से नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न विद्यालयों की छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे।

# सबसे युवा गणतंत्र का करें सम्मान



शेखर गुप्ता

**प्रतिस्पर्धी** खेलों में लीग व्यवस्था होती है। ये लीग उच्च, मध्य, निम्न, वरिष्ठ और कनिष्ठ समेत तमाम वर्गों में विभाजित होती हैं। किसी प्रतिभागी का कद देखकर ही यह निर्णय होता है कि वह किस लीग में खेलेगा या खेलेगी। जो खिलाड़ी निचले स्तर की लीग में युवतर खिलाडियों (या कहें बच्चों) के साथ खेलता है, वह अपना ही कद कमजोर करता है। देश की राजनीति पर भी इस बात को लागू किया जा सकता है। खासतौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार छात्रों के विरोध प्रदर्शन से जिस तरह निपट रही है उसे देखते हुए ऐसा किया जा सकता है।

इसे समझने का एक सामान्य तरीका वह है जो हम पहलवान से अभिनेता बने दारा सिंह से सीख सकते हैं। दारा सिंह खुद को कुश्ती की चुनौती देने वालों से कहते थे कि पहले वह उनके भाई रंधावा को पराजित करे तभी वह उनसे कुश्ती लड़ पाएगा। मैंने उनसे सवाल किया कि वह ऐसा क्यों करते हैं तो उन्होंने जवाब दिया कि 'कोई भी लल्लू पंजू यह डींग हांकना चाहेगा कि वह दारा सिंह के साथ लड़ चुका है। मैं उन्हें खुश करने के लिए अपना कद क्यों छोटा करूं?'

वापस राजनीति की बात करते हैं। भाजपा की ताकतवर सरकार बीते एक महीने से यही कर रही हैः वरिष्ठ, शक्तिशाली स्त्री और पुरुष, बच्चों से लड़ रहे हैं। उनकी नीतियों के विरोध में देश भर के शैक्षणिक परिसरों में आग भड़की हुई है। भाजपा जहां सत्ता में है वहां इसका मुकाबला वह पूरी शक्ति से कर रही है। इंटरनेट और संचार सीमित किया जा रहा है और उत्तर प्रदेश में तो सामूहिक जुमार्ना तक लगाया गया है। यदि इतने बहुमत से जीतकर आई सरकार छात्रों की बात सुनने के बजाय उनसे लड? लगती है तो तीन घटनाएं लाजिमी तौर पर घटती हैः

सबसे पहले तो इससे अत्याचारी बनाम शोषित की कहानी बनती है। दूसरा, इससे ऐसी तस्वीरें पैदा होती हैं जो वैश्विक स्तर पर भारत की छवि धूमिल करती हैं। इन्हें बाहर निकलने से किसी तरह रोका नहीं जा सकता है। तीसरी और सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इससे युवाओं के बीच 'बच्चे बनाम अंकल/आंटी' वाला माहौल बनता है। इसे विस्तार से समझते हैं। सन 2014 और 2019 के हर एक्जिट और ओपिनियन पोल में यही दशार्या गया कि देश के युवा, खासतौर पर पहली बार मतदान करने वाले नरेंद्र मोदी के समर्थक हैं। मैंने सन 2019 के आम चुनाव के दौरान देश भर के युवाओं से बात की और वे केवल एक नेता का नाम लेते थेः मोदी।

मैंने नई दिल्ली में सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च की एक बहस में उन कारकों पर बात की थी जो मोदी की बड़ी जीत में योगदान कर रहे हैं। खासतौर पर इस बात का कि कैसे युवा पहचान आधारित बातों मसलन जाति, भाषा, जातीयता और कई मामलों में धर्म को भी परे रखकर मोदी को अपना रहे हैं। उनकी आंखों में आशावाद, खुशी, बेहतर जीवन की आकांक्षा नजर आई। वे अपने परिवारों की पुरानी राजनीतिक वफादारी को इसलिए नहीं छोड़ रहे थे क्योंकि वे उनसे नफरत करते थे या डरते थे। यदि 2014 का चुनाव बेहतर जीवन की आशा का चुनाव था तो 2019 का चुनाव उस वादे के नवीनीकरण का चुनाव था।

बहरहाल, छह महीने के भीतर उन्हें लगा कि उन्हें कुछ अलग ही मिला है। अर्थव्यवस्था में जबरदस्त गिरावट आई है। गिरावट का सिलसिला लंबे समय से जारी है और वृद्धि एवं अच्छे दिन की बात अब कपोल कल्पना लग रही है। युवाओं के बीच सन 1970 के दशक के मध्य जैसा निराशावाद और असहायता घर कर रही है। नए रोजगार नहीं हैं। भले ही हर रोजगार महत्त्वपूर्ण होता है लेकिन सच यही है कि कॉलेज में पढ? वाला हर युवा स्विगी या जोमैटो के लिए डिलिवरी करने या ओला अथवा उबर के लिए वाहन चलाने का इरादा नहीं रखता।

मोदी ने उनसे इसका वादा नहीं किया था। उनकी आकांक्षाएं और जरूरतें एकदम स्पष्ट हैं और वे पूरी नहीं हो रही हैं। जाहिर है इसकी भरपाई कश्मीर के एकीकरण और उस पर नियंत्रण से अथवा पाकिस्तान को सबक सिखाने से नहीं हो सकती है। न ही मुस्लिमों का भय दिखाने या प्रवासी मुस्लिमों से घृणा करने का दबाव बनाने से उनकी जरूरतें पूरी होंगी।

इनमें से कोई कदम ऐसा नहीं है जो उन्हें रोजगार दिला सके, बेहतर आजीविका सुनिश्चित कर सके या बेहतर जीवन दे सके। यकीनन तब तक नहीं जब तक कि वे आपके वैचारिक अनुयायी न हों। कॉलेज जाने वाले युवाओं के बीच मोदी को लेकर तेजी से मोहभंग हुआ है।

किसी के मन में यह गलत धारणा नहीं रहनी चाहिए कि ऐसा वाम और उदार रुझान वाले चुनिंदा सरकारी विश्वविद्यालयों में 'अर्बन नक्सल' की वजह से हो रहा है। अब यह गुस्सा महंगे निजी विश्वविद्यालयों में भी फैल चुका है। जबकि वहां किसी तरह की राजनीति या राजनीतिक संगठनों की जगह नहीं है। इन विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता बहुत अधिक धन खर्च करके बच्चों को यहां पढ़ाते हैं। मैंने देश के कई हिस्सों में लोगों से बात की और पाया कि लोगों में वैसा ही गुस्सा है जैसा कि जेएनयू, जामिया अथवा बीएचयू में नजर आ रहा है। छात्रों में यह भावना प्रबल हो रही है, 'हमने इसलिए तो मतदान नहीं किया था।' मैं सुनिश्चित तौर पर यह भी कह सकता हूं कि इन युवाओं में बड़ी तादाद उनकी है जिन्होंने मोदी को वोट दिया था और उनमें भी ज्यादातर ने पहली बार मतदान किया था। द प्रिंट का कार्यक्रम है 'डेमोक्रेसी वॉल'। यह आयोजन किसी प्रमुख शैक्षणिक परिसर में किया जाता है। इसकी विशेषताओं में एक विशालकाय बैनर शामिल है जो देखने में दीवार जैसा नजर आता है। छात्र अपने मन की बात उस पर लिखकर हस्ताक्षर कर सकते हैं। बीते छह महीनों में इस पर लिखी जाने वाली इबारत में बदलाव आया है। पिछले तीन महीनों में तो यह बदलाव नाटकीय रहा है।

ये सभी महंगे निजी विश्वविद्यालयों से हैं। हाल के दिनों में इनमें क्रोध और निराशा भी नजर आने लगी है। इस बीच चतुराई का प्रयोग भी होता है। मिसाल के तौर पर 'मेरा देश जल रहा है' लिखने के बाद हैशटैग के साथ ऑस्ट्रेलिया को बचाने की गुहार की जाती है। सबसे आम नजर आने वाला वाक्य है 'बुरे दिन वापस कर दो।' तीन महीने पहले तक कुछ आलोचना होती थी। आज तो तारीफ का एक शब्द देखने को नहीं मिलता।

ज्यादातर अवसरों पर राष्ट्रवाद, धर्म और किसी नेता के व्यक्तित्व के मिश्रण के बल पर एक चुनाव जीता जा सकता है। परंतु इसके बल पर लगातार दो चुनाव नहीं जीते जा सकते। मोदी के दूसरी बार सरकार बनाने के छह महीने के भीतर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को संवाददाताओं को संबोधित करके छात्रों को दंगाई और देशद्रोही बताना पड़ रहा है। मैं माफी चाहता हूं लेकिन सवाल यह भी है कि देश में पुलिस पर यकीन ही कौन करता है। कैबिनेट मंत्री टेलीविजन चैनलों पर बैठकर छात्र-छात्राओं को बता रहे हैं कि कैसा व्यवहार करें और कैसे देशभक्त बनें। लेकिन आज का युवा चतुर है।

तिरंगा लहराते हुए विरोध करके वे इन नेताओं को चुप करा देते हैं, वे बड़ी तादाद में एकत्रित होकर संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हैं और राष्ट्रगान गाते हैं। महज छह महीने पहले बॉलीवुड का एक बड़ा तबका मोदी के साथ सेल्फी ले रहा था। आज उनमें से कई विरोध प्रदर्शन करने वालों के साथ हैं। जो शेष हैं, वे भी खामोश हैं।

## खास गैस चैंबर में रखी गयी है भारतीय संविधान की मूल प्रति



मनोज पाण्डेय

**दुनिया** का सबसे बड़ा लोकतंत्र और उसका सबसे बड़ा संविधान। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और उनके साथियों ने कड़ी मेहनत के बाद इसका मसौदा तैयार किया और देश के पहले प्रधानमंत्री की ख्वाहिश पर मशहूर कैलिग्राफर ने छह महीने की कड़ी मेहनत के बाद इसे अपने हाथों से लिखकर तैयार किया।

नंदलाल बोस और उनके छात्रों ने इस पर खूबसूरत पेंटिंग भी उकेंरी। इतनी कड़ी मेहनत के बाद संविधान की मूल प्रति किसी महान कलाकृति सी तैयार हो गई। मगर वक्त की मार से इसे बचाकर रखना एक बड़ी चुनौती था। इसलिए इस खास प्रति की सुरक्षा के लिए खास तरीका अपनाया गया।

भारतीय संविधान की मूल प्रति को सुरक्षित रखने के लिए हीलियम गैस चेम्बर में रखा गया है। संविधान की मूल प्रति को एक खास कपड़े में लपेटकर नेफ्थलीन बॉल्स सफेद रंग की फिनाइल की गोलियां के साथ रखा गया था।

### आग से भी सुरक्षित है हीलियम गैस

हाइड्रोजन के बाद सबसे हल्की गैस हीलियम ही है। इस गैस का कोई रंग नहीं होता और ना ही इससे आग लग सकती है।



वातावरण में चाहे तापमान कैसा भी हो, यह बनी रहती है। विमान के टायरों में भी इसका इस्तेमाल होता है। मौसम की जानकारी लेने के इसी गैस को गुब्बारे में भरकर आसमान में छोड़ा जाता है।

### 1994 में वैज्ञानिक विधि से तैयार किया गया चैंबर

संविधान की मूल प्रति को सुरक्षित करने के लिए काफी अध्ययन किया गया। यह देखा गया कि बाकी देशों ने अपने संविधान की सुरक्षा कैसे की है। पता चला कि अमेरिका का संविधान सबसे सुरक्षित वातावरण में रखा गया है।

अमेरिकी संविधान को वॉशिंगटन स्थित लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में हीलियम गैस के चैम्बर में रखा गया है। यह एक पृष्ठ का है। इसके बाद अमेरिका के गेट्टी इंस्टीट्यूट, भारत की नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी और भारतीय संसद के बीच करार के बाद गैस चैम्बर बनाने की पहल हुई। 1994 में संसद भवन के पुस्तकालय में वैज्ञानिक विधि से खास चैम्बर तैयार किया गया।

भारतीय संविधान की मूल प्रति 40 से 50 फीसदी नाइट्रोजन गैस वाले वातावरण में रखा गया है और यहां आक्सीजन एक फीसदी से भी कम है। इस कागज की सुरक्षा के लिए ऐसे ही वातावरण की आवश्यकता थी, जो इनर्ट यानी नॉन-रिएक्टिव हो।

हर साल संविधान की मूल प्रति की सेहत की जांच होती है। हर साल चैम्बर की गैस खाली की जाती है। सीसीटीवी कैमरे से इस पर लगातार निगरानी रहती है।

### काली स्याही से लिखी है मूल प्रति

भारतीय संविधान काली स्याही से लिखा है। इसलिए इसके उड़ने का खतरा बना रहता था। इसे बचाने के लिए आद्रता 50 ग्राम प्रति घन मीटर के आस-पास रखने की जरूरत होती है। इसलिए चैम्बर ऐसा बनाया गया, जिसमें हवा न जा सके।

## लक्ष्य की ओर बढ़ती मोदी सरकार



अवधेश कुमार

**नरेन्द्र** मोदी मंत्रिमंडल की पहली बैठक का फैसला सरकार की सोच और दिशा का संकेत देने वाला है। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब सभी किसानों को सालाना 6,000 रुपये मिल रहें हैं। फिर किसानों और छोटे व्यापारियों के लिए पेंशन योजना का भी ऐलान किया गया।प ेंशन योजना के तहत 18 से 40 वर्ष के लोगों को 60 साल की उम्र के बाद प्रति महीने 3 हजार रुपये पेंशन मिलेगी। पेंशन योजना के तहत 12 से 13 करोड़ लोग कवर होंगे। पहले चरण में 5 करोड़ लोगों को कवर करने का लक्ष्य है। व्यापारियों के लिए पेंशन योजना से करीब 3 करोड़ खुदरा व्यापारी और दुकानदारों को फायदा मिलेगा। जाहिर है, इन योजनाओं से किसानों, छोटे व्यापारियों के जीवन स्तर में सुधार होगा और उन्हें सामाजिक सुरक्षा मिलेगी।

तीसरे फैसले में नेशनल डिफेंस फंड के तहत प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना में बदलाव करते हुए शहीद सुरक्षा बलों के लड़कों को हर महीने 2000 रुपये की जगह 2500 रुपये एवं लड़कियों को अब 2250 रुपये की जगह 3000 रुपये छात्रवृत्ति मिलेगी। छात्रवृत्ति का दायरा बढ़ाते हुए इसमें राज्य पुलिस को भी शामिल किया गया है। आतंकी या माओवादी हमले में शहीद हुए राज्य पुलिस के बच्चों को भी अब छात्रवृत्ति मिलेगी। यह नरेन्द्र मोदी की आर्थिक सामाजिक विकास और राष्ट्रवाद, सुरक्षा तथा सैन्य पराक्रम को साथ लेकर आगे बढ़ने की नीति का स्पष्ट द्योतक है। इससे यह साफ हो जाता है कि आने वाले पांच वर्षों में सरकार की दिशा क्या होगी। इसका आभास भाजपा ने चुनाव के लिए जारी अपने संकल्प पत्र में विस्तार से करा दिया था। उस संकल्प पत्र की शुरूआत राष्ट्रवाद और सुरक्षा से होती है तथा सामाजिक-आर्थिक विकास से होते हुए संस्कृति तक विस्तारित हो जाती है। इसके कवर पृष्ठ पर संकल्पित भारत सशक्त भारत शब्द प्रयोग है तो पीछे के पृष्ठ पर विचारधारा के तीन प्रमुख बिन्दू थे- राष्ट्रवाद हमारी प्रेरणा, अन्त्योदय हमारा दर्शन, सुशासन हमारा मंत्र। प्रधानमंत्री ने अपनी संकल्पना में स्पष्ट कहा था कि हम स्वतंत्रता के 100 वर्ष यानी 2047 के भारत की कल्पना लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उस समय तक भारत को विश्व का महानतम और समृद्धतम देश बनाने की ठोस आधारभूमि में हम 2019 से 2024 के अपने कार्यकाल में तैयार कर देंगे।

भाजपा के संकल्प में और प्रधानमंत्री की उसकी संकल्पना में स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष यानी 2022 तक के लिए 75 लक्ष्य घोषित किए गए हैं।

सबसे बड़ें और एतिहासिक निर्णय में राम मंदिर का निमार्ण और राम के बालक रूप की प्राण प्रतिष्ठा कर भारत के सांस्कृतिक अभ्युदय की कहानी लिखना। यह कार्य हजार साल तक याद रखा जायेगा कि एक प्रधानमंत्री ने राम की मंदिर का शिलान्यास भी किया और राम की प्राण प्रतिष्ठा भी।

## राजपथ के पहले भी हुए हैं कई परेड

**राजपथ** एक बार फिर से सज चुका है, 75 वें गणतंत्र दिवस का गवाह बनने के लिए। मगर ऐसा नहीं है कि 26 जनवरी की परेड का गवाह हर बार राजपथ ही बना है। इस ऐतिहासिक लम्हे को जीने के लिए राजपथ को भी पांच साल का इंतजार करना पड़ा।

26 जनवरी 1950 को देश में पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया गया। मगर इसका आयोजन राजपथ पर नहीं हुआ था। इस जश्न की तैयारियां 7 जनवरी से ही शुरू हो चुकी थीं। पहला गणतंत्र दिवस इर्विन स्टेडियम (आज का नेशनल स्टेडियम) में मनाया गया। देश के पहले राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने यहां आकर तिरंगा झंडा फहराया और करीब 3 हजार जवानों की सलामी ली।

इसके बाद भी 26 जनवरी की परेड का समारोह स्थल बदलता रहा। 1954 तक कभी किंग्सवे कैंप, कभी रामलीला मैदान तो कभी लाल किले पर इसका आयोजन होता रहा। साल 1955 में पहली बार गणतंत्र दिवस समारोह राजपथ पर पहुंचा। तब से आज तक नियमित रूप से यह जारी है।



### 8 किमी परेड के लिए 600 घंटे का अभ्यास

: गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी भारतीय सेना अगस्त से ही शुरू कर देती है। इस दौरान एक-एक जवान करीब 600 घंटे का अभ्यास करता है। इसकी तैयारी रेजीमेंट में ही शुरू हो जाती है। फिर दिसंबर में जवान दिल्ली में आकर तैयारियां शुरू कर देते हैं।

### रायसीना हिल्स से परेड की शुरुआत

राजपथ पहुंचने के बाद से ही परेड का रूट लगभग एक सा रहा है। 26 जनवरी की परेड की शुरूआत रायसीना हिल्स से होती है। इसके बाद राजपथ, इंडिया गेट से गुजरती हुई परेड लाल किले तक जाती है। यह सफर करीब 8 किलोमीटर तक का होता है। राष्ट्रपति को सलामी के साथ परेड की शुरूआत होती है। परेड शुरू होने से पहले राष्ट्रपति 14 घोड़ों की बग्घी में बैठकर इंडिया गेट पर आते हैं, जहां प्रधानमंत्री उनका स्वागत करते हैं।

### बदलेगी परंपरा

1973 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इंडिया गेट पर स्थित अमर जवान ज्योति पर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने की परंपरा शुरू की थी। जो पिछले साल तक चली आ रही थी।

अमर जवान ज्योति 1971 में पाकिस्तान से युद्ध में शहीद जवानों के लिए तैयार की गई थी। मगर इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल तैयार नेशनल वॉर मेमोरियल जाकर जवानों को श्रद्धांजलि देंगे। यहां अब तक हुए युद्ध में शहीद जवानों के नाम अंकित हैं।

## एक सच्चे जननायक और सादगी की मिसाल थे ठाकुर

नरेंद्र मोदी (प्रधानमंत्री)



**हमारे** जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कपूर्री ठाकुर।

कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कपूर्री जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र जी से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कपूर्री बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानि समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कपूर्री ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं।

उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कपूर्री जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है!

कपूर्री बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानि जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठा हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कपूर्री बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर जी ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कपूर्री जी नया कुर्ता खरीद सकें। लेकिन कपूर्री जी तो कपूर्री जी थे। उन्होंने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया।

उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था।

अपने आदर्शों के लिए कपूर्री ठाकुर जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया। क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है।

कपूर्री ठाकुर जी की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कपूर्री जी के हृदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए भी कई अहम कदम उठाए।

उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। जेपी, डॉ. लोहिया और चरण सिंह जी जैसी विभूतियां भी उनसे काफी प्रभावित हुई थीं।

समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए जननायक कपूर्री ठाकुर जी ने एक ठोस कार्ययोजना बनाई थी। यह सही तरीके से आगे बढ़े, इसके लिए पूरा एक तंत्र तैयार किया था। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। वे समाज के सबसे पिछड़े वर्ग से थे, लेकिन काम उन्होंने सभी वर्गों के लिए किया। उनमें किसी के प्रति रत्तीभर भी कड़वाहट नहीं थी और यही तो उन्हें महानता की श्रेणी में ले आता है।

हमारी सरकार निरंतर जननायक कपूर्री ठाकुर जी से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देशभर में सकारात्मक बदलाव आया है। भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही थी कि कपूर्री जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। कपूर्री जी के विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कपूर्री जी जरूर गौरवान्वित होते। गरीबी से बाहर निकलने वालों में समाज के सबसे पिछड़े तबके के लोग सबसे ज्यादा हैं, जो आजादी के 70 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे।

हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से डइउ, रउ और रळ समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कपूर्री ठाकुर जी के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कि कपूर्री जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। कुछ समय पहले शुरू की गई पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी।

पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कपूर्री ठाकुर जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेकों लोगों के जीवन में कपूर्री बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा।

दुर्भाग्यवश, हमने कपूर्री ठाकुर जी को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के अपने कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक और सादगी की मिसाल थे।

# झामुमो ने मनायी कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी गढ़वा के तत्वावधान में बुधवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मनायी गई। कार्यक्रम की शुरूआत कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्र्यापन कर की गई। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि गढ़वा में पहले फोटो पर माला डालकर हम लोग जयंती एवं पुण्य तिथि मनाया करते थे, लेकिन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के अथक प्रयासों से जो आदम कद कर्पूरी ठाकुर का प्रतिमा लगा है, उसके लिए हम सभी दलित शोषित पिछड़ा वर्ग मंत्री के अभारी हैं। मंत्री जी के द्वारा गढ़वा विाानसभा में नीलाम्बर-पीताम्बर, स्वतंत्रता सेनानी फेतल सिंह, जेठन सिंह, रामपृत ठाकुर जैसे सैकड़ों महापुरूष जो गुमनाम थे, उनका प्रतिमा लगाया जा रहा है। यहां के लोग महापुरूष के संबंा में नये पीढ़ी को बताने का काम कर रहे हैं, जो काफी सराहनीय कार्य है। कहा कि कर्पूरी ठाकुर सदैव दलित शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रयत्नशील और संघर्ष करते रहे। उनका सारा जीवन, सरल, स्वभाव, स्पष्ट, विचार और आडम्ब इच्छा शक्ति बरबस ही लोगों को प्रभावित कर लेते थे और उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति आकर्षित हो जाते थे। कार्यक्रम में नाई संघ ट्रेड यूनियन के सदस्य भी उपस्थित थे। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता ाीरज दूबे, जिलायक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपायक्ष नितेश सिंह, नाई संघ ट्रेड यूनियन के जिलायक्ष गुप्तेश्वर ठाकुर, विश्वनाथ ठाकुर, संजय ठाकुर, अनिता दत्त, कंचन साहू, शरीफ अंसारी, करीब अंसारी, असर्फी बैठा, अहमद अली, फुजैल अहमद, अजय ठाकुर, चंदन पासवान, राजा सिंह, टुनटुन, कार्तिक पाण्डेय, पप्पू यादव, दिलीप गुप्ता, अंकित पाण्डेय आदि लोग उपस्थित थे।



मंचासीन झामुमो नेता।

एक नजर में

## कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर जदयू नेता अशोक चौधरी ने किया माल्यार्पण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** जननायक कपूर्री ठाकुर जी की 100 जयंती के अवसर पर सेक्टर 12 स्थित कपूर्री ठाकुर जी के प्रतिमा पर पूर्व बियाडा अध्यक्ष जदयू नेता अशोक चौधरी ने माल्यार्पण किया तथा लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर सामाजिक न्याय के संघर्ष के पाठशाला थे तथा वह जीवन पर्यंत सामाजिक समरसता स्थापित करने हेतु प्रयत्नशील रहे।

श्री चौधरी ने कहा कि न्याय के साथ विकास नीतीश कुमार जी का मूल मंत्र है जो कपूर्री ठाकुर जी के विचारों पर आधारित है। श्री चौधरी ने कपूर्री ठाकुर को केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न देने की घोषणा की जदयू की तरफ से सराहना की। कहा कि मुख्यधारा से वंचित अत्यंत पिछड़े समुदाय को आरक्षण देकर मुख्यधारा से जोड़ना ही जननायक कपूर्री के चरणों में सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मौके पर मंटू ठाकुर डॉ के कुमार शमीम अख्तर हसन इमाम कुंदन वाल्मीकि सिंह अशोक राय प्रवीण कुमार कन्हाई महतो पानू महतो सुशील चौधरी स्नेही प्रसाद सिंह अशोक कुमार महेंद्र गोप नारायण कश्यप सतनारायण प्रसाद माखन कुमार गोविंद ठाकुर मंटू रजक अशोक ठाकुर जीरा रजक जिलानी अंसारी अनुज कुमार रवि कुमार जनार्दन ठाकुर लालन ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# वसुंधरा परिवार समेत सर्वत्र रही रामोत्सव की धूम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** नगर के सेक्टर 3बी स्थित वसुंधरा गली में रामोत्सव का उल्लास अपने चरम पर रहा। पूरी रात वसुंधरा गली सड़क किनारे दोनों ओर सजे दीयों की जगमगाहट से चमकती रही। रंग-बिरंगे बिजली बल्बों, दीयों और फूल तथा भगवा झंडों की अनुपम साज-सज्जा के बीच पूजन का अनुष्ठान संपन्न हुआ।

पुरोहित धनंजय चक्रवर्ती की देखरेख में वसुंधरा परिवार के सभी आवासधारी सदस्यों ने पूरी श्रद्धा भक्ति व अपार उत्साह के साथ भगवान श्री राम की विधिवत पूजा -अर्चना की। महिला पुरुषों के साथ बच्चों ने राम हनुमान के भजनों पर जमकर नृत्य किए।

## वेदांता इएसएल स्किल स्कूल में प्रशिक्षित छात्र हुए सम्मानित

**बोकारो।** वेदांता इएसएल स्किल स्कूल में प्रशिक्षित 30 सोलर पीवी इंस्टॉलर ट्रेड छात्रों को नाबार्ड के डीजीएम सुमन एस साहू और ईएसएल स्टील के सीएसआर उप प्रमुख राकेश कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। इन 30 उम्मीदवारों को सोलर पीवी इंस्टॉलर ट्रेड में 6 सप्ताह का गहन प्रशिक्षण दिया गया था। इस बैच ने अपना पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी हैदराबाद स्थित प्रीमियर एनर्जीज में प्लेसमेंट भी हासिल कर लिया है। मौके पर सीएसआर उप प्रमुख राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि वेदांता हमेशा हमारे परिचालन गांवों से युवा प्रतिभाओं के कौशल विकास को विकसित करने में विश्वास करता है।

# राष्ट्रीय नाई महासभा ने मनायी जननायक की जयंती


कार्यक्रम में नाई महासभा के सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** राष्ट्रीय नाई महासभा गढ़वा के तत्वावाान में जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मनायी गई। कार्यक्रम की शुरूआत जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान जननायक को भारत रत्न मिलने पर मिठाईयां बांटकर खुशी मनायी गयी। साथ ही भारत रत्न देने पर भारत सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर राष्ट्रीय नाई महासभा के जिलायक्ष दशरथ ठाकुर ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर गरीब शोषित पिछड़ों के मसीहा थे। उन्होंने अपने जीवन काल में वंचितों के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए। जिसका लाभ आज सभी लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा बताए हुए मार्ग पर हम सभी को चलना चाहिए। तभी समाज विकसित हो सकता है। महासचिव सतीश ठाकुर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सभी लोग नहीं हो सकते, वे देश के महान विभूति थे।

## पीलिया से मौत

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग निवासी अशोक चंद्रवंशी की मौत पीलिया रोग के कारण हो गयी। जानकारी के अनुसार गत माह पहले से ही अशोक का इलाज चल रहा था। इलाज में काफी खर्च भी हो गया था, जिससे घर में आर्थिक तंगी थी। मृतक की पुत्री की शादी की तैयारी घर में चल रही थी। आर्थिक तंगी के कारण अशोक गांव के मजदूरों के साथ दूसरे राज्य में काम करने गये थे, जहां तबियत खराब होने पर घर वापस आये थे। बुधवार सुबह अचानक तबियत बिगड़ने पर इलाज के लिए गढ़वा ले जाया गया, जहां अशोक की मृत्यु हो गयी।

# डीसी ने गणतंत्र दिवस तैयारी की समीक्षा कर दिये जरूरी दिशा निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों को दिए गए दायित्व का निष्पादन ससमय करने का निर्देश दिया।

उन्होंने बताया कि सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में झंडोत्तोलन सूबे की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी करेंगी। मुख्य समारोह स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा झांकियों के विषय वस्तु पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित विभाग के पदाधिकारियों ने कहा कि ससमय सभी कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में सार्जेंट मेजर ने बताया कि परेड में कुल 12 प्लाटून शामिल होंगे। मुख्य समारोह स्थल पर परेड पुरस्कार/झांकी पुरस्कार/मेधावी छात्रों/ खेल/ सांस्कृतिक/कला/अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मेडल/प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने आमंत्रण पत्र ससमय वितरित करने का निर्देश दिया। बैठक का संचालन प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा कुमार कनिष्क ने किया।



मौके पर डीडीसी कीर्ति श्री जी अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया एसडीओ ओपी गुप्ता सिविल सर्जन डा दिनेश कुमार डीटीओ वंदना शेजवलकर डीपीआरओ राहुल भारती सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एकजुट होकर नेताजी की तरह करें कर्तव्यों का निर्वहन : मनोज ठाकुर

**बोकारो/ चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के प्रबंधन द्वारा तेजस भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित नेताजी के जयंती समारोह में डीवीसी के वरिष्ठ जीएम व प्रोजेक्ट हेड मनोज कुमार ठाकुर रामप्रवेश शाह आदि डीवीसी के अधिकारियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया। मौके पर प्रोजेक्ट हेड श्री ठाकुर ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जिस तरह सामाजिक वातावरण को अपने पक्ष में करते हुए देश को आजादी दिलाई उसी तरह आज हम सभी को एकजुट होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। समारोह में वरिष्ठ जीएम रामप्रवेश शाह जीएम अभिजीत घोष डीजीएम पीसी साहू कुमार मानवेंद्र प्रियदर्शी प्रबंधक रविंद्र कुमार मनोज कुमार झा अरुण कुमार गुप्ता अक्षय कुमार बाबूलाल आदि डीवीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

# 'परीक्षा पे चर्चा' पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में 100 विद्यार्थी हुए शामिल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो के केवी 1 में परीक्षा पे चर्चा विषय पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय था भारत के माननीय प्रधानमंत्री के एग्जाम वारियर्स में दिए गए मंत्र। इसके अलावा चंद्रयान स्पोर्टिंग सक्सेस ऑफ इंडिया विकसित भारत नेताजी सुभाष चंद्र बोस आदि को भी पेंटिंग प्रतियोगिता में स्थान दिया गया था। प्रतियोगिता में जिले के कुल 18 विद्यालयों के 100 छात्रों ने हिस्सा लिया।

विशेषज्ञों की एक टीम ने छात्रों की पेंटिंग का विशिष्टता से परीक्षण किया तथा 100 छात्रों में से 1 से 5 रैंक लाने वालों को पुरस्कृत किया गया। शेष समस्त छात्रों को उनके विद्यालयों में भाग ग्रहण संबंधी प्रमाण पत्र प्रेषित कर दिया गया।

## सीपीआइएम ने कसमार में मनायी नेताजी की जयंती

**बोकारो/कसमार।** सीपीआईएम ने पार्टी कार्यालय कसमार में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जयंती समारोह में पार्टी कार्यकताओं ने उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर उन्हे श्रद्धांजलि दी। मौके पर माकपा लोकल कमेटी सचिव का शुकुर अंसारी ने कहा कि आज जब कि देश में साम्प्रदायिक विचारों को उभार कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास जारी है। देश की सार्वजनिक कंपनियों को बेचा जा रहा हैं। इस समय महान स्वतंत्रता सेनानी के विचारों से ही उपरोक्त नीतियों को परास्त किया जा सकता है। कहा कि सुभाष चन्द्र बोस अंग्रेज और साम्राज्यवादी ताकतों की गुलामी से भारत को२ जल्द आजाद करना चाहते थे। इसलिए आजादी की धीमी गति से चल रही संघर्ष को तेज करने के लिए उन्होंने आजाद हिन्द फौज का गठन किया और उन्होंने नारा दिया तुम मुझे खून दो हम तुम्हें आजादी देंगे। इनके फौज में भारत के युवा भारी संख्या में शामिल होते गये। जयंती समारोह में उमाशंकर महाराज इमामुल हुसैन ऐनुल अंसारी सहबान अंसारी शरीफ अंसारी सरोफ केदार महतो जटाधारी सिंह सगीर अंसारी सलीम अन्सारी मो कयामुद्दीन मकिन अहमद साजिद अली नूर मोहम्मद आदि मौजूद थे।

# दिनेश कॉलेज में मनी नेताजी की जयंती



उपस्थित प्राचार्या व अन्य।

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कलेज ऑफ एजुकेशन में बुावार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्या ड सुनीता गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की। कार्यक्रम में बीएड की छात्रा अंजलि पटेल एवं छात्र प्रदीप कुमार वैद्य ने नेताजी की जीवनी को प्रस्तुत किया। मौके पर प्राचार्या ने कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई में नेताजी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। देश के युवा पीढ़ी को उनके योगदान के बारे में अवश्य अययन करना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाापिति दिनेश प्रसाद सिंह एवं कुलपति प्रो. ड एमके सिंह ने प्रोत्साहन देते हुए बााई दी।

## कर्पूरी ठाकुर की मनी 100वीं जयंती

**केतार।** समाजवादी विचार मंच के तत्वावधान में बुावार को लोहिया समता हाई स्कूल के प्रांगण में जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मनायी गई। इस दौरान इंटक नेता सुशील चौबे, रामविचार साहू, महेंद्र पाल आदि ने कर्पूरी ठाकुर की तस्वीर पर माल्र्यापण तथा दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान कर्पूरी जी को भारत रत्न से सम्मानित करने की केंद्र सरकार के घोषणा को सभी ने सराहा। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कर्पूरी जी समाजवाद के ारोहर और मार्गदर्शक थे। मौके पर शिव कुमार सिंह, प्रखंड अयक्ष संतोष कुमार, राजेश्वर ठाकुर, भाजपा नेता सतेंद्र ठाकुर, गोपाल विश्वकर्मा, नागेंद्र ठाकुर, परशु गुप्ता, राजेश गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

# बच्चों में नेताजी की झलक मिलनी चाहिए : निदेशक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कन्वेंट प्लस टू स्कूल में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर व सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की। मौके पर निदेशक श्री केषरी ने कहा कि आज ही के दिन स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक सुभाष चंद्र बोस का जन्म कटक के प्रसिद्ध वकील जानकी नाथ तथा प्रभावती देवी के यहां हुआ था। बच्चों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की झलक मिलनी चाहिए ताकि बच्चे देश और मानवता की सेवा कर सके। मौके पर शिक्षक खुर्शीद आलम, संजीव कुमार, मुकेश भारती, बीरेन्द्र गुप्ता, नीरा शर्मा, सरिता सुनिता कुमारी, निलम सुषमा, शिवानी कुमारी सुस्मिता कुमारी, रिजवाना शाहिन, संतोष प्रसाद सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।


कार्यक्रम में निदेशक व अन्य।

## पेज एक का शेष

### राज्यकर्मियों को 60...

**अन्य प्रमुख फैसले :** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद बनाये गये हैं, जो अगले तीन वर्षों तक रहेंगे। पीएमजीएसवाई के फेज 1 और 3 के रिवाइज 208 करोड रुपये की योजना की स्वीकृति दी गयी। झारखंड जमाकर्ता हित 2011 को समाप्त किया गया है। बैठक में सात हजार से अधिक उर्दू शिक्षकों के पद सृजन की स्वीकृति दी गयी। विधानसभा नियुक्ति से गड़बड़ी संबंधित जांच रिपोर्ट को आगामी विधानसभा सत्र में रखने की मंजूरी दी गयी। डेमोटांड़ के कृषि विभाग के पूर्व उपनिदेशक सुनील कुमार का निलंबन अवधि के दौरान सेवानिवृत्ति लाभ में 10 महीने की कटौती के प्रस्ताव पर स्वीकृति। ग्रामीण कार्य विभाग रांची के अधीन एमआईएस का एक पद का संविदा के आधार पर सृजित किया है। झारखंड वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में व्यय हुई अतिरिक्त राशि 4.96 करोड़ की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी। आंगनबाड़ी केंद्र में मातृ वंदना के तहत किट के लिए 1500 रुपये मिलेंगे। इससे छह लाख लोगों को लाभ मिलेगा। सीआईडी में केस अनुसंधान के लिए स्पेशल जज की नियुक्ति होगी। वित्त विभाग में चालक और अनुसेवक वर्ग के 6 कर्मचारियों की सेवा नियमितीकरण को मंजूरी दी गयी। वर्ष 2020 में साहस का परिचय देने वाली विनीता उरांव को पांच लाख प्रोत्साहन राशि दिया जायेगा। साथ ही, उन्हें चतुर्थवर्गीय पद पर नियुक्ति देने को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है।

### राज्य हर क्षेत्र में ...

कमजोर से कमजोर परिवार तक फाउंडेशन की सहायता पहुंचाने का कार्य प्रतिबद्धता के साथ किया जायेगा। सीएम ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन संस्थान एक ऐसा नाम है जिसे पूरी दुनिया जानती है। इस संस्थान द्वारा समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक बेहतर शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अजीम प्रेमजी से बातचीत की और उन्हें झारखंड वासियों की तरफ से अभिनदन और जोहार किया। सीएम ने कहा, आपकी टीम के सामाजिक सरोकार एवं सेवा भाव के प्रति मैं अपनी ओर से आपका आभार प्रकट करता हूं। झारखंड आदिवासी, दलित, पिछड़ा बहुल राज्य है। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी ने मुख्यमंत्री से कहा कि फाउंडेशन राज्य सरकार के साथ बेहतर तालमेल बना कर राज्य के विकास में अपना पूरा योगदान देगी। राज्य के सर्वांगीण विकास में संस्थान आपके साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेगी।

### मान और ममता ने ...

देश के दूसरे हिस्से में कैसी राजनीतिक परिस्थिति होगी, वह उसके बारे में बहुत अधिक नहीं सोच रहीं हैं। हालांकि, ममता ने यह जरूर कहा कि वह इंडिया गठबंधन की हिस्सेदार हैं। पंजाब के सीएम मान ने कहा कि उन्होंने कई बार कहा है कि 'पंजाब देश में नायक के रूप में उभरेगा और 2024 के लोकसभा चुनावों में आप सभी 13 सीट जीतेगी। मान ने कहा, 'हम कांग्रेस साथ नहीं जायेंगे।

भाजपा ने साधा आरोप : भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि इंडी गठबंधन का यही रवैया है, वे दिल्ली में आकर एकता का दावा करते हैं, लेकिन राज्य में जाते ही अपना-अपना सुर अलापने लगते हैं। पूनावाला ने कहा कि उनके पास न तो कोई नीति है, न नीयत, न झंडा है, न कोई कार्यक्रम, ऐसे में उनके भीतर सिर्फ और सिर्फ भ्रम की स्थिति है और सभी भ्रष्टाचार के संरक्षक हैं और वे अपने-अपने परिवार के हितों को बचा रहे हैं।

# कर्पूरी ठाकुर स्मारक का किया जायेगा सुंदरीकरण : रंजनी शर्मा

## भवनाथपुर में धूमधाम से मनी कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** राष्ट्रीय नाई महासभा भवनाथपुर ईकाई के तत्वावधान में बुधवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती सह शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। महासभा के प्रखंड अयक्ष भृगुण ठाकुर की अयक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान राष्ट्रीय नाई महासभा की ओर से मिठाई खिलाकर जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने पर बााइयां भी दी गई।



मौके पर श्रीमती शर्मा ने जननायक की जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने जयंती सह शताब्दी समारोह के मौके पर भवनाथपुर स्थित कर्पूरी स्मारक का सुंदरीकरण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 15वें वित मद से इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यथाषीघ्र इसकी सुंदरीकरण कार्य कराया जाएगा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर समाजवाद के धरोहर थे। केंद्र सरकार ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित कर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने निर्भिक होकर गरीबों, पिछड़ों एवं दलितों को उचित हक प्रदान करने का काम कियाा। उन्होंने गरीबों, पिछड़ों एवं दलितों के लिए जो काम कर दिया वह आज तक किसी और ने नहीं किया। 1979 ई में उन्होंने गाांी मैदान में टेंट लगाकर 10 हज़ार लोगों को सरकारी नौकरी बांटी थी। देश मे पहली बार ऊंची जातियों को इडब्लयूएस आरक्षण और पिछड़ी जातियों को ओबीसी आरक्षण तथा सभी वर्ग की महिलाओं को तीन प्रतिषत अलग से आरक्षण दिया था। कर्पूरी ठाकुर ने दलितों में बंटवाने के लिए 400 दो नाली बंदूकें खरीदी थी। ताकि दलित अत्याचारियों से अपनी रक्षा खुद कर सकें। मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश सचिव कुंदन कुमार ठाकुर, प्रो. ड स्कंद भारती, सामाजिक कार्यकर्ता वेद प्रकाश आर्य, ाांजय ठाकुर, सुनील ठाकुर, ष्ण ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, बुान ठाकुर, मनोज चंद्रवंशी, संगीता गुप्ता, रीना देवी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## हाथी प्रभावित गांव रोरिया में वॉच टावर बनाने की मांग

**बोकारो/कसमार।** बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड अंतर्गत भस्की पंचायत के जंगली हाथी प्रभावित रोरिया गांव में ग्रामीणों ने जिला वन अधिकारी से वॉच टावर लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि रोरिया गांव जंगल पहाड़ी के किनारे अवस्थित पिछड़ा गांव है जहां सालों भर जंगली हाथियों का आतंक बना रहता है। हाथी कभी भी जंगल से आकर गांव में उत्पात मचाते हैं। जिससे फसल समेत जान माल की क्षति होती है। हाथी भगाओ वाच टावर होने से हाथियों को भगाने एवं सुरक्षा की व्यवस्था हो सकती है। रथुराम महतो नंदलाल महतो धीरेन्द्र महतो, दुर्गा हांसदा आदि दर्जनों लोगों ने मांग पत्र पर हस्ताक्षर किया है।

स्पीड न्यूज

## राहुल गांधी के खिलाफ जांच सीआइडी करेगी

गुवाहाटी, । असम पुलिस ने राहुल गांधी के खिलाफ बेरिकेडिंग पर पुलिसकर्मियों से झड़प मामले की जांच क्राइम इन्वेस्टीगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) को स्थानांतरित कर दिया है। पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि बसिष्ठ थाना केस संख्या 55/24 के तहत पीडीपीपी अधिनियम के उल्लंघन में 23 जनवरी 2024 की घटना की जांच बुधवार को सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया। राहुल गांधी पर हिंसा, उकसावे और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे हैं।

## परीक्षा पे चर्चा के लिए 2.26 करोड़ पंजीकरण

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम के 7वें संस्करण, परीक्षा पे चर्चा 2024 के लिए माईगॉव पोर्टल पर रिकॉर्ड 2.26 करोड़ पंजीकरण हुआ है। शिक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस वर्ष, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 29 जनवरी को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 3000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया कौशल भवन का उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की एक नई इमारत कौशल भवन का उद्घाटन किया।राष्ट्रपति ने सरकार की विभिन्न पहलों जैसे पीएम विश्वकर्मा, पीएम जनमन, आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प) और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के लाभार्थियों द्वारा स्थापित प्रदर्शनी स्टालों का दौरा किया और उनसे बातचीत की।

## पिट्टी को नहीं डेट कर रहीं हैं कंगना रनौत



मुंबई। ऐसी अफवाहें थीं कि कंगना रनौत बिजनेसमैन निशांत पिट्टी को डेट कर रही हैं। अयोध्या के राम मंदिर में कंगना और निशांत की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं, जिसके बाद ये चचाएं शुरू हो गईं। एक्ट्रेस ने साफ किया कि ये अफवाहें हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह किसी को डेट कर रही हैं, लेकिन वह निशांत नहीं हैं। कंगना ने निशांत पिट्टी के साथ अफेयर होने का दावा करने वाली एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा कि मीडिया से मेरा विनम्र अनुरोध है, कृपया गलत जानकारी न फैलाएं। निशांत जी शादीशुदा हैं और मैं किसी और को डेट कर रही हूं। सही समय आने पर मैं इसके बारे में बताउंगी। किसी महिला के लिए यह सही नहीं है कि उसका नाम हर दिन एक नए पुरुष के साथ जोड़ा जाए, सिर्फ इसलिए कि उसने एक पुरुष के साथ तस्वीर ली थी।

# गोला-बारूद, टॉरपीडो और मिसाइल से लैस पांचवां बार्ज लॉन्च

### नौसेना को बंदरगाहों पर गोला-बारूद चढ़ाने और उतारने में मिलेगी मदद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया गोला-बारूद, टॉरपीडो और मिसाइल से लैस पांचवां बार्ज बुधवार को लॉन्च कर दिया गया। स्वदेशी उपकरणों और प्रणालियों के साथ तैयार किया गया यह बार्ज (छोटा पोत) रक्षा मंत्रालय की मेक इन इंडिया पहल का गौरवशाली युद्ध सहायक पोत है। नौसेना के लिए इस तरह के 11 पोत बनाए जा रहे हैं, जिसमें से तीसरा पोत भारतीय नौसेना को पिछले साल सौंपा गया था। नौसेना के लिए मुंबई के ठाणे में शिपयार्ड सूर्य दिप्ता प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एसपीपीएल) में 11 एसीटीसीएम बार्ज बनाए जा रहे हैं। यह भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर



भारत' पहल के अनुरूप एक एमएसएमई कंपनी है। इस प्रोजेक्ट का तीसरा गोला-बारूद सह टॉरपीडो सह मिसाइल बार्ज (यार्ड 127) पिछले साल 30 नवंबर को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। स्वदेशी निमार्ताओं से हासिल किये गए सभी प्रमुख और सहायक उपकरण, प्रणालियों के साथ यह बार्ज (छोटे पोत) रक्षा मंत्रालय की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत युद्ध सहायक पोत है। डिजाइन चरण के दौरान बार्ज का मॉडल परीक्षण विशाखापत्तनम के नौसेना विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला में किया गया था। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक नौसेना के नियमों और भारतीय शिपिंग रजिस्टर के विनियमन के तहत यह बार्ज स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किए गए हैं। इसी प्रोजेक्ट का 5वां बार्ज 'एम्युनिशन कम टॉरपीडो कम मिसाइल बार्ज (यार्ड 129) मुंबई में लॉन्च किया गया। इस शिपयार्ड ने पहले ही दो बार्ज की सफलतापूर्वक आपूर्ति की है।

## सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का टेस्ट सफल

**नयी दिल्ली।**भारतीय नौसेना ने बुधवार को उन्नत सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के साथ उन्नत सीमा पर एक भूमि लक्ष्य पर सफलतापूर्वक हमला किया। इस परीक्षण का मकसद विस्तारित दूरी की ब्रह्मोस मिसाइल से सटीक प्रहार करके स्वदेशी क्षमता का मूल्यांकन करना था। यह आत्मनिर्भर भारत के लिए एक और शॉट था। इस ब्रह्मोस मिसाइल में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। भारतीय नौसेना ने स्वदेशी बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल के एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण किया है, जो भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस ब्रह्मोस मिसाइल में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। आज किया गया सफल परीक्षण आत्मनिर्भर भारत के लिए एक और शॉट था। नियंत्रण प्रणाली सहित नई अतिरिक्त तकनीकों के साथ किये गए परीक्षण से मिले विस्तृत आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है। उन्नत संस्करण की मिसाइल ने निर्धारित



लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम के तहत किया जा रहा है। इस संयुक्त उद्यम में डीआरडीओ भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है।

# रूसी सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त चालक दल समेत 74 की मौत

▸▸ बेलगोरोद के सीमावर्ती क्षेत्र में हुआ हादसा, 65 यूक्रेन के युद्ध बंदी की गयी जान

एजेंसी

**कीव/ मॉस्को ।** रूस के सैन्य परिवहन विमान इल्यूशिन-76 के यूक्रेन की सीमा से सटे दक्षिणी बेलगोरोद क्षेत्र में बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक दल के छह सदस्यों सहित 74 लोगों की मौत हो गयी। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार एक रूसी सैन्य परिवहन विमान बेलगोरोद के सीमावर्ती क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया , जिसमें 65 यूक्रेन के युद्ध बंदी सवार थे। गार्जियन के पजोट्र सॉयर ने मॉस्को से कहा कि 65 यूक्रेन के युद्धबंदियों को ले जा रहा रूसी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। मंत्रालय ने कहा कि विमान में



65 यूक्रेन के युद्ध बंदी सवार थे, जिनकी अदला-बदली की जानी थी। मंत्रालय ने कहा कि इल्युशिन आईएल-76 परिवहन विमान पर चालक दल के छह सदस्य और तीन अन्य लोग भी सवार थे। बेलगोरोद के क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि जहाज पर सवार सभी 74 लोगों की मौत हो गयी। यूक्रेन ने हालांकि इस दुर्घटना के बारे में कोई बयान नहीं दिया है। यूक्रेन्स्काया प्रावदा अखबार ने सूत्रों का हवाला देते हुये पहले यह कहा था कि यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने विमान को मार गिराया, लेकिन बाद में उसने रिपोर्ट वापस ले ली। सोशल मीडिया पर प्रसारित फुटेज में दिखाई दे रहा है, जब एक बड़ा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसके बाद एक विशाल आग के गोले के साथ ही विस्फोट हुआ। फुटेज में अन्य तस्वीरों में मलबे को बफीर्ले इलाके में बिखरा हुआ दिखाया गया है। सोवियत द्वारा डिजाइन किया गया इल्यूशिन इल-76 एक सैन्य परिवहन विमान है जिसे सैनिकों, कार्गो, सैन्य उपकरणों और हथियारों को लाने ले जाने के लिये उपयोग में लाया जाता है। ड्यूमा के स्पीकर व्याचेस्लाव वोलोडिन ने कहा कि विमान को यूक्रेन ने मार गिराया था और उन्होंने इसके लिये पश्चिमी मिसाइलों को दागने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन ने अपने ही सैनिकों को मारा है। वोलोडिन ने संसद के पूर्ण सत्र के दौरान सांसदों से कहा। हमारे पायलट जो एक मानवीय मिशन को अंजाम दे रहे थे, उनको गोली मार दी गयी।

## बजट पेश होने से पहले हलवा सेरेमनी

**नयी दिल्ली।** रायसीना हिल्स पर नार्थ ब्लाक में स्थित वित्त मंत्रालय में आयोजित हलवा सेरेमनी के साथ ही 2024 के अंतरिम बजट के तैयार करने की कवायद शुरू हो गई है। इसी के साथ एक फरवरी 2024 को बजट पेश किए जाने तक वित्त मंत्रालय के 100 से ज्यादा कर्मचारी वित्त मंत्रालय में बंद हो चुके हैं और बजट पेश होने के बाद ही उन्हें बाहर जाने की इजाजत मिलेगी। यहां तक कि बजट पेश होने तक अपने घर भी नहीं जा सकेंगे। पिछले तीन सालों के बजट के समान इस साल भी अंतरिम बजट 2024 का पेपरलेस रूप में दिया जाएगा। इसे एक फरवरी 2024 को पेश किया जाएगा. वित्त मंत्रालय ने बताया कि सभी बजट डॉक्यूमेंट्स जिसमें एनुअल फाइनेंशियल स्टेटमेंट, डिमांड फॉर ग्रांट्स और फाइनेंस बिल यूनियन बजट मोबाइल एप में उपलब्ध होगा।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची (VERMA PRESS)

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


### एनसीसी और एनएसएस वॉलंटियर्स से मिले प्रधानमंत्री मोदी, कहा

# देश को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेगी भारत की अमृत पीढ़ी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को जेनरेशन जेड को अमृत पीढ़ी की संज्ञा देते हुए कहा कि भारत की अमृत पीढ़ी देश को अमृतकाल में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम आपका गाइडिंग प्रिंसिपल होना चाहिए। जेनरेशन जेड में 1996 से 2010 के बीच पैदा हुए युवा शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने अपने आवास पर गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने वाले राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) वॉलंटियर्स को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने युवाओं को जीवन में अनुशासन का महत्व समझाते हुए उसे मोटिवेशन का मंत्र बनाने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपकी पीढ़ी को आपके शब्दों में जेनरेशन जेड कहा जाता है। लेकिन, मैं आपको अमृत पीढी मानता हूं। आप वो लोग हैं, जिनकी ऊर्जा अमृत काल में देश को गति देगी। जो करना है वो देश के लिए करना है। राष्ट्र प्रथम- आपका गाइडिंग प्रिंसिपल होना चाहिए। अपने जीवन में कभी भी विफलता से परेशान नहीं होना है।



एनसीसी व एनएसएस वॉलंटियर्स से बातचीत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि भारत ने 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है। अगले 25 साल आपके और देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमारा संकल्प है कि आपकी अमृत पीढ़ी का हर सपना पूरा हो। हमारा संकल्प है कि आपकी अमृत पीढ़ी के लिए अवसरों की भरमार हो। हमारा संकल्प है कि आपकी अमृत पीढ़ी के रास्ते की हर बाधा दूर हो। उन्होंने कहा कि आप गणतंत्र दिवस की परेड का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इस बार ये दो वजहों से और विशेष हो गया है। पहला ये कि यह 75वां गणतंत्र दिवस है और दूसरा यह कि पहली बार गणतंत्र दिवस की परेड देश की नारीशक्ति को समर्पित है। मोदी ने कहा कि आज 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' है, आज बेटियों के साहस, जज्बे और उनकी उपलब्धियों का गुणगान करने का दिन है। बेटियों में समाज और देश को बेहतर बनाने की क्षमता होती है। इतिहास के अलग-अलग दौर में भारत की बेटियों ने अपने फौलादी इरादों और समर्पण की भावना से कई बड़े परिवर्तनों की नींव रखी है।

## कोयला गैसीकरण प्रोत्साहन के लिए 8500 करोड़ मंजूर

कैबिनेट का फैसला

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी सार्वजनिक उपक्रमों और निजी क्षेत्र की कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने से जुड़ी योजना को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में तीन श्रेणियों में वित्तीय सहायता देने से जुड़ी परियोजना को मंजूरी दी गई, जिन पर 8500 करोड़ रुपये का परिव्यय होगा। कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी के अनुसार पहली श्रेणी में सरकारी सार्वजनिक उपक्रमों के लिए 4,050 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें 3 परियोजनाओं तक 1,350 करोड़ रुपये या पूंजीगत व्यय का 15 प्रतिशत जो भी कम हो, का एकमुश्त अनुदान प्रदान किया जाएगा। दूसरी श्रेणी में निजी क्षेत्र के साथ-साथ सरकारी सार्वजनिक उपक्रमों के लिए 3,850 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें प्रत्येक परियोजना के लिए 1 हजार करोड़ रुपये या पूंजीगत व्यय का 15 प्रतिशत, जो भी कम हो, का एकमुश्त अनुदान दिया जायेगा। टैरिफ-आधारित बोली प्रक्रिया पर कम से कम एक परियोजना के लिए बोली लगाई जाएगी और इसके मानदंड नीति आयोग के परामर्श से तैयार किए जाएंगे।




Note:- Online classes will be start with effect 02-02-2024







# कर्तव्य पथ पर डीआरडीओ दिखाएगा नारी शक्ति और स्वदेशी हथियार

गणतंत्र दिवस परेड

▸▸ तीनों सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महिला वैज्ञानिकों का अहम योगदान

▸▸ भूमि, वायु, समुद्र, साइबर, अंतरिक्ष और महिला शक्ति पर आधारित है झांकी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) नारी शक्ति और महत्वपूर्ण प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेगा। इस बार डीआरडीओ की झांकी भूमि, वायु, समुद्र, साइबर और अंतरिक्ष जैसे सभी 5 आयामों में रक्षा कवच प्रदान करके राष्ट्र की रक्षा करने में महिला शक्ति पर आधारित है। देश की तीनों सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने में डीआरडीओ की महिला वैज्ञानिकों का भी बहुमूल्य योगदान रहा है। झांकी में रक्षा अनुसंधान एवं विकास में महिलाओं की भागीदारी को प्रमुखता से उजागर किया जाएगा। उत्कृष्ट वैज्ञानिक सुनीता देवी जेना आकस्मिक कमांडर होंगी। झांकी में मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल प्रदर्शित की गई है। इसके अलावा एंटी सैटेलाइट मिसाइल और सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, नौसेना एंटी-शिप मिसाइल शॉर्ट रेंज , एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल 'हेलिना', त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल एस्ट्रा, हल्का




लड़ाकू विमान 'तेजस', 'उत्तम' सक्रिय इलेक्ट्रॉनिक स्कैन्ड ऐरे राडार, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली 'शक्ति', साइबर सुरक्षा प्रणाली, कमांड कंट्रोल सिस्टम और सेमी कंडक्टर फैब्रिकेशन सुविधा का प्रदर्शन किया जाएगा। मिशन शक्ति में इस्तेमाल की गई एंटी-सैटेलाइट मिसाइल देश की एंटी-सैटेलाइट तकनीक और सटीक स्ट्राइक क्षमता का प्रदर्शन करने में बड़ी सफलता थी। भारत ऐसी विशिष्ट और आधुनिक क्षमता हासिल करने वाला चौथा देश है। अग्नि-5 सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है, जो उच्च स्तर की सटीकता के साथ लक्ष्य पर हमला करने में सक्षम है। क्यूआरएसएएम हर मौसम में काम करने वाली वायु-रक्षा प्रणाली है, जो सामरिक युद्ध क्षेत्र में भारतीय सेना के हथियारों की हवाई सुरक्षा करती है। एस्ट्रा, दृश्य सीमा से परे हवा से हवा में मार करने वाली एक अत्याधुनिक मिसाइल है, जो अत्यधिक पैंतरेबाजी वाले सुपरसोनिक हवाई लक्ष्यों को भेदने और नष्ट करने में सक्षम है। नौसेना एंटी-शिप मिसाइल शॉर्ट रेंज की पहली स्वदेशी वायु प्रक्षेपित एंटी-शिप मिसाइल प्रणाली है। बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली एक मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम है, जो कम दूरी पर कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए है। हेलीकॉप्टर से प्रक्षेपित नाग तीसरी पीढ़ी की 'दागो और भूल जाओ' एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल है, जो सीधे हिट मोड के साथ-साथ टॉप अटैक मोड में भी लक्ष्य पर हमला कर सकती है।